CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C

हल्द्वानी, मंगलवार 21 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 2 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

UPES UNIVERSITY OF TOMORROW
India's AI-FIRST University
Transdisciplinary and Experiential Pedagogy
Eminent faculty from IITs, IIMs, and Ivy League
Economists, CEOs, Diplomats, and Thought Leaders in the Classroom
BA (HONS.) ADMISSIONS 2026
BA (Hons.) Diplomacy and Foreign Policy
BA (Hons.) Governance and Public Administration
BA (Hons.) Environmental and Sustainability Studies
Upto 25% FEE WAIVER for Uttarakhand Domicile Students*
Upto 30% SCHOLARSHIP for Girl Students*
SCAN TO APPLY
LAST DATE TO APPLY - APRIL 29, 2026
For more details visit upes.ac.in or call Toll Free 080 68660685 (10 am to 7 pm)
*T&C Apply

# इस्लामाबाद में दूसरे दौर की वार्ता पर सस्पेंस

## ट्रम्प ने पाक आर्मी चीफ से की बात, मुनीर बोले: होर्मुज स्ट्रेट पर नाकाबंदी रही, तो बातचीत मुश्किल

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर से फोन पर बात की। एक पाकिस्तानी सुरक्षा सूत्र के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि वे होर्मुज स्ट्रेट पर लगे ब्लॉकेड को लेकर उठाई गई चिंताओं पर विचार करेंगे। सूत्र के अनुसार, दोनों के बीच इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई।

आसिम मुनीर ने ट्रम्प से कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट पर रोक जारी रही, तो ईरान के साथ बातचीत आगे नहीं बढ़ पाएगी। इसके जवाब में ट्रम्प ने कहा कि वे इस पर सोचेंगे। दरअसल, अमेरिका ने ईरान के पास समुद्र में नाकेबंदी कर रखी है। इससे नाराज होकर ईरान ने शनिवार को होर्मुज को बंद कर दिया था। अमेरिका और ईरान के तनाव बढ़ने की वजह ट्रम्प की ईरान को धमकी और ईरानी जहाज 'टौस्का' को कब्जे में लेना है। इसे लेकर ईरान ने नाराजगी जताई और इसे समुद्री डकैती करार दिया और कहा कि वे जल्द इसका जवाब देंगे। होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच दूसरी दौर की बातचीत होगी या नहीं, इसे लेकर सस्पेंस बना हुआ है। ईरान ने कहा कि अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन है और अमेरिका की धमकी भरी भाषा से हालात और खराब हो रहे हैं। इन परिस्थितियों में बातचीत की उम्मीद बहुत कम है। वहीं अल जजीरा की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि बातचीत एक नहीं बल्कि कई दिनों तक चल सकती है। कोशिश यह है कि एक अस्थायी समझौता यानी एमओयू साइन हो जाए, जिससे युद्धविराम आगे बढ़ सके और करीब 60 दिन का समय मिल जाए, ताकि बड़ा शांति समझौता तैयार किया जा सके। लेकिन यह सब तभी संभव है जब ईरान इसमें हिस्सा ले। ईरान ने इस्लामाबाद में होने वाले शांति वार्ता के दूसरे दौर में शामिल होने से इन्कार कर दिया है। ईरान ने अमेरिका की मांगों और नाकेबंदी को इस फैसले का मुख्य कारण बताया है। ट्रम्प ने फिर कहा है कि ईरान के पास शांति समझौते के लिए यह आखिरी मौका है। उन्होंने कहा कि वह पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की तरह वही गलती नहीं दोहराएंगे। वहीं ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा है कि देश अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध को सम्मान और समझदारी के साथ खत्म करने की कोशिश करेगा। तेहरान में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ईरान मौजूदा हालात को बुद्धिमत्ता और संतुलन के साथ संभाल रहा है।

**■ अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी युद्धविराम के समझौते का उल्लंघन, ऐसे में वार्ता की उम्मीद कम: ईरान**

### अमेरिकी बलों ने ईरानी जहाज किया जब्त


**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक ईरानी मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया, जिससे पश्चिम एशिया में नाजुक दौर से गुजर रही शांति पर और अनिश्चितता व्याप्त हो गई है। ईरान ने पुष्टि की कि अमेरिकी नौसेना ने ओमान की खाड़ी में ईरानी जहाज 'टौस्का' को 'हमला कर जब्त' किया, जिसे उसने युद्धविराम का उल्लंघन बताया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खत्म उल-अंबिया मुख्यालय ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई ईरानी वाणिज्यिक जहाजों पर हमला है और इसे 'सशस्त्र समुद्री डकैती' करार दिया। ईरान की अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, इस घटना के बाद ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर ड्रोन हमले भी किए, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ईरानी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी शर्तें 'अवास्तविक और अनुचित हैं और जब तक नाकेबंदी नहीं हटाई जाती, वार्ता संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका पर शर्तें बदलने का आरोप भी लगाया।

## ईरान को लेकर कुछ खतरनाक सोच रहे राष्ट्रपति ट्रम्प

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर बढ़ते तनाव और बैक चैनल बातचीत की अटकलों के बीच व्हाइट हाउस की एक पोस्ट ने सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी है। अमेरिका की ओर से जारी इस संदेश को महज एक मोटिवेशनल लाइन मानकर नजरअंदाज करना आसान नहीं है, क्योंकि समय और संदर्भ इसे कहीं ज्यादा तेज संकेत बना रहे हैं।

पूरी बात को ऐसे समझिए कि सोमवार को व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि लॉक्ड-इन मोड: एक्टिवेटेड, इट्स मंडे, नो एक्सक्यूज, जस्ट विन। ऐसे तनावपूर्ण समय में व्हाइट हाउस के इस पोस्ट ने एक साथ कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह खड़े हो रहे हैं कि बातचीत की डगर पर ईरान अपना रुख साफ नहीं कर रहा, तो क्या अमेरिका कुछ बड़ा करने जा रहा है? सवाल ये भी पूछे जा रहे हैं कि सोमवार का दिन तेहरान में कुछ बड़ा करने जा रहे हैं ट्रम्प? इतना ही नहीं ये सवाल तो खूब पूछे जा रहे हैं कि बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम है?

**■ व्हाइट हाउस के पोस्ट से बढ़ी चिंता**
**■ लिखा: आज सोमवार है, कोई बहाना नहीं**
**■ बातचीत की मेज पर ईरान को लाने के लिए अब अमेरिका का यह आखिरी अल्टीमेटम**



## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल की जज बदलने की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में सोमवार को हाईकोर्ट अरविंद केजरीवाल की रिक्यूजल याचिका पर अपना फैसला सुनाया। केजरीवाल दिल्ली हाईकोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश हुए। इस दौरान केजरीवाल ने अपना जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की मांग की। सुनवाई को दौरान केजरीवाल ने कहा कि मैडम अगर मेरा जवाब रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया, तो यह न्याय के प्रति लापरवाही होगी। अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा यदि किसी न्यायाधीश का फैसला ऊपरी अदालत द्वारा बदला जाता है, तो किसी भी प्रतिवादी को यह कहने का हक नहीं है कि आमुख जज फैसला करने योग्य नहीं हैं। जज की क्षमताओं पर फैसला इसकी उच्च अदालत करती है न की प्रतिवादी।

### दिल्ली दंगा साजिश केस में उमर खालिद को राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत ने जमानत से इन्कार करने के अपने 5 जनवरी 2026 के फैसले के खिलाफ दायर समीक्षा याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले दिए गए फैसले की समीक्षा के लिए कोई ठोस आधार नहीं पाया गया। उमर खालिद ने इस मामले में जमानत न मिलने के फैसले को चुनौती देते हुए समीक्षा याचिका दायर की थी।

### जापान में 7.5 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान में सोमवार दोपहर 1:23 बजे (भारतीय समयानुसार) 7.5 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तट से करीब 100 किमी दूर समुद्र में 10 किमी गहराई पर था। जापानी मौसम एजेंसी ने इवाते, होक्काइडो और आओमोरी के तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची सुनामी की चेतावनी जारी की है। भूकंप के बाद इवाते पर करीब 3 फीट, मियाको और हाचिनोहे में डेढ़ फीट तक लहरें दर्ज की गईं। इन इलाकों में पानी का स्तर बढ़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर बुलेट ट्रेन सेवाएं रोक दी गई हैं।

### हैदराबाद-हुबली फ्लाइट दो घंटे हवा में चक्कर काटती रही

**बेंगलुरु।** हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई-91 एयरलाइन की एक फ्लाइट रविवार को खराब मौसम के चलते 2 घंटे हवा में ही चक्कर काटती रही। खराब मौसम की वजह से प्लेन में सवार पैसेंजर्स को तेज झटके महसूस हुए, जिससे वे घबरा गए। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पैसेंजर रोते हुए और हाथ जोड़कर प्रार्थना करते दिख रहे हैं।

### सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले के मुख्य साजिशकर्ता को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने साइबर धोखाधड़ी मामले में हासिल किए गए सिम कार्ड खरीदने और बांटने में शामिल मुख्य साजिशकर्ता को गुवाहाटी में गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आरोपी की पहचान उबैद उल्लाह के रूप में की है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन चक्र-5' के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य देश में संगठित साइबर अपराध की कमर तोड़ना है। सीबीआई एक ऐसे मामले की जांच कर रही है जिसमें 'विक्रय केंद्र' (पीओएस) एजेंट शामिल थे, जो गैर-कानूनी तरीके से सिम कार्ड जारी करने का काम कर रहे थे और फर्जी डिजिटल गिरफ्तारी, लोन घोटाले और निवेश धोखाधड़ी जैसे अपराधों में लिप्त साइबर अपराधियों की मदद कर रहे थे। आठ राज्यों में जांच के दौरान लगभग 45 जगहों पर तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप फर्जी या गैर-कानूनी तरीके से हासिल किए गए सिम कार्ड जारी करने में शामिल विक्रय केंद्रों के 10 आरोपी एजेंटों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी गुवाहाटी में गैर-कानूनी तरीके से जारी किए गए सिम कार्डों के एग्रीगेटर (जमा करने वाला) के तौर पर काम करता था।

# जम्मू के उधमपुर में सड़क हादसा, 21 यात्रियों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस कगोत के पास सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ।

बस में 50 यात्री सवार थे, जिनमें से ज्यादातर लोग रामनगर से उधमपुर में अपने रोजाना के काम पर जा रहे थे। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बाकी 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों के मुताबिक बस ओवरलोड थी, रफ्तार भी तेज थी। कगोत नाले के पास अचानक बस का टायर फट गया। इससे ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस सड़क से नीचे गिर गई। केंद्रीय मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज जीएमसी ऊधमपुर में किया जा रहा है। इधर, पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले लोगों के लिए संवेदना जताई और मृतकों के परिवार को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार के मुआवजे का ऐलान किया है।



**■ यात्री बोले- तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका, 100 मीटर नीचे गिरी**

### महाराष्ट्र का अकोला सबसे ज्यादा गर्म, 45 डिग्री टेम्परेचर

**नई दिल्ली।** राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, विदर्भ में लगातार चौथे दिन लू का कहर देखने को मिला है। राजस्थान के कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। सड़कों को ठंडा करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव करवाया। महाराष्ट्र के अकोला और वर्धा में तापमान सबसे ज्यादा 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ये दोनों शहर रविवार को देश के सबसे गर्म शहर रहे। बिहार के बक्सर में सोमवार को गर्मी के कारण 10 स्टूडेंट स्कूल में बेहोश हो गए। बक्सर मे पारा 42 डिग्री पर पहुंच गया है। जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बर्फबारी से मुगल रोड, श्रीनगर-कारगिल रोड और बांदीपोरा-गुरेज रोड समेत कई सड़कें बंद हैं।

## NCLT समाधान योजनाओं की मंजूरी में देरी, सुप्रीम कोर्ट चिंतित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कोर्ट ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की प्रधान पीठ और अन्य पीठों द्वारा समाधान योजनाओं को मंजूरी देने में हो रही अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की है और इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

शीर्ष अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं। अदालत दिवाला की कार्यवाही से जुड़े एक विवाद की सुनवाई कर रहा है, जिसमें आईआईएफएल के 85 करोड़ रुपये के दावे को शुरू में 2020 में पेशेवरों ने खारिज कर दिया था। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने इसे बाद में मंजूर कर लिया और 2023 में राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने इसे सही ठहराया, जिसके बाद शीर्ष अदालत में अपील की गई। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की पीठ एक ऐसे मामले की सुनवाई कर रही है, जिसमें एक योजना लगभग दो सालों से लंबित पड़ी थी। अदालत ने एनसीएलटी की प्रधान पीठ नई दिल्ली और आईबीबीआई दोनों को निर्देश दिया कि वे मंजूरी के लिए लंबित आवेदनों और देरी के कारणों पर पूरे देश का विस्तृत डेटा उपलब्ध कराएं।

### नेशनल हेराल्ड केस दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट ने 16 दिसम्बर 2025 को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया था। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने 22 दिसम्बर को सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य ने साजिश के तहत करीब 2000 करोड़ रुपये की संपत्तियों पर कब्जा किया। इसके लिए यंग इंडियन कंपनी का इस्तेमाल किया गया, जिसमें गांधी परिवार की 76 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# होर्मुज में फंसे भारतीय नाविकों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा आपूर्ति, समुद्री सुरक्षा और भारतीय नागरिकों की मदद को लेकर स्थिति स्पष्ट की है।

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू गैस, बंदरगाह संचालन और आवश्यक सेवाएं सामान्य रूप से जारी हैं, जबकि विदेश मंत्रालय लगातार भारतीय नागरिकों और नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जुटा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर खाड़ी देशों के साथ भारत की सक्रिय बातचीत जारी है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 19 अप्रैल को सऊदी अरब का आधिकारिक दौरा किया, जहां उन्होंने ऊर्जा मंत्री, विदेश मंत्री और अपने समकक्ष अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय स्थिति और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई। जायसवाल ने कहा कि भारत ईरान और अन्य देशों के संपर्क में है ताकि होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि शनिवार को हुई फायरिंग की घटना की जानकारी मिलते ही भारत ने इस मामले को गंभीरता से उठाया। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष ने ईरान के राजदूत को तलब किया और विदेश सचिव स्तर पर बैठक कर गहरी चिंता जताई। भारत ने साफ कहा कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और समुद्री मार्गों पर बिना किसी बाधा के आवाजाही होनी चाहिए। जायसवाल के मुताबिक, ईरानी राजदूत ने आश्वासन दिया कि भारत की चिंताओं को तेहरान स्थित संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संपर्क लगातार जारी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम महाजन ने बताया कि क्षेत्र में भारतीय दूतावास और बंदरगाह 24 घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं। उड़ानों, यात्रा व्यवस्था, वाणिज्य दूतावास सेवाओं और भारतीय समुदाय के कल्याण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। गल्फ एयर ने बहरीन और भारत के बीच सीमित उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की है। अब तक 2,423 भारतीय नागरिक ईरान और अजरबैजान से बाहर निकाले जा चुके हैं। साथ ही जॉर्डन और मिस्र से भारतीय नागरिकों की भारत वापसी भी सुगम बनाई जा रही है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी गैस खत्म होने जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक एलपीजी आपूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन अब उसे 70 प्रतिशत तक बहाल कर दिया गया है। प्राकृतिक गैस की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें घरेलू जरूरतों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने बताया कि जिन राज्यों ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार में सहयोग दिया है, उन्हें 10 प्रतिशत अतिरिक्त कमर्शियल एलपीजी दी जा रही है। वर्तमान में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अतिरिक्त एलपीजी उपलब्ध कराई जा रही है।



**■ ईरान से हो रही लगातार बातचीत, होर्मुज से भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही पर जोर: जायसवाल**

## आजम खां और बेटे अब्दुल्ला की 7-7 साल की सजा बरकरार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ फर्जी पैन कार्ड मामले में सेशन कोर्ट का फैसला**
**■ बेटे को चुनाव लड़ाने के लिए बढ़ाई थी उम्र**

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा को बरकरार रखा है। रामपुर कोर्ट ने पैन कार्ड फ्रॉड से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला सुनाया था।

इससे पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने भी दोनों को सात साल की सजा दी थी। इसके खिलाफ आजम खां और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी। मामला 2019 का है, जब भाजपा नेता और रामपुर नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कोतवाली सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवम्बर 2025 को दोनों को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। इस सजा के बाद से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम जिला जेल में बंद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'स्मार्ट सिटी' बस विस्तार के विरोध में हड़ताल

**श्रीनगर।** 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं के जिला मार्गों तक विस्तार के प्रस्ताव के विरोध में परिवहन चालकों की हड़ताल के कारण सोमवार को श्रीनगर सहित कश्मीर के कई हिस्सों में जनजीवन और यातायात आंशिक रूप से प्रभावित रहा। हड़ताल के चलते सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम यातायात देखने को मिला। श्रीनगर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही न्यूनतम रही, क्योंकि परिवहन चालकों ने 'चक्का जाम' के आह्वान पर अपने वाहन नहीं चलाए। इसका सबसे ज्यादा असर आम यात्रियों और छात्रों पर पड़ा। कई लोग अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके, जबकि कश्मीर विश्वविद्यालय में परीक्षा देने जा रहे अभ्यर्थियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाद में प्रभावित छात्रों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई। हड़ताल का आह्वान परिवहन चालकों ने सरकार की उस योजना के विरोध में किया, जिसके तहत 'स्मार्ट सिटी' बस सेवाओं को शहर से बाहर जिला मार्गों तक विस्तारित करने की तैयारी है।

### आजमगढ़ में सात करोड़ के नशीले पदार्थ किए गए स्वाहा

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में नशा तस्करों के मंसूबों को राख में मिलाते हुए पुलिस प्रशासन ने ऑपरेशन दहन' के अंतर्गत भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों का विनष्टीकरण किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए करोड़ों रुपये की नशीली खेप को भट्टी में झोंककर नष्ट कर दिया। जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में आज आजमगढ़ पुलिस द्वारा यह कार्रवाई कराई गई।

# महिला आरक्षण पर उप्र में छिड़ा सियासी घमासान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को देर रात मंजूरी दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार रात कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है।

विपक्ष जहां विधेयक की खामियों को गिनाकर अपने विरोध को सही ठहरा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर है और इसे चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इस मामले में विपक्ष पर तीखा हमला बोल चुके हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के रवैए की तुलना 'द्रौपदी चीरहरण' से करते हुए इसे महिला सम्मान और लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया था। सरकारी सूत्रों के अनुसार 30 अप्रैल को होने वाले इस विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और विपक्ष के रुख को लेकर उसे घेरने की रणनीति अपनाएगी। सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देना जरूरी होता है, इसलिए प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दी गई। अब इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। वहीं, विपक्ष इस विधेयक को अधूरा और खामियों से भरा बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है। ऐसे में 30 अप्रैल को होने वाला यह विशेष सत्र सिर्फ विधाई कार्यवाही तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच सीधी राजनीतिक टकराहट का मंच भी बनेगा, जहां दोनों पक्ष महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता के सामने अपनी-अपनी रणनीति और संदेश रखने की कोशिश करेंगे।

### महिला आरक्षण पर अजय राय ने केंद्र सरकार को घेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर विरोधाभासी बयान दे रहे हैं और देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस में अजय राय ने कहा कि वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्ष को बधाई दी गई थी, जबकि हाल ही में दिए गए संबोधन में कांग्रेस को ही इसके पारित न होने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री का 'दोहरे मापदंड' वाला रवैया बताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन से जोड़कर इसके लागू होने में जानबूझकर देरी की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही इस विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग करती रही है और अपने 'न्याय पत्र' में भी इसका उल्लेख किया था कि सरकार बनने पर इसे तुरंत लागू किया जाएगा।

# मोदी सरकार की विदेश नीति पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ शांति वार्ता में पाकिस्तान की मेजबानी पर भारतीय कूटनीति में बदलाव जरूरी: जयराम

कांग्रेस ने सरकार पर पाकिस्तान को उसकी नीतियों के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर 'दलाल' बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को एक बयान में इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका बताया और कहा कि अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है। उन्होंने विदेश मंत्री पर भी निशाना साधा और कहा कि बहुत जानकार और हमेशा सलीके से पेश आने वाले विदेश मंत्री ने जिस देश को 'दलाल' बताया था, वही आज अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के दूसरे दौर की मेजबानी कर रहा है। बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके और 1.43 अरब डॉलर के यूरोबॉन्ड की एक किश्त का भुगतान कर सके। रमेश ने कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने ओसामा बिन लादेन जैसे सभी आतंकवादियों को शरण दी, अफगानिस्तान में ड्रग पुनर्वास केंद्रों पर बमबारी की और हाल में पहलगाम आतंकवादी हमले की साजिश रची। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है, जबकि नवम्बर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय भारत ने पाकिस्तान पर प्रभावी दबाव बनाया था।

# होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर युवा वकील ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई

दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रशिक्षु के तौर पर कार्यरत 26 साल के एक वकील ने कथित तौर पर कनॉट प्लेस स्थित 'द रॉयल प्लाज़ा' होटल की 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि इस घटना की जानकारी शनिवार रात करीब 9:15 बजे कनॉट प्लेस थाने को मिली। इसके बाद थाना प्रभारी (एसएचओ) के नेतृत्व में पुलिस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं। मृतक की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी राजेश सिंह के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि उन्होंने शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे होटल में चेक-इन किया था। जांच के दौरान यह पाया गया कि सिंह ने कथित तौर पर होटल की 15वीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। उन्हें तुरंत लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अपराध शाखा की टीम और फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) के अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और सबूत जुटाए। जांच के हिस्से के तौर पर होटल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिवार वालों के बयानों के आधार पर, इस घटना में किसी भी तरह की साजिश या गड़बड़ी की आशंका नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे

# गेहूं खरीद में उप्र के किसानों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए उप्र सरकार का अहम फैसला, गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए योगी ने सतर्कता और तैयारी का दिया संदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गेहूं खरीद को लेकर अहम फैसला लिया है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्री के भी अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे।

सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार ने यह निर्णय किसानों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया है। हाल के दिनों में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता के कारण कई किसानों को गेहूं बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में ढील देने के निर्देश दिए। नई व्यवस्था के तहत किसान पूर्व के वर्षों की तरह सीधे क्रय केंद्रों पर जाकर अपना गेहूं बेच सकेंगे। इससे विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस फैसले को तुरंत लागू किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को गेहूं बिक्री में परेशानी न हो। सरकार के इस कदम को किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है, जिससे गेहूं खरीद प्रक्रिया में तेजी आने के साथ ही किसानों को समय पर भुगतान मिलने का रास्ता भी आसान होगा। वहीं भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के नाम एक भावनात्मक और जागरूकता से भरपूर संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने जहां मौसम के बदलते चक्र और उसके प्रभावों पर चिंता जताई, वहीं सरकार की तैयारियों और नागरिकों के लिए जरूरी सावधानियों का भी विस्तार से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे मौसम का एक निश्चित चक्र होता है, वैसे ही फसलों का भी चक्र चलता है।

### बंगाल में योगी का टीएमसी पर तीखा प्रहार

**मेदिनीपुर।** पश्चिम बंगाल में चुनावी सरगर्मी के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिगला विधानसभा क्षेत्र में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नौजवान परेशान, किसान हताश और उद्योग-धंधे चौपट हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। भाजपा प्रत्याशी स्वागता मन्ना और सुवेंदु सामंत के समर्थन में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में सैंड, कोल, लैंड और कैटल माफिया सक्रिय हैं, जो राज्य के संसाधनों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें 'जय श्रीराम' के नारे से चिढ़ है और धार्मिक आयोजनों में बाधाएं उत्पन्न की जाती हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वहां भी कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब थी, लेकिन अब 'नो कर्फ्यू-नो दंगा' का माहौल है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 78520.30
निफ्टी 24364.85



सोना 152998
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# बैंकिंग शेयरों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक मामूली बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 26.76 अंक (0.03 प्रतिशत) चढ़कर 78,520.30 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 11.30 अंक यानी 0.05 प्रतिशत ऊपर 24,364.85 अंक पर पहुंच गया। बाजार में आज काफी उतार चढ़ाव देखा गया। विशेषकर शुरुआती कारोबार में बढ़त में खुलने के बाद प्रमुख सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस के स्तर के मुकाबले ऊपर-नीचे होते रहे। कोराबार की समाप्ति से पहले भी कुछ देर के लिए सेंसेक्स लाल निशान में गया था, लेकिन अंत में ऊपर बंद हुआ। बीच कारोबार में यह ऊपर 78,942.45 अंक तक और नीचे 78,203.30 अंक तक गया। प्रमुख सूचकांकों के विपरीत वृहत बाजारों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.19 फीसदी और स्मॉलकैप- 100 सूचकांक 0.45 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। सार्वजनिक बैंकों, मीडिया, ऑटो, तेल एवं गैस और वित्तीय समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। आईटी, धातु, निजी बैंकों, एफएमसीजी, रसायन, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक लाल निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट का शेयर सवा तीन प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक में ढाई फीसदी, एशियन पेंट्स में दो फीसदी और एनटीपीसी तथा बजाज फाइनेंस में एक फीसदी से अधिक की तेजी रही।

इंडिगो, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड के शेयर भी हरे निशान में रहे।एलएंडटी और बीईएल में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, सनफार्मा और टाइटन के शेयर भी टूट गए।

# कानुपर में हुई 'सूर्य रथ' की शुरुआत हर घर सोलर का अभियान तेज

**कानपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश में पहली बार कानपुर नगर से आज 'पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' के अंतर्गत सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन यूपी नेडा के सहयोग से नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देना तथा आम नागरिकों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करना है।

कार्यक्रम में नीलिमा कटियार, विधायक, कल्याणपुर तथा दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर राकेश पाण्डेय, परियोजना अधिकारी, यूपी नेडा द्वारा सिटी एक्सीलरेटर प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि यह पहल शहरी क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने, नागरिकों को योजना से जोड़ने तथा उनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी लाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई है। श्रीमती कटियार ने अपने संबोधन में कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन एवं सोलर पैनल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को सतत, सुरक्षित एवं किफायती बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'सोलर रथ' रहा, जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को योजना के प्रति जागरूक करेगा तथा उन्हें रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# उधमपुर बस हादसे पर प्रियंका गांधी ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया साइट पर सोमवार को जारी अपने संदेश में उन्होंने लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में यात्री बस के गहरी खाई में गिरने की वजह से 21 लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के रामनगर क्षेत्र के खगोते के पास एक यात्री बस हादसे का शिकार हो गई है, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक करीब छह लोग घायल हुए हैं। कुछ की हालत गंभीर है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया है।

# संस्कृत राष्ट्र की आत्मा: मोहन भागवत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ लोगों से की सीखने की अपील

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए लोगों से इसे सीखने अपील की है। भागवत ने दिल्ली में दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित संस्कृत भारती के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सोमवार को कहा कि संस्कृत भारती एक ऐसी संस्था है जो संस्कृत को एक जीवंत और व्यापक रूप से प्रयुक्त भाषा के रूप में बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। संस्कृत भाषा के पुनरुत्थान और वैश्विक प्रसार में अग्रणी संस्था संस्कृत भारती का नवनिर्मित केंद्रीय कार्यालय भवन 'प्रणव' नौ मंजिला है और यह अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। श्री भागवत ने कहा कि अक्षयं तृतीया के दिन जो कार्य प्रारंभ होते हैं, वह अक्षुण्ण रहते हैं। यही बात संस्कृत के बारे में कहा गया है। कभी न क्षय होने वाला आभूषण संस्कृत है। उसका कार्यालय अपने आप में यह संदेश दे रहा है। कार्यालय के उद्घाटन में उसके आनंद उत्साह में कार्य का भाव भी स्थिर होना चाहिए। रुचि के साथ प्रयोजन भी हो, तो कार्य अच्छा और निरंतर होता है। साधन नहीं अवस्था में कार्य आरम्भ होता है। उन्होंने कहा, ष्संस्कृत एक भाषा है। फिर भी यह मात्र एक भाषा नहीं है। भारत में संस्कृत राष्ट्र की आत्मा है, क्योंकि यह विचार, जीवन और संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपरा है। एक ऐसी परंपरा जो आज भी जीवंत है, जो भारत में विद्यमान है। उन्होंने भारत के दार्शनिक विचार को और विस्तार से समझाते हुए कहा कि भारत का अस्तित्व मात्र एक भौगोलिक तथ्य नहीं है। यह महज एक राजनीतिक या आर्थिक इकाई नहीं है। भारत एक जीवंत परंपरा है, वह आधारशिला जिस पर जीवन की निरंतरता टिकी हुई है।ष संघ प्रमुख ने संस्कृत भाषा के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि बचपन में जब स्कूल में संस्कृत पढ़ाई जाती थी, तो यह कठिन लगती थी। पाठ्यक्रम में श्लोकों को याद करना अनिवार्य था, जिससे यह धारणा बनी कि संस्कृत एक कठिन भाषा है। फिर भी जब मैंने उन्हीं श्लोकों को घर पर स्वाभाविक रूप से बोलते हुए सुना, तो वे मुझे कभी भी कठिन नहीं लगे। उन्होंने कहा यह समस्या आज भी बनी हुई है। छात्र संस्कृत को एक कठिन भाषा मानते हैं, लेकिन सवाल यह है कि यह इतनी कठिन क्यों लगती है? वास्तव में, किसी भाषा को सीखने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से नहीं, बल्कि बातचीत के माध्यम से है। उन्होंने कहा कि किसी भी भाषा को सीखने का सबसे आसान तरीका उसमें पूरी तरह डूब जाना और नियमित रूप से उसका उपयोग करना है। उन्होंने कहा जब भी मैं भारत भर में यात्रा करता हूं, भले ही मुझे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की विशिष्ट शब्दावली का ज्ञान न हो, फिर भी मैं भाव और अर्थ को समझ पाता हूं। निरंतर सुनने और बोलने से भाषा सहजतापूर्वक और बिना किसी प्रयास के सीखी जा सकती है। इसलिए भाषा सीखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप उस भाषा को बोलने वाले लोगों के बीच रहें, उन्हें सुनें और लगातार उस भाषा को बोलें। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में संस्कृत के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तनकारी बदलाव साफ रूप से दिखाई दे रहा है। बदलती परिस्थितियां लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

# मणिपुर में पारदर्शिता के साथ जरूरी कदम उठाए सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मणिपुर में पिछले तीन वर्षों से जारी हिंसा और अशांति को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुप्पी साध रखी है, जबकि राज्य में लगातार हिंसा की घटनाएं हो रही हैं और कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

कांग्रेस सांसद बिमोल अकोइजाम ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में मोदी पर मणिपुर हिंसा को लेकर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले तीन वर्षों से मणिपुर 'जल रहा है' लेकिन मोदी ने अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया और न ही राज्य का दौरा किया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी की यह चुप्पी और उदासीन रवैया राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति उनकी असंवेदनशीलता को दर्शाता है। उंन्होने कहा कि हाल के दिनों में भी राज्य में लगातार हिसक और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं, जो यह दर्शाती हैं कि स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से तत्काल हस्तक्षेप कर हालात को नियंत्रित करने और राज्य में शांति बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य में जारी हिंसा और अस्थिरता से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बिमोल अकोइजाम ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस समिति ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस संबंध में प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी ने हालिया घटनाओं, विशेषकर दो बच्चों की हत्या के मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के साथ ही आयोग अधिनियम, 1952 के तहत न्यायिक जांच आयोग गठित कर वहां हो रही घटनाओं को लेकर पूरे मामले की जांच कराने की भी मांग की है।

# साहसिक खेलों व पर्यटन को मिली नई पहचान: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**टिहरी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को गढ़वाल विश्व. विद्यालय, चौरास परिसर, टिहरी में भारतीय सेना और उत्तराखंड पर्यटन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सूर्य देवभूमि चौलेंज के समापन समारोह में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सूर्य देवभूमि चैलेंज में भारतीय सेना के 100 जांबाज जवानों के साथ देशभर से आए लगभग 200 साहसिक ट्रैकर्स ने प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा हाई एल्टीट्यूड मैराथन में भाग लेने वाले लोगों ने केदार-बद्री ट्रेल में हेलंग से कलगोट, कलगोट से मंडल होते हुए उखीमठ तक 113 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण यात्रा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपने साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभागियों ने साहसिक प्रतियोगिता के साथ बद्रीनाथ, केदारनाथ धाम सहित पंच केदार को जोड़ने वाले ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मार्ग की भी यात्रा की है। उन्होंने कहा कि



■ सूर्य देवभूमि चौलेंज 2.0 समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

सेना, देश की सीमाओं की रक्षा के साथ समाज और युवाओं को प्रेरित करने वाले ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं के भीतर अनुशासन, साहस, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा उन्हें पूर्ण विश्वास है कि ये आयोजन समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में सहायक सिद्ध होने के साथ सीमांत क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का युवा आत्मविश्वास से परिपूर्ण है, सीमांत क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और साहसिक खेलों तथा पर्यटन के क्षेत्र में हमारा देश वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान स्थापित कर रहा है।मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों और विजेताओं का आभार व्यक्त किया कर, सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक विनोद कण्डारी, मध्यकमान के जीओसी - इन - सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, ओलम्पिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंद्र सिंह बेनिवाल, स्थानीय , भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, ब्लाक प्रमुख देवप्रयाग विना. द बिष्ट, कीर्तिनगर अंचला खण्डेवाल, जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी श्वेता चौबे, कुलपति प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

**राज्य में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही सरकार:** मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत हमारे सीमावर्ती गांवों के विकास और सशक्तिकरण की दिशा में भी अभूतपर्व कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष अपने हर्षिल-मुखबा में शीतकालीन प्रवास के दौरान कई साहसिक खेलों को बढ़ावा दिया था। राज्य सरकार, राज्य में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। राज्य में एंगलिंग, राफ्टिंग, कयाकिंग, ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग, साइक्लिंग और माउंटेनियरिंग जैसी गति. विधियों को योजनाबद्ध तरीके से बढ़ावा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा औली की बर्फीली ढलानों से लेकर ऋषिकेश में तेज गति से बहने वाली गंगा नदी की धारा तक, मुनस्यारी की ऊँचाइयों से लेकर टिहरी झील के विशाल विस्तार तक उत्तराखण्ड का प्रत्येक क्षेत्र साहसिक पर्यटन का एक सशक्त और जीवंत केंद्र बनकर उभर रहा है।

### 113 किलोमीटर लंबी कठिन प्रतियोगिता में देशभर से 300 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

इस अवसर पर मेजर पुष्पेंद्र सिंह गढ़वाल स्काउट ने बताया कि यह



प्रतियोगिता सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना व पारम्परिक यात्रा मार्गो को पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया। जिसके तहत 113 किलोमीटर लंबी इस कठिन प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को दुर्गम पहाड़ी मार्गों से गुजरते हुए विभिन्न चरणों में अपनी शारीरिक क्षमता, धैर्य और कौशल का प्रदर्शन करना पड़ा। कार्यक्रम की शुरुआत 16 अप्रैल को बद्रीनाथ में आयोजित एक्सपो के साथ हुई। इसके बाद 17 अप्रैल को हेलंग से कलगोट, 18 अप्रैल को कलगोट से मंडल और 19 अप्रैल को मंडल से उखीमठ तक मैराथन चरण आयोजित किए गए।

## 'यार्न्स ऑफ योर' पहल के तहत बुनकरशालाओं का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** उत्तराखंड की देवभूमि के सीमावर्ती गांवों में अब बुनकरों के हुनर को नई पहचान मिलने जा रही है। भारतीय सेना की सूर्य कमान द्वारा शुरू की गई महत्त्वाकांक्षी योजना यार्न्स ऑफ योर के अंतर्गत नवनिर्मित बुनक. रशालाओं का उद्घाटन रुचिरा सेनगुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्षा सूर्या कमान ने किया। यह पहल न केवल स्थानीय कला को संरक्षित करने का प्रयास है, बल्कि सीमांत क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

भारतीय सेना ने सीमावर्ती गांवों के पारंपरिक बुनकरों के प्राचीन कौशल को आधुनिक दौर के डिजाइन और तकनीक से जोड़ने का बीड़ा उठाया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। सेना का लक्ष्य है कि यहाँ की हस्तकला पहले भारत और फिर वैश्विक स्तर पर अपनी चमक बिखेरे। इस मुहिम की शुरुआत सूर्य कमान द्वारा भारत के प्रथम गाँव माणा और नीति जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को जोड़कर की गई

■ भारतीय सेना की सीमावर्ती गांवों में स्वरोजगार की नई किरण

थी। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अब न्यू चमेली और रोली ग्वाड़ गांवों में भी बुनकरशालाओं का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय महिलाओं को बुनाई और कढ़ाई के लिए एक सुरक्षित, एकांत और आधुनिक वातावरण प्राप्त होगा।

इसी के साथ मुख्य अतिथि महोदया ने यार्न्स ऑफ योर की कमर्शियल वेबसाइट को भी प्रारंभ किया। इससे उत्तराखंड क्षेत्र बल्कि पूरे देश एवं विश्व भर में भी यार्न्स ऑफ योर की बुनकरशालाओं मे बने हस्त शिल्प उत्पाद को सही ग्राहकों तक पहुंचाया जा सकेगा। इस परियोजना की सफलता और अन्य सहयोगी संस्थाओं का विशेष योगदान रहा है। मुख्य अतिथि ने इसे सेना और जनता के बीच साझेदारी की एक मिसाल बताया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# भाजपा महिला मोर्चा, महाआक्रोश अभियान से खोलेगी कांग्रेस की पोल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा महिला मोर्चा, मातृ शक्ति के साथ मिलकर विपक्ष द्वारा संसद में किए नारी अपमान की पोल खोलने जा रही है। जिले एवं मंडल स्तर तक आयोजित इस महाआक्रोश अभियान में जन आक्रोश सम्मेलन, पदयात्रा एवं पत्रकार वार्ता के माध्यम से जनप्रति. रोध दर्शाया जाएगा।

पार्टी की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों के नकारात्मक और गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा प्रहार किया है। इसी के विरोध में उत्तराखंड राज्य में व्यापक स्तर पर महिला जन आक्रोश कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह ऐतिहासिक



■ महिला विरोधियों को जन अदालत में घसीटेगी भाजपा: रुचि भट्ट

अधिनियम महिलाओं के राजनी. तिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विपक्ष ने अपनी संकीर्ण राजनीति के कारण इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई है, जिससे देशभर की महिलाओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस अभियान के अंतर्गत 20 से 23 अप्रैल तक प्रदेशभर में महिला जन आक्रोश पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें हजारों महिलाएं भाग लेंगी और कांग्रेस के महिला-विरोधी रवैये के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगी। इसके साथ ही 22 से 30 अप्रैल तक जिला एवं मंडल स्तर पर महिला जन आक्रोश सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए विपक्ष के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। 19 से 25 अप्रैल के बीच प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रेस वार्ताओं का आयोजन कर कांग्रेस के नकारात्मक दृष्टिकोण को तथ्यों सहित उजागर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और महिला छात्रावासों में व्यापक जनसंपर्क कर युवतियों को इस विषय के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा सोशल मीडिया के माध्यम से 10 दिनों तक अभियान चलेगा।

## यात्रा पर आई इंदौर की महिला श्रद्धालु की मौत

**बड़कोट।** उत्तरकाशी के बड़कोट में यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आई महिला श्रद्धालु की देर रात जानकीचट्टी के पास मौत हो गई। यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान यह दूसरी मौत हुई है। जानकीचट्टी स्वास्थ्य केंद्र डाक्टर हरदेव सिंह पंवार के अनुसार, देर रात इंदौर मध्यप्रदेश की 40 वर्षीय प्रतिभा मिश्रा को अचेतन अवस्था में अस्पताल लाया गया था, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस को सूचना देकर अगली कार्रवाई की जा रही है।

इससे पहले, जानकीचट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को करीब पौने चार बजे एक नेपाली मजदूर द्वारा एक व्यक्ति को मृत अवस्था में जानकीचट्टी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। चिकिसकों ने उसकी सूचना पुलिस को दी और शव को पुलिस से सुपुर्द किया गया। मृतक व्यक्ति की पहचान उदय गजानन तांबे (65) निवासी नासिक, महाराष्ट्र के रूप में हुई है।

# 51 क्विंटल फूलों से सजा बाबा केदार धाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भगवान केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलने में अब मात्र दो दिन शेष रह गए हैं। जैसे-जैसे तिथि नजदीक आ रही है, केदारनगरी में श्रद्धालुओं की आवा. जाही और प्रशासनिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्रों में उत्साह, आस्था और तैयारियों का माहौल साफ नजर आ रहा है।

धाम को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए मंदिर को 51 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से सजाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। ताजे फूलों से मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है, जिससे पूरी केदारपुरी भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठी है।

बाबा केदार की पवित्र डोली आज द्वितीय रात्रि प्रवास के लिए गौरीकुंड पहुंचेगी। इसके बाद मंगलवार को डोली केदारनाथ धाम पहुंचेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 22 अप्रैल प्रात:



■ केदार धाम में बढ़ी चहल-पहल, भव्य सजावट में जुटा प्रशासन ■ 22 अप्रैल को खुलेंगे केदारनाथ धाम के कपाट

आठ बजे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। बीकेटीसी सदस्य विनीत पोस्ती के अनुसार कपाट उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर को भव्य सजावट के साथ सजाया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को दिव्य और भव्य दर्शन का अनुभव मिल सके। केदारनाथ धाम में लगातार बढ़ती चहल-पहल यह दर्शाती है कि आगामी चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है और बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है।

## बदरीनाथ धाम की यात्रा को लेकर पुलिस मुस्तैद

बदरीनाथ धाम मंदिर के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। ऐसे में यात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चमोली पुलिस अलर्ट मोड पर है। यात्रा के सुचारू व सुरक्षित संचालन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। धाम क्षेत्र में संभावित भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए बहु-स्तरीय सुरक्षा प्लान लागू किया गया है। सभी प्रवेश मार्गों, प्रमुख स्थलों व संवेदनशील क्षेत्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियमित चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। सबसे अहम, आतंकवादी निरोध दस्ता (एटीएस) ने मोर्चा संभाल लिया है। एटीएस की तैनाती के साथ ही सुरक्षा कड़ी हो गई है।

# आईआईटी रुड़की व उत्तराखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के बीच एमओयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने उत्तराखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान एवं जियोस्पेशियल अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अकादमिक, वैज्ञानिक और अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करना है।

यह समझौता प्रो. कमल किशोर पंत, निदेशक, आईआईटी रुड़की, तथा प्रो. दुर्गेश पंत, निद. ेशक, यूएसएसी द्वारा आईआईटी रुड़की परिसर में हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर सेंटर फॉर स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रमुख प्रो. संजय एच. उपाध्याय एवं डॉ. प्रियदर्शी उपाध्याय भी उपस्थित रहे। इस सहयोग के अंतर्गत तीन प्रमुख क्षेत्रोंख्रअकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग, एम.टेक एवं पीएचडी छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन, तथा सम्मेलनों एवं



■ अंतरिक्ष विज्ञान एवं जियोस्पेशियल तकनीक में सहयोग को बढ़ावा ■ अकादमिक, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु समझौता ■ एम.टेक एवं पीएचडी छात्रों के संयुक्त मार्गदर्शन और शोध के अवसर ■ अंतरिक्ष अनुप्रयोग, जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाएँ

कार्यशालाओं का संयुक्त आयोजन. पर कार्य किया जाएगा। दोनों संस्थान वैज्ञानिक ज्ञान, संकाय एवं तकनीकी विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के साथ-साथ शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों की क्षमता निर्माण को भी प्रोत्साहित करेंगे।अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग के तहत अंतरिक्ष अनुप्रयोग, जियोस्पेशियल तकनीक, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध एवं पायलट परियोजनाएँ संच. ालित की जाएंगी। आईआईटी रुड़की के छात्रों को यूएसएसी में इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य एवं शोध अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उन्हें प्रयोगशालाओं और व्यावहारिक अनुभव का लाभ मिलेगा। समझौते के तहत स्नातकोत्तर एवं डॉक्टोरल छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन भी किया जाएगा, जिसमें दोनों संस्थानों के संकाय और वैज्ञानिक मिलकर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे। साथ ही, छात्रों को दोनों संस्थानों की सुविधाओं का उपयोग करने का अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त, दोनों संस्थान सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशालाएँ एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे। यह साझेदारी उत्तराखंड राज्य में अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ अनुसंधान को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## 25 अप्रैल को घोषित होगा उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट इस बार 25 अप्रैल को घोषित किया जाएगा।

उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद सिमल्टी 10वीं-12वीं कक्षा का रिजल्ट सुबह 10:00 बजे घोषित किया जाएगा। बता दें कि इस वर्ष बोर्ड की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू हुईं, जिनमें हाईस्कूल में परीक्षार्थियों की संख्या 112266 और इंटरमीडिएट में 102986 है।

उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर बनाए गए 1261 केंद्रों पर दो लाख से ज्यादा परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें हाईस्कूल में 112679 छात्र-छात्राओं में से 110573 संस्थागत और 2106 व्यक्तिगत परीक्षार्थी थे। जबकि इंटरमीडिएट में 103442 परीक्षार्थियों में से 99345 संस्थागत और 4097 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं।

# यात्रा मार्ग पर स्वच्छ व शुद्ध भोजन के लिए तैयारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग के होटल - ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, इसके लिए खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा मार्ग पर क्विक रिस्पांस टीमों और मोबाइल फूड सेफ्टी वैन की तैनाती की है। साथ ही विभाग ने यात्रा मार्ग के होटल- ढाबों और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरु किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा को हरित यात्रा की थीम पर, संचालित करने पर जोर दे रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग, यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है। विभाग ने चारधाम मार्ग पर शुद्ध और ताजा भोजन उपलब्ध कराने के लिए रोटेशन के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किए हैं।

■ खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा थीम पर शुरू किया अभियान



चारधाम यात्रा में देश विदेश के लाखों यात्री उत्तराखंड पहुंचते हैं। हमारा प्रयास है कि ना सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, बल्कि यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो, हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूज, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

साथ ही यात्रा मार्ग पर खाद्य पदार्थों की जांच और जन जागरुकता के लिए मोबाइल फूड सेफ्टी वैन और शिकायत रिस्तारण के लिए क्विक रिस्पांस टीम भी तैनात की गई है। विभाग ने शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर -18001804246 भी जारी किया है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे के निर्देश पर विभाग यात्रा मार्ग के होटल, ढाबा संचालकों के साथ मीटिंग कर ग्रीन यात्रा, स्वच्छता और मिलावट रहित भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षण दे रहा है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि अब तक उत्तरकाशी, श्रीनगर , देवप्रयाग, तीनधारा, चंबा, घनसाली, रुद्रप्रयाग, घट्टूगाड़ में 250 से अधिक होटल कारोबारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि इन कार्यशालाओं में कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है।


# जनगणना देश के समग्र विकास की आधारशिला: उनियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने जनगणना 2027 के तहत स्वगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे भी 24 अप्रैल तक स्वगणना प्रक्रिया में शामिल होकर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं।

उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास की आधारशिला है। प्रत्येक नागरिक द्वारा दी गई सटीक जानकारी ही भविष्य की योजनाओं, नीतियों और विकास कार्यों की दिशा तय करती

■ कैबिनेट मंत्री ने स्वगणना के माध्यम से सशक्त भागीदारी की ओर बढ़ाए कदम
■ प्रदेशवासियों से 24 अप्रैल तक स्वगणना से जुड़ने की अपील



है।

मंत्री सुबोध उनियाल ने बताया कि इस बार सरकार की और से स्वगणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह पहल न केवल प्रक्रिया को सरल बनाती है, बल्कि पारदर्शिता और सटीकता भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे केवल भारत सरकार की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही अपनी स्वगणना करें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# युवा सपनों को पंख लगायेगी मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के माध्यम से युवा सपनों को पंख लगाने जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 11 हजार छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये नि:शुल्क ऑन लाइन कोचिंग दी जायेगी। योजना के तहत जनपदवार युवाओं का चयन खुली स्क्रीनिंग परीक्षा के माध्यम से किया जायेगा। योजना पर राज्य सरकार प्रतिवर्ष लगभग 11 करोड़ की धनराशि खर्च करेगी। जिसका शासन स्तर से शासनादेश जारी कर दिया गया है।

राज्य सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये दृढ़ संकल्पित है। यही वजह है कि

■ 11 हजार छात्रों को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग
■ योजना के तहत छात्रों के चयन को आयोजित होगी स्क्रीनिंग परीक्षा

सरकार मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना के माध्यम से युवा सपनों को साकार कर रही है। जिसके तहत राज्य विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में अध्ययनरत 11 हजार छात्रों को प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी को नि:शुल्क ऑन लाइन कोचिंग दी



किसी भी प्रतिभाशाली युवा की प्रगति में आर्थिक या संसाधनों की कमी बाधा न बने। इसी सोच के साथ राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री युवा भविष्य निर्माण योजना' के तहत प्रत्येक वर्ष 11 हजार युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने की ठानी है। यह योजना न केवल युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में सहायक होगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

**- डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

जायेगी। इसके लिये छात्रों का वर्गवार लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल सर्विसेज हेतु 2000 छात्र, एसएससी, रेलवे सर्विसेज एवं समकक्ष परीक्षाओं के लिये 5000 छात्र, बैंकिंग सर्विसेज के लिये 2000 तथा कैट, मैट, गेट, नेट, सीएसआईआर जैसी योग्यता परीक्षाओं एवं प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण की प्रवेश परीक्षाओं के लिये 2000 छात्रों को शामिल गया है। इन छात्रों की आनलाइन कोचिंग पर प्रतिवर्ष लगभग 11 करोड़ का व्यय किया जायेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि छात्रों का चयन जनपदवार खुली स्क्रीनिंग परीक्षा के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जायेगा। योजना का लाभ विभिन्न पाठ्यक्रमों में अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रों के साथ-साथ उन अभ्यर्थियों को भी मिलेगा, जिन्होंने एक वर्ष पूर्व स्नातक या स्नातकोत्तर उत्तीर्ण किया है। चयनित अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक छात्र को यूजर आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। कोचिंग प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, वीडियो लेक्चर, प्रैक्टिस सेट तथा साप्ताहिक मॉक टेस्ट की व्यवस्था की गई है। साथ ही, कमजोर छात्रों के लिए विशेष सुधारात्मक कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिससे उनकी तैयारी को और सुदृढ़ किया जा सके। योजना के प्रभावी संचालन और निगरानी के लिए सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कार्यकारिणी समिति गठित की गई है।

# बारातियों से भरी मैक्स गाड़ी पलटी, 11 घायल

## हादसे में दो बारातियों की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जनपद के कपकोट क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जहां बारातियों से भरी मैक्स गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार कुल 11 लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उपजिला. धिकारी कपकोट कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कौमू से धरमघर जा रही बारात की मैक्स गाड़ी लाथी-माजखेत सड़क पर लाथी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में प्रताप राम (78), भूपेंद्र सिंह (35), बलवंत सिंह (35), डम्पी (40), कुंदन सिंह (31), शोबन सिंह (56), वीर सिंह (65), चंदर राम (60), कुशी राम (60), खेम सिंह (22) और डिगर सिंह (40) घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र कपकोट पहुंचाया। चिकित्सकों ने भूपेंद्र सिंह और डिगर सिंह की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बागेश्वर रेफर कर दिया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल बागेश्वर में डॉक्टर राजीव उपाध्याय की निगरानी में घायलों का इलाज जारी है। घटना की खबर मिलते ही पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम सिंह शाही, हरीश ऐठानी सहित घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना।

# कोतवाली में धरने पर बैठा सिख परिवार

## 10 वर्षों से न्याय की आस, मुकदमा दर्ज कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** करीब 10 वर्षों से न्याय की आस में दर-दर भटक रहा एक सिख परिवार परिवार दर्जनों लोगों के साथ कोतवाली पहुंच वहां दरी बिछाकर आरोपियों के खिलाफ नामजद एफआईआर की मांग को लेकर धरने पर बैठ गया। कई घंटे चले प्रदर्शन के बाद कोतवाली पहुंचे एसपी स्वप्न कुमार ने पीड़ितों को मामले की जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बता दें कि ग्राम ढकिया कलां के महादेव नगर निवासी जरनैल सिंह व लखविन्दर सिंह पिछले करीब 10 वर्षों से क्षेत्र के उद्यमी अनूप अग्रवाल व अन्य के खिलाफ उनकी जमीन हड़पने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते आ रहे हैं। इस संबंध में उक्त लोग कई बार परिवार समेत आत्महत्या करने की धमकी भी दे चुके हैं। आजआज लोग अपने दर्जनों



साथियों के साथ कोतवाली पहुंच कर अनूप अग्रवाल आदि के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते धरने पर बैठ गये। सूचना पर कोतवाली पहुंचे एसपी स्वप्न कुमार को जरनैल सिंह व लखविंदर सिंह ने दी तहरीर में कहा कि वर्ष 2016-17 में अनूप अग्रवाल पुत्र स्व. केशव शरण अग्रवाल, अमोल अग्रवाल व अभिषेक पुत्रगण अनूप अग्रवाल निवासीगण रोजडेल कालोनी अलीगंज रोड काशीपुर ने उनके समक्ष स्टोन क्रेशर का प्रस्ताव रखा जिस पर दोनों पक्षों में रजामंदी होने पर उन्होंने अपनी छह एकड़ जमीन जो ढकियाकलां तहसील काशीपुर में थी। कहा कि अनूप अग्रवाल आदि ने वहां स्टोन क्रेशर लगाने की बात करते हुए उनकी 36 प्रतिशत की हिस्सेदारी उक्त जमीन नाम करने की बात कही। कहा कि कपटपूर्ण तरीके से अनूप अग्रवाल ने उक्त जमीन का बैनामा अपनी पत्नी रेनू अग्रवाल के नाम करा लिया। तहरीर में कहा गया कि उक्त जमीन को मुरलीवाला स्टोन इंडस्टीज लिमिटेड के नाम बैंक में बंधक रख बैंक से 5.25 करोड़ लोन लेकर छल पूर्वक हस्तान्तरण कर आरोपियों ने उक्त रकम को भी हड़प लिया। तहरीर में कहा गया कि न ही उनकी छह एकड़ जमीन का भुगतान किया गया और न ही क्रेशर में 36 प्रतिशत की हिस्सेदारी का उन्हें कोई हिस्सा या हिसाब-किताब ही बताया गया। एसपी स्वप्न कुमार को दी गई तहरीर में कहा कि उन्होंने जब भी अनूप अग्रवाल समेत उनके पुत्र आदि से अपनी जमीन का पैसा मांगा तो उन्हें जान से मारने की धमकियां दी गई। उन्होंने एसपी से आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी स्वप्न कुमार के आश्वासन पर उन्होंने अपना धरना समाप्त कर दिया।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए विषय शुरू करने की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** विपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान में सोमवार को वार्षिकोत्सव 'सिंटेला' का भव्य शुभारंभ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन का वर्चुअल उद्घाटन तकनीकी शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत और डा. रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



वहीं संस्थान परिसर में निदेशक प्रो. संतोष कुमार हम्पनन्नावर सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कुमाऊँनी, गढ़वाली, पंजाबी और राजस्थानी लोकसंस्कृतियों पर आधारित गीतों और नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भारत तकनीकी क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है और इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. संतोष कुमार हम्पनन्नावर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि आगामी सत्र से बीटेक पाठ्यक्रम में रोबोटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक विषय शुरू किए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को नई तकनीकों में बेहतर अवसर मिलेंगे। दो दिवसीय 'सिंटेला' महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, युगल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक, हास्य प्रस्तुति, वाद-विवाद, रैप प्रस्तुति, फ्री स्टाइल, स्टंट नृत्य, चित्रकला और फेस पेंटिंग शामिल है। यहां डा. सचिन गौर, डा. आरसी बेलवाल, डा. अनंदिता साहा, डा. पारुल कंसल, डा. विजिया भंडारी, बरुण काकरान, आरपी सिंह, डा. कपिल चौधरी, डा. आरके पांडे, डा. सीसी तिवारी, प्रो. अनिरुद्ध गुप्ता, प्रो. लता बिष्ट, डा. राजेंद्र भारती, डा. रवि कुमार, पंकज सनवाल, मयंक, अमित मोहन, डा. ललित गढ़िया, डा.रचना आर्या, डा. श्वेता रावत, डा. स्वाति वर्मा, डा. अर्चना वर्मा, दीपक हर्बोला, राजीव चन्याल, हरीश पंत, नवीन पपनै, गणेश अधिकारी, हिमांशु साह, वीरेंद्र कार्की, प्रदीप, निर्मल, दीपक सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले भर में पुलिस का ऑपरेशन प्रहार के तहत चेकिंग अभियान जारी है। सोमवार को अल्मोड़ा पुलिस ने नगर के स्पा सेंटर, होटल, रेस्टोरेंट,



सराय और आश्रमों में छापेमारी की। इस दौरान दो स्पा सेंटरों में गंभीर लापरवाही पाई गई। पुलिस ने दोनों स्पा सेंटरों के चालान काट दिए। पुलिस को शिकायत मिली थी कि इन संस्थानों में नियम विरुद्ध गतिविधियां संचालित की जा रही है। इस पर एसएसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने टीम को छापेमारी करने के निर्देश दिए। सीओ बलवंत सिंह रावत की देखरेख में महिला थाना प्रभारी जानकी भण्डारी, एसएसआई रमेश बोरा, एसआई बीना दोसाद ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। इस दौरान सेवन हेवन स्पा और ब्लू स्काई रिलेक्स स्पा में गंभीर अनियमितताएं मिली। स्पा सेंटर में ना तो रजिस्टर मेंटेन था और ना ही ग्राहकों के पहचान पत्र लिए गए थे। इसके अलावा कर्मचारियों के सत्यापन भी नहीं कराए गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों सेंटरों का पांच-पांच हजार रुपये का चालान काट दिया। इसके अलावा अन्य स्पा सेंटर संचालकों को सख्त हिदायत दी कि नियमों के खिलाफ गतिविधियां मिलीं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक नजर

## ई रिक्शा चालक की इलाज के दौरान मौत

**काशीपुर।** सरवरखेड़ा क्षेत्र में कैंटर की टक्कर से घायल हुए ई-रिक्शा चालक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। विदित हो कि रविवार की सुबह करीब 8.30 बजे जाकिर अपने ई-रिक्शा से ठाकुरद्वारा की ओर जा रहा था। बताया गया कि जैसे ही वह सूर्या रोशनी के पास पहुंचा, सामने से आ रहे कैंटर चालक ने अचानक वाहन मोड़ दिया, जिसमें ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और जाकिर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एक निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर वहां मना कर दिया गया, इसके बाद उसे राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 23 को बनाई जाएगी फॉर्मर आईडी

**काशीपुर।** किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) के विशेष आग्रह पर मुरादाबाद रोड स्थित अनाज मंडी गेस्ट हाउस में बृहस्पतिवार 23 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कृषि अधिकारी/कर्मचारी फॉर्मर आईडी बनायेंगे। आईडी बनाने में आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर व आधार कार्ड की जरूरत पड़ेगी। उनका कहना है कि कोई भी सरकारी छूट इसके बिना नहीं मिलेगी। उक्त जानकारी देते हुए क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा (9837383166) ने सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर व आधार कार्ड समेत मंडी गेस्ट हाउस पहुंचकर अपनी फॉर्मर आईडी बनवा लें।

## टीले पर लगी आग से महा हड़कंप

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर से सटे गोविषाण टीले पर उगी झाड़ियों में आज अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मी आग पर काबू पाने में जुट गए। आग इतनी विकराल थी कि दूर तक ऊंची लपटें उठी नजर आ रही थीं। उल्लेखनीय है कि अभी चैती मेला जारी है।

## चन्द्रावती तिवारी महाविद्यालय में पोषण पखवाड़ा

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज पोषण पखवाड़ा आठवां संस्करण कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने पोस्टर मेकिग के माध्यम से पौष्टिक एवं स्वस्थ्य भोजन के विषय में जानकारी दी। शीतल अरोरा असिस्टेंट प्रोफेसर गृह विज्ञान द्वारा स्वयंसेवियों को पोषण, पौष्टिक एवं संतुलित आहार एवं अधिक से अधिक ज्वार, रागी, जौ, फाइबर युक्त अनाज व कैमिकल रहित सब्जियों, फल आदि का सेवन करने की जानकारी दी और जंक फूड से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत, एसोसिएट प्रोफेसर डा. दीपिका गुड़िया आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी डा. वन्दना सिंह, डा. गीता मेहरा, असि. प्रो. डा. दीपा चनियाल, डा. अंजलि गोस्वामी, डा. पुष्पा धामा, डा. ज्योति रावत, डा. रंजना, प्राची धौलाखण्डी उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को किया सफाई के प्रति जागरूक

**काशीपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित स्कूल जागरूकता अभियान के तहत आज जीबी पंत इंटर कॉलेज, जीपीएस खालसा, जीपीएस मानपुर, जीयूपीएस कुमाऊँ कॉलोनी काशीपुर जीपीएस कुमाऊँ कॉलोनी काशीपुर में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान नगर निगम की टीम ने छात्र-छात्राओं को 6 बिन कचरा सेग्रीगेशन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न गतिविधियों एवं खेल के माध्यम से उन्हें कचरे को सही तरीके से अलग-अलग डिब्बों में डालने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छता वॉरियर स्टिकर्स एवं ब्रोसर्स वितरित किए गए, जिससे वे अपने घरों में भी इस संदेश को आगे बढ़ाकर अपने परिवार के सदस्यों को जागरूक कर सकें। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और उन्हें जागरूक नागरिक के रूप में तैयार करना है, ताकि वे आने वाले समय में स्वच्छता के प्रेरक बन सकें।

## डीएम के जनता दरबार में समस्याओं का समाधान

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में जिलेभर से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान बिजली, सड़कों, पेयजल और आपदा प्रबंधन से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि योजनाओं का लाभ न मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कांडा पंपिंग योजना की मॉनिटरिंग बढ़ाने और हर गांव में शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को सुधार के निर्देश दिए। इसके अलावा, लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण और जनगणना कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश भी दिया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिम कार्बेट की पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** रविवार को विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट की 72वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। कालाढूंगी कार्बेट ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में जिम कार्बेट की पुण्यतिथि पर कार्बेट संग्रहालय में लगी कार्बेट की प्रतिमा पर ग्राम विकास समिति पदाधिकारियों व क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण किया। इसी के साथ कालाढूंगी क्षेत्र व छोटी हल्द्वानी को दिए गए उनके योगदान को याद किया गया। कार्बेट की पुण्यतिथि को सादगी के साथ मनाया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारी सहित कार्बेट प्रेमी मौजूद रहे।

# गढ़वाल-कुमाऊं को पांचवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा ने सोमवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गढ़वाल और कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्रों को भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसू. ची में शामिल करने की मांग उठाई। मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक स्वरूप जनजातीय क्षेत्रों के अनुरूप है, इसलिए इन्हें संवैधानिक संरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल में वर्ष 1815 से 1874 के बीच इन क्षेत्रों को 'गैर-विनियमित क्षेत्र' घोषित कर विशेष प्रशासनिक व्यवस्था लागू की गई थी। बाद में इन्हें 'बहिष्कृत' और 'अर्ध-बहिष्कृत' क्षेत्रों की श्रेणी में रखा गया, जहां स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार शासन संचालित होता था। वार्ता में कहा गया कि प्रदेश का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा वन क्षेत्र है और यहां के अधिकांश लोग सीमांत किसान हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अभाव में बड़े पैमाने पर पलायन होते आ रहा है। साथ ही यहां की पारंपरिक संस्कृति, लोक पर्व, प्रकृति-पूजा और आजीविका के साधन जनजातीय जीवनशैली को दर्शाते हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि देश के अन्य पर्वतीय राज्यों के मूल निवा. सियों को जनजातीय दर्जा मिल चुका है, जबकि उत्तराखंड के गढ़वाल और कुमाऊं क्षेत्र को अब तक इससे वंचित रखा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मांग को लेकर संगठन सभी जिलों में प्रेस वार्ता आयोजित कर रहा है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र कोरंगा, जिला पंचायत सदस्य विजया कोरंगा और जिला अध्यक्ष लोकेश पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 25 से घर-घर होगा भवन सूचीकरण व गणना कार्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत भवन सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य के लिए छावनी इंटरमीडिएट कालेज रानीखेत में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सोमवार से शुभारम्भ हुआ। यह प्रशिक्षण 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में 44 प्रगणक और पर्यवेक्षक भाग ले रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि भवन सूचीकरण एवं गणना का कार्य 25 अप्रैल से 24 मई 2026 तक घर-घर जाकर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इसके लिए सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में छावनी परिषद की प्रशासनिक अधिकारी रमा नेगी, प्रधानाचार्य भुवन पांडे, चार्ज अधिकारी राजेंद्र पंत, राजेश बुधानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिंदुखत्ता राजस्व ग्राम मुद्दे पर 4-6 मई को खुली चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम घोषित करने की लंबित प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों ने 4 से 6 मई 2026 तक 'जन-जन की सरकार, कब आएगी बिंदुखत्ता के द्वार' कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, भाजपा प्रदेश और जिला अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया है, साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी चर्चा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिंदुखत्ता के लोग वनाश्रित हैं और वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत राजस्व ग्राम बनने के योग्य हैं। 19 जून 2024 को जिला स्तरीय



समिति ने प्रस्ताव भेजा था, लेकिन 16 महीने बाद 17 अक्टूबर 2025 को इसे लौटा दिया गया। इसके बाद 11 नवंबर 2025 को जिलाधिकारी ने दावे के पुनः परीक्षण के आदेश दिए, जिससे मामला फिर से लंबित हो गया है। ग्रामीणों को आशंका है कि अगर मामला अन्य स्तर पर भेजा गया, तो इससे प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं। वनाधिकार समिति लगातार राज्य निगरानी समिति से पत्राचार कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। ग्रामीणों ने यह स्पष्ट किया है कि यदि सरकार और प्रशासनिक अधिकारी इस चर्चा में भाग नहीं लेते, तो यह संकेत होगा कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही है।

# महिला आरक्षण का विरोध करने वालों को जनता सिखाएगी सबक: रेखा आर्या

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने महिला आरक्षण विधेयक का विरा. ध करने वाले विपक्षी दलों पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आधी आबादी के अधिकारों का विरोध करने वालों को जनता आने वाले चुनावों में करारा जवाब देगी। रेखा आर्या आज यहां पत्रकारों से रूबरू थीं। रेखा आर्या ने कहा कि कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस जैसे दलों ने महिला आरक्षण का विरोध कर न केवल महिलाओं का अपमान किया है, बल्कि अपने राजनीतिक चरित्र को भी उजागर किया है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल राजनीति का नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों का है। उन्होंने भरोसा जताया कि देश



की महिलाएं इस अपमान को भूलेगी नहीं और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में विपक्ष को सबक सिखाएंगी। मंत्री ने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देने के अपने संकल्प पर पूरी तरह अडिग है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने देखा है कि उनकी सरकार में असंभव भी संभव होता है। इस अवसर पर राज्य मंत्री सीमा चौहान, राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू, मेयर दीपक बाली, प्रदेश प्रवक्ता गुर. विंदर सिंह, जिला महामंत्री सुशील शर्मा, पूर्व मेयर उषा चौधरी, राम मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा आदि उपस्थित रहे।

# 800 परिवारों का पुनर्वास सरकार की जिम्मेदारी: उपाध्याय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** संजय कालोनी और मस्जिद कालोनी के निवासियों की संघर्षपूर्ण कहानी एक नए अध्याय की ओर बढ़ने को तैयार है। इन 800 परिवारों की आबादी लगभग 2500 से 3000 के बीच है, जो अब अपने भविष्य को संवारने की आस लगाए बैठे हैं। जबकि पंतनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की आवश्यकता समझी जा रही है, इन परिवारों की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है। उत्तराखंड कांग्रेस के प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय ने सरकार से अपील की है कि इन परिवारों के पुनर्वास की जिम्मेदारी ली जाए। उनका कहना है कि जमरानी बांध विस्थापितों के पुनर्वास की तरह ही गडरिया बाग जैसी व्यवस्था इन परिवारों के लिए



भी लागू की जानी चाहिए, ताकि उनके जीवन में एक नया सूरज उग सके। डा. उपाध्याय ने यह भी कहा कि इन परिवारों में स्कूली बच्चों का भविष्य दांव पर है, और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान दिया होता, तो शायद यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। अब समय आ गया है कि सरकार सकारात्मक कदम उठाए और इन परिवारों को उनका हक दिलाए, ताकि उनके बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# जंगलों में धधकती आग बनी चुनौती

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिले के जंगलों में लगी आग दिन-प्रतिदिन विकराल रूप लेती जा रही है। कई स्थानों पर आग अंदर ही अंदर सुलग रही है, जिससे उठने वाला घना धुआं अब रिहायशी इलाकों तक पहुंचने लगा है। इसके चलते वातावरण में धुंध और जहरीली गैसों का असर बढ़ गया है, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में लगातार आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। वन विभाग की टीमें एक स्थान पर आग पर काबू पाती हैं, तो दूसरी जगह आग भड़क उठती है, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। दुगनाकुरी तहसील के होराली और जारती के जंगल दिन-रात जल रहे



हैं, वहीं बागेश्वर रेंज के कठायतबाड़ा क्षेत्र में भी रविवार रात से आग धधक रही है। लगातार जलते जंगलों के कारण वातावरण में गर्मी बढ़ने के साथ धुएं का असर भी तेज हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगलों की आग अब रिहायशी क्षेत्रों के करीब पहुंचने लगी है, जिससे खतरा बढ़ गया है। उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दे दी है, लेकिन अब तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। लोगों ने विभाग से जल्द और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में रेंजर केवलानंद पांडे ने बताया कि विभागीय टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी हुई हैं। हालांकि, कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार आग लगाने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, विभाग उन पर भी नजर बनाए हुए है। उन्होंने लोगों से वनों में आग न लगाने की अपील की है।

# अल्लीखां चौक पर लहराएगा तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने नगर निगम अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ अल्ली खां चौक का निरीक्षण किया और यहां एकत्र सभी



पार्षदों एवं जन समुदाय से इस चौक पर 135 फुट ऊंचा तिरंगा लगाए जाने की बात कही जिस पर सभी ने अपनी सहमति दे दी। महापौर दीपक बाली, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा एवं सांसद प्रतिनिधि पार्षद विजय कुमार बॉबी, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, नगर निगम के निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ अल्ली खां चौक पर पहुंचे। यहां के बाद महापौर ने मेहंदी मिलाप चौक का भी निरीक्षण किया और यहां का भी सौंदर्यकरण करने की बात कही। महापौर ने कहा की झंडा लगाने वाली टीम को एक सप्ताह के भीतर बुलाया जाएगा और हमारा प्रयास है कि इस बार देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर 15 अगस्त पर इस क्षेत्र में भी देश की आन बान शान तिरंगा लहराए। इस अवस पर पार्षद राशिद फारुकी, अब्दुल कादिर, वैशाली गुप्ता, सादिक हुसैन, सतीश शर्मा, रियाज, मोनिष आशी, नईम सिद्दीकी, इरफान गुड्डू, पुष्कर बिष्ट, नौशाद हुसैन, मोहम्मद आरिफ, बीना नेगी, प्रकाश नेगी, फिरोज हुसैन, शहजाद राय के अलावा मुकेश चावला, चौधरी समरपाल सिंह, मनीष चावला आदि उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**अल्मोड़ा।** जिले के सरकारी अस्पतालों में फार्मेसी अधिकारियों और लैब टेक्नीशियनों ने चारधाम यात्रा ड्यूटी का भुगतान लंबित रहने के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर काम करते हुए अपनी नाराजगी जताई और जल्द बकाया राशि जारी करने की मांग उठाई। सोमवार को प्रदर्शन कर रहे फार्मेसी अधिकारियों ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान उनकी ड्यूटी लगाई गई थी, जिसे उन्होंने पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ निभाया। इसके बावजूद अब तक उन्हें यात्रा भत्ता और अन्य देयकों का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिला अस्पताल में हुए इस विरोध प्रदर्शन में कई फार्मेसी अधिकारी शामिल रहे।

# बदहाल सड़क, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कपकोट क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों की जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला।

सोमवार को बदियाकोट, तीख, रिखाड़ी, वाछम समेत आधा दर्जन गांवों के दर्जनों ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय बागेश्वर पहुंचे और कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि बदियाकोट तथा रिखाड़ी-बाछम मोटर मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आवागमन करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। कई लोग सड़क की बदहाली के कारण चोटिल भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि यह सड़क वर्ष 2009 में बनी थी और 2011 में इसका डामरीकरण हुआ था, लेकिन उसके बाद से अब तक इसकी कोई सुध




नहीं ली गई। ग्रामीणों ने यह भी आरा. प लगाया कि सड़क के दोनों ओर बनी नालियां पूरी तरह टूट चुकी हैं, जिससे समस्या और बढ़ गई है। इस मार्ग पर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने बताया कि कई बार क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया, लोक निर्माण विभाग कपकोट के अधिकारियों सहित अन्य जिम्मेदारों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सड़क के शीघ्र सुधारीकरण और डामरीकरण की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान बदियाकोट ग्राम प्रधान भूपेंद्र कुमार, तीख के प्रधान रघुबर सिंह दानू, प्रकाश आर्या, गंगा सिंह, त्रिलोक सिंह, आनंद राम, चंदन राम, केवल सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# कांग्रेस कमेटी ने किया परशुराम शोभायात्रा का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने कमेटी अध्यक्ष अलका पाल के नेतृत्व में महाराणा प्रताप चौक पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अलका पाल ने कहा कि भगवान परशुराम हम सबके आराध्य हैं। उनके जीवन के त्याग



और समर्पण की शिक्षा से हम सबको संकल्प लेना चाहिए। वहीं, एआईसीसी सदस्य एवं प्रदेश महासचिव अनुपम शर्मा ने भगवान परशुराम के जीवन को निष्ठा, त्याग और समर्पण के भाव वाला बताया। पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन, ब्रह्मापाल, अरुण चौहान, इंदू मान, सुभाष पाल और त्रिलोक सिंह अधिकारी ने भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर एडवोकेट हरीश कुमार सिंह, एडवोकेट इंदर सिंह, एडवोकेट सुरेंद्र बाठला, प्रीत बम्ब, परम सिद्धू सुंदरलाल पाल, डॉ. करण पाल, जगदीश पाल, डॉ. रमेश कश्यप, विनोद शर्मा होंडा, इलियास माहिगीर, मंसूर मेफेयर, अनिल शर्मा, संजीव शर्मा, कृष्ण कुमार, पार्षद राशिद फारुकी, नौशाद सोनू, अफसर अली, मीना आर्य, कुमकुम सक्सेना, जितेंद्र सरस्वती, राकेश भगत, इफ्तिखार सैफी, सारिम सैफी, शादान इकबाल, रवि पपने, मौ. सैफ उपस्थित रहे।

# रानीबाग में मासूम के खून से 'लाल' हुई सड़क

## आंगनबाड़ी से मां के साथ घर लौट रही चार साल की कनक को रोडवेज बस ने रौंदा

- हादसे का मंज़र देख भड़का जन आक्रोश
- गुस्साए लोगों ने रोड पर जाम लगा बस पर किया पथराव
- पुलिस ने बमुश्किल समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया
- मासूम कनक को 20 मीटर तक घसीटती लेकर गई बस


मासूम कनक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे रानीबाग क्षेत्र में उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया जब एक मासूम बच्ची आंगनबाड़ी केन्द्र से पढ़कर अपनी मां का हाथ थामे घर को जा रही थी। जैसे ही मामूस बच्ची सड़क पार कर रही थी तभी नैनीताल की ओर से तेज गति से आ रही एक रोडवेज की बस ने टक्कर मार दी, और बस बच्ची को घसीटते हुए 20 मीटर दूर तक ले गई।

घटनास्थल पर मची चीख पुकार से लोगों ने बस को रोकने का प्रयास किया लेकिन बस ने बस की रफ्तार तेज कर दी। तभी आक्रोशित लोगों ने बस में पथराव शुरू कर बस के शीशे तोड़ दिए। लेकिन बस चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। देखते ही देखते वहां पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। जिसके चलते वहां पर लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल लोगों को समझाबुझाकर शांत कराया और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के पीलीभीत निवासी जीवन लाल रानीबाग में एक सिमेंट की दुकान में मजदूरी का काम करता है, और अपनी पत्नी राजकुमारी व बच्चों के साथ यहीं रानीबाग में रहता है। बताया जा रहा कि रोजना की तरह आज सोमवार को भी मां अपनी चाल साल की मासूम बच्ची व तीन बच्चों के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र से वापस घर लौट रही थी। जैसे ही मां बच्चों को लेकर सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार से नैनीताल से हल्द्वानी आ रही रूद्रपुर डिपो की बस संख्या यूके06पीए-1726 को आता देख मां ने हाथ देकर रूकने का इशारा किया लेकिन तेज रफ्तार बस रूकने के बजाए मासूम कनक को रौंद दिया। तभी राजकुमार ने तीन अन्य बच्चों को पीछे हटा दिया लेकिन उसकी बच्ची बस की चपेट में आ गई। टक्कर मारने के बाद भी बस चालक नहीं रूका और मासूम को 20 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया। मौके पर ही मासूम कनक ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में जबरदस्त आक्रोश फैल गया, और गुस्साएं लोगों ने रोडवेज की बस में पथराव शुरू कर उसके शीशे तोड़ दिए।

आक्रोशित लोगों ने हाइवें पर ही जाम लगा दिया। इस हादसे के बाद नैनीताल रोड हाइवे का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया, और दोनो तरफ गाड़ियों का लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा व मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुस्साएं लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग नहीं माने और सड़क पर बैठकर ही इंसाफ की मांग करने लगे।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अमित कुमार, रोडवेज की मंडलीय महाप्रबंधक संचालन नैनीताल पूजा जोशी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, और करीब दो घंटे के बाद आक्रोशित लोगों ने जाम खोला। जिसके बाद पुलिस ने हल्के-हल्के कर यातायात को सुचारू किया। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजने के साथ ही बस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से क्षेत्र में स्पीड कंट्रोल के ठोस उपाय करने और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।










### सिस्टम आखिर कब जागेगा, मासूम की मौत ने फिर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चार साल की नन्ही जिंदगी, जो अभी ठीक से दुनिया को समझ भी नहीं पाई थी, सोमवार को सड़क पर बिखर गई। मासूम कनक जो कुछ देर पहले आंगनबाड़ी केन्द्र स्कूल की घंटी सुनकर अपनी मां का हाथ थामे, और खिलखिलाते हंसते हुए घर को जा रही थी। लेकिन मासूम को किया पता था कि आज उसकी जिंदगी सड़क पर हमेशा के लिए बिखर जायेगी। सड़क पार करते वक्त रोडवेज की बस ने उसे हमेशा के लिए सुला दिया, और कुछ ही पलों में उसकी किलकारियां चीखों में बदल गई, और पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया। इस दर्दनाक हादसे ने न सिर्फ एक गरीब परिवार की दुनिया उजाड़ दी बल्कि शहर की सड़कों पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल खड़े कर दिए। इस मासूम की असमय मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्या हमारे शहर की सड़कें बच्चों के लिए सुरक्षित हैं? क्या तेज रफ्तार और लापरवाही पर लगाम लगाने के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं? परिजन अब भी अपनी बच्ची के लिए इंसाफ की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनके आंसू सिर्फ एक बेटी के खोने का दर्द नहीं, बल्कि उस सिस्टम पर भी सवाल हैं, जो अब तक इस तरह की घटनाओं को रोक पाने में नाकाम साबित हो रहा है।

## बेबसी की इंतहा, मां ने पैरों में गिरकर मांगा न्याय

### मंजर देख लोगों की आंखों से आंसू नहीं रुके



**दीपक भंडारी**

**हल्द्वानी।** दिल दहला देने वाला मंजर था। एक मां को जब पुलिस के पैरों में गिड़गिड़ाते जिसने देखा उसकी आंखें डबडबा गयीं। महज चार साल की मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत ने न सिर्फ एक परिवार को तोड़कर रख दिया, बल्कि पूरे इलाके को गहरे सदमे और गुस्से में डुबो दिया है। जिस आंगन में कभी उसकी खिलखिलाहट गूंजती थी, आज वहां सन्नाटा और मातम पसरा हुआ है। यह भयावह हादसा उस वक्त हुआ जब मासूम बच्ची कनक स्कूल से अपने घर लौट रही थी। रोज की तरह वह अपने छोटे-छोटे कदमों से घर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन उसे क्या पता था कि रास्ते में ही उसकी जिंदगी थम जाएगी। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और बेरहमी से कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर फैलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जुटने लगी। हर आंख नम थी, हर चेहरा सवालों से भरा हुआ। किसी को यकीन ही नहीं हो रहा था कि इतनी छोटी बच्ची के साथ ऐसा भयावह हादसा हो सकता है। सड़क पर पसरा सन्नाटा और लोगों की भीगी आंखें इस दर्दनाक घटना की गवाही दे रही थीं। सबसे दर्दनाक दृश्य उस वक्त देखने को मिला जब एसपी सिटी मनोज कत्याल जैसे ही घटनास्थल पहुंचे तो मासूम बच्ची कनक के परिजन खुद को संभाल नहीं पाए, और वे उनके पैरों में गिर पड़े, रो-रोकर इंसाफ की गुहार लगाने लगे। वहां मौजूद हर शख्स इस मंजर को देखकर भावुक हो उठा। मासूम की मां का हाल सबसे ज्यादा हृदयविदारक था। वह बार-बार अपनी बच्ची को याद कर बेसुध हो जा रही थी। कभी उसकी तस्वीर को सीने से लगाकर चीख-चीख कर रोती, तो कभी उसकी मीठी आवाज को याद कर टूट जाती। मां का दर्द शब्दों में बयां करना मुश्किल था। एक ऐसी पीड़ा, जिसे देखकर पत्थर दिल इंसान भी पिघल जाए। परिवार की अन्य महिलाएं उसे संभालने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन हर कोशिश नाकाम नजर आ रही थी। आसपास के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। पूरे मोहल्ले में शोक के साथ-साथ आक्रोश का माहौल है। लोग खुलकर सवाल उठा रहे हैं, आखिर एक मासूम के साथ ऐसा कैसे हो सकता है? क्या शहर की सड़कों पर बच्चों की सुरक्षा अब भी भगवान भरोसे है? स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम कसने और दोषी चालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी मनोज कत्याल ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए भरोसा दिलाया कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जांच निष्पक्ष कर दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल पुलिस टीम पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है। बस चालक की भूमिका और हादसे के कारणों की हर एंगल से पड़ताल की जा रही है वहीं पुलिस बस चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

## कालाढूंगी के नया गांव में तेज रफ्तार कार का कहर ठेले को टक्कर मारी, दुकानदार युवक की मौत



**शाह टाइम्स, कालाढूंगी।** रामनगर रोड में नयागांव वन विभाग के चैक पोस्ट के समीप सड़क किनारे ठेला लगाने वाले दुकानदार युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। ठेले के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर कालाढूंगी अस्पताल पहुंचे परिजनों की चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला उधमसिंह नगर के बरहैनी (जबरान) निवासी पंजा सिंह का 18 वर्षीय बेटा अभिषेक सिंह नयागांव वन विभाग के चैक पोस्ट के समीप बेल के जूस का ठेला लगाता था। सोमवार को भी वह ठेले पर ग्राहक का इंतजार कर रहा था। तभी दोपहर करीब पौने दो बजे कालाढूंगी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार (यूके 04एक्यू 8017) सामने चल रही दूसरी कार को ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ठेले में जा घुसी। ठेले के परखच्चे उड़ाते हुए कार पेड़ से जा टकराई। हादसे में ठेले पर खड़े अभिषेक को गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उसे सीएचसी कालाढूंगी पहुंचाया। लेकिन यहां पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई। एसएसआई पंकज जोशी ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। कार को कब्जे में लेकर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

### नेशनल चैंपियनशिप में वेंडी स्कूल का दमदार प्रदर्शन, 18 पदक जीते

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय नेशनल चैंपियनशिप में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए। विशेष रूप से विद्यालय की टीम ने खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप अपने नाम की। विद्यालय की इस उपलब्धि पर निदेशक डा. विकल बवाड़ी एवं डा. भावना बवाड़ी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्र इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहें और विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस दौरान विद्यालय में आयोजित प्रात: कालीन सभा के दौरान सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोच विवेक, ईशु, वाइस प्रिंसिपल विजय जोशी, स्कूल कोऑर्डिनेटर मंजू थापा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




### चिकित्सालयों और डायग्नोस्टिक केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

**हल्द्वानी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरीश पंत के निर्देश पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत जिला निरीक्षण एवं मूल्यांकन समिति ने सोमवार को शहर के विभिन्न चिकित्सालयों और डायग्नोस्टिक केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शंकर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रामपुर रोड, स्मार्ट डायग्नोस्टिक सेंटर, जेपी अल्ट्रासाउंड केंद्र, स्टार डायग्नोस्टिक सेंटर और चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर का निरीक्षण किया गया। अधिकांश केंद्रों में दस्तावेज मानकों के अनुरूप पाए गए। हालांकि, चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर और स्मार्ट डायग्नोस्टिक सेंटर को अल्ट्रासाउंड कक्ष में महिलाओं की गोपनीयता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी केंद्रों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत दस्तावेजों का सही रखरखाव, सीसीटीवी कैमरों की सुचारु स्थिति बनाए रखने के निर्देश दिये। टीम ने चेतावनी दी कि अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित केंद्र का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाएगा। निरीक्षण दल में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. श्वेता भंडारी, डा. रजनी आगरी, अवनीश डसीला, विधि सलाहकार प्रवीण सक्सेना, अधिशासी सहायक ललित मोहन दढ़ियाल शामिल रहे।

### डीएम को शिकायत के अगले दिन ही पहुंची गैस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर-1 स्थित देवकी बिहार कालोनी में बुकिंग के एक माह बाद भी इण्डेन गैस नहीं मिलने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी को की गई शिकायत के अगले ही दिन सोमवार की सुबह सिलैण्डर की होम डिलीवरी हो गई। गौरतलब है कि कालोनी में अकेली रहने वाली 70 वर्षीय माहेश्वरी जोशी द्वारा 17 मार्च को इण्डेन गैस की बुकिंग की गई थी। श्रीमती जोशी सहित कालोनी के 7 उपभोक्ताओं को गैस बुक किये हुए पर्याप्त समय व्यतीत होने के बावजूद गैस नहीं मिली थी, जिससे वे परेशान थे। देवकी बिहार विकास समिति द्वारा गैस एजेंसी हल्द्वानी को इनकी सूची भेजते हुए गैस उपलब्ध कराने का आग्रह किया जाता रहा, लेकिन कोई सकारात्मक प्रत्युत्तर नहीं मिला। समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे द्वारा रविवार की देर सांय इस बाबत जिलाधिकारी समेत नगर मजिस्ट्रेट एवं महाप्रबन्धक केएमवीएन को शिकायती पत्र भेजा था।

## आधी आबादी के साथ हुआ अन्याय

### महिला आरक्षण: सांसद अजय भट्ट ने विपक्ष पर बोला तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया था। यह कदम 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' की भारतीय परंपरा को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल थी। लेकिन कांग्रेस और विपक्षी दलों का रुख महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है और जनता इसका जवाब अपने वोट के जरिए देगी। यह बात सांसद अजय भट्ट ने कहीं। सोमवार को भाजपा संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए सांसद अजय भट्ट ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ विपक्ष की वोटिंग को देश की आधी आबादी के साथ अन्याय करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके ने इस ऐतिहासिक अवसर का विरोध कर महिलाओं को उनका अधिकार देने में बाधा उत्पन्न की। भट्ट ने कहा कि 16 और 17 अप्रैल को संसद में हुई चर्चा केवल विधेयकों तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी देने का निर्णायक अवसर था। भट्ट ने कहा कि 18 अप्रैल को संविधान के 131वें संशोधन विधेयक का पारित न हो पाना विपक्ष की नकारात्मक राजनीति का परिणाम है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि उन्होंने देशहित से ऊपर राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता दी और महिला सशक्तिकरण के मुद्दे पर भी गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के सामर्थ्य से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और भाजपा महिला अधिकारों को सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को हर हाल में पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों का रुख महिलाओं के अधिकारों के प्रति उनकी नकारात्मक सोच को दर्शाता है और जनता इसका जवाब अपने वोट के जरिए देगी। पत्रकार वार्ता में नैनीताल विधायक सरिता आर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा और जिला मीडिया संयोजक दीप्ति चुफाल सहित कई लोग मौजूद रहे।




## टैक्सः व्यापारियों ने पहले सुविधाओं की उठाई मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ट्रांसपोर्ट नगर में प्रस्तावित टैक्स को लेकर व्यापारियों ने नगर निगम से पहले सुविधाएं देने की मांग उठाई है। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल और ट्रांसपोर्ट महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि टैक्स लागू करने से पहले इस पर व्यापारियों के साथ गोष्ठी कर पुनर्विचार किया जाए। प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, यातायात नगर अध्यक्ष जसपाल सिंह कोहली और महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी ने मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात कर ट्रांसपोर्ट नगर की समस्याएं रखी। उन्होंने कहा कि 32 एकड़ क्षेत्र में बने ट्रांसपोर्ट नगर में करीब 875 दुकानें आवंटित है और भूमि का भुगतान पहले ही सर्किल रेट के अनुसार लिया जा चुका है। इसके बावजूद क्रय-विक्रय पर 15 प्रतिशत तक एनओसी शुल्क लिया जा रहा है, जिसे समाप्त किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने साफ किया कि यदि नगर निगम टैक्स लागू करता है तो स्फाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज सिस्टम, सड़कों का जीर्णोद्धार, सार्वजनिक शौचालयों की देखरेख सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की जि मेदारी भी निगम को लेनी होगी। व्यापारियों ने शर्तों के साथ टैक्स देने पर सहमति जताई। हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि व्यापारियों और नगर निगम के बीच समन्वय बनाकर सभी समस्याएं मेयर के समक्ष रखी जाएंगी। जसपाल सिंह कोहली, राकेश जोशी, पंडित दया किशन शर्मा, हरजीत सिंह चड्ढा, राजेंद्र अग्रवाल, नवीन मलकानी, ललित रौतेला, डब्बू तिवारी, किशन कोश्यारी, आफताब हुसैन, स्वर्णपाल सिंह, भास्कर जोशी, विक्की सेठी, कुलतरण सिंह आनंद, सोनी सब्बरवाल, इकबाल सिंह आनंद सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## नाला डायवर्जन का दूसरा चरण आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गैरवैशाली क्षेत्र की 16 कालोनियों में बरसात के दौरान जलभराव से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बन चौकी से बरसाती नाले के डायवर्जन के दूसरे चरण का कार्य आज मंगलवार से शुरू होगा।

अधिशासी अभियन्ता सिंचाई डीएस रावत ने सोमवार को क्षेत्र के जलभराव प्रभावितों को यह आश्वासन दिया। गौरतलब है कि उक्त बरसाती नाले से गैरवैशाली क्षेत्र की 16 कालोनियों में बरसात के दिनों में भयावह जलभराव की स्थिति से निजात पाने के लिए सभी कालोनीवासियों ने देवकीबिहार विकास समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में 15 जुलाई 2024 से तीन दिन तक व्यापक आन्दोलन किया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर नाले के डायवर्जन हेतु बृहद कार्ययोजना बनाई गई। इसके लिए प्रथम चरण में जिला खनिज न्यास निधि फाउण्डेशन मद के अन्तर्गत 96.24 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे। दूसरे चरण का कार्य बजट के अभाव में रुका था। क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत ने डीएम से बात कर जिला खनिज न्यास निधि से बजट दिलाने का आग्रह किया था। डीएम ललित मोहन रयाल द्वारा 9 मार्च को 1,88,30,000 रुपये की वित्तीय स्वीकृति के आदेश जारी किये गये थे। ईई डीएस रावत द्वारा बताया गया कि अधीक्षण अभियन्ता के स्तर से निविदा सम्बन्धी कार्य पूर्ण हो जाने के बाद अब मंगलवार से कार्य आरम्भ कराने हेतु जेई संजय जोशी और ठेकेदार प्रकाश भट्ट को निर्देश दे दिये गये हैं।



## अपूर्व मेहता की ऊंची उड़ान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के युवाओं की प्रतिभा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रही है। नैनीताल निवासी अपूर्व मेहता ने पैराग्लाइडिंग के क्षेत्र में तीन महाद्वीपों में उड़ान भरकर नई उपलब्धि हासिल की है। अपूर्व मेहता जो एक प्रशिक्षित पर्वतारोही भी है, उन्होंने पैराग्लाइडिंग के माध्यम से नई पहचान बनाई है। उन्होंने नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम) उत्तरकाशी से बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स (बीएमसी) किया है और एंडीज पर्वतों में कई 6000 मीटर ऊंची चोटियों पर चढ़ाई की है। उनका पहला पैराग्लाइडिंग अनुभव 2017 में मेडेलिन (कोलंबिया) में एक टैंडम जॉय राइड के रूप में हुआ। इसके बाद उन्होंने जुलाई 2025 में फ्रांस और इटली में तथा अक्टूबर 2025 में दक्षिण अफ्रीका में प्रशिक्षण लिया। वर्ष 2026 में उन्होंने एसएएचपीए के तहत आईपीपीआई लेवल 4 के समकक्ष प्रमाणन प्राप्त किया। उन्होंने एनेसी (फ्रांस), बेसानो डेल ग्रप्पा (इटली) और वाइल्डरनेस (दक्षिण अफ्रीका) में उड़ान भरी, जहां उन्होंने लगभग 40 उड़ानें पूरी की। अपूर्व के अनुसार, पैराग्लाइडिंग में मानसिक संतुलन और प्रकृति के प्रति सम्मान बेहद जरूरी है। वे रुमाऊं के युवाओं को इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते है और मानते है कि उत्तराखंड में इसकी अपार संभावनाएं है। भविष्य में वे नैनीताल और मुक्तेश्वर के ऊपर उड़ान भरना चाहते हैं।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने स्कूटी को मारी टक्कर

- हादसे में स्कूटी सवार तीन दोस्तों की मौत
- साथी के शादी समारोह में हल्द्वानी गए थे तीनों दोस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार देर रात्रि टांडा जंगल में हल्द्वानी जा रही स्कूटी और रुद्रपुर आ रही स्कॉर्पियो कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार तीन युवकों की मौत हो गई। युवक हल्द्वानी में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। हादसा देख वहां से गुजर रहे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पंतनगर थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत, सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। मृतक युवकों के परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार पुलिस के अनुसार, जसपुर के ग्राम मडुआखेड़ा निवासी 20 वर्षीय



अनिकेत कश्यप पुत्र राजेन्द्र सिंह और ग्राम बदेड़ी रूढ़की हरिद्वार निवासी 22 वर्षीय रोहन पुत्र कमल सिडकुल की अशोका लिलैंड कंपनी में काम करते हैं। शनिवार शाम को दोनों ही स्कूटी से अपने साथी आकाश कश्यप पुत्र गंगाराम निवासी सिविल लाईन रामपुर के साथ विवाह समारोह में स्कूटी संख्या यूके 06 बीसी 8764 पर सवार होकर हल्द्वानी गए हुए थे। रात को तीनों वापस स्कूटी से वापस रुद्रपुर पहुंच गए। इस दौरान उनमें से एक का मोबाइल हल्द्वानी में ही छूट गया था। जिस पर तीनों ही स्कूटी से रात 12 बजे के आसपास वापस मोबाइल लेने हल्द्वानी को जाने लगे। जब वह संजय वन के पास पहुंचे तो सामने की ओर से तीव्र गति से आती स्कार्पियो संख्या यूके 04 एएच 3738 के अज्ञात चालक ने स्कूटी को जोर से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि स्कूटी स्कार्पियो के नीचे चेसिस में फंस गई और काफी दूर तक घिसटते चली गई। इस हादसे में स्कूटी सवार उक्त तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कार्पियो चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। राह गुजरते लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पंतनगर थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत, सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने तीनों युवकों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के पास से मिले मोबाईल कागजात के आधार पर मामले की जानकारी उनके साथियों को दी। जिस पर कई लोग चिकित्सालय आ गए। वहीं मामले की सूचना मिलने पर मृतक युवकों के परिजन भी प्रातः यहां आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके से दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# नदी में मछली पकड़ने के गए युवक की डूब कर मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्राम ढ़ाकी देवहा नदी के किनारे मछली पकड़ने गए एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद तथा काफी खोजबीन के बाद भी युवक का शव बरामद हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खटीमा क्षेत्र के ग्राम ढ़ाकी डूनीडॉम देवहा नदी के तट पर यूपी के जिला पीलीभीत थाना न्यूरिया ग्राम भगतनिया निवासी अजय कुमार पुत्र मुरारी लाल 22 वर्ष अपने कुछ साथियों के साथ नदी में मछली पकड़ने आया था। मछली पकड़ने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। संगी साथियों द्वारा तथा आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन नदी का पानी ज्यादा होने के कारण वह आंखों से ओझल हो गया।

वहीं गोताखोर जाल और नाव की मदद से नदी से युवक का शव बरामद कर लिया। घटना की खबर मिलते ही युवक के परिवार में को. हराम मचा हुआ है परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अजय कुमार अपने पीछे मां हृदई भाई कैलाश कुमार बहन पूजा रोता बिलखता छोड़ गया है।

चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि नदी से शव बरामद हो गया है विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

# धरोहर न्यास द्वारा संचालित ग्वल्ज्यू यात्रा का खटीमा में भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के तत्वावधान में नगर में अनेक धार्मिक संस्थाओं जगह जगह भव्य पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत कर ग्वल्ज्यू देवता की जय के जयकारों के साथ न्याय के देवता गोलू देवता भक्तों ने ग्वल्ज्यू के रथ में देव डांगरो का पूजन वंदन कर स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

सर्वप्रथम खटीमा ग्वल्ज्यू यात्रा टनकपुर रोड अमाऊ स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में भक्तगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत यात्रा ने नगर मार्ग में प्रवेश करने पर श्री महाकालेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा कर ग्वल्ज्यू यात्रा का स्वागत कर दर्शन -पूजन किया गया ।मुख्य बाजार में संजय मार्केट में श्री श्याम शिष्ट मण्डल खटीमा के भक्तों की टोली ने पुष्प वर्षा अंग वस्त्र भेंट कर ग्वल्ज्यू के जयकारों के साथ प्रसाद वितरण कर यात्रा को आगे रवाना किया। रिलायंस पेट्रोल पंप सितारगंज रोड खटीमा के आगे मार्केट में व्यापारियों ने मातृ शक्ति के साथ फूलों की वर्षा से भव्यस्वागत कर विदा किया। श्री सिद्धेश्वर महिला कीर्तन मण्डली द्वारा भक्तिमय जयकारों के साथ पुष्प वर्षा कर मंदिर समिति ने फूल मालाओं से यात्रा का नेतृत्व कर रहे विजय भट्ट व अन्य ग्वल्ज्यू यात्रा में शामिल यात्रियों का अंगवस्त्र व फूलमालाओं से अभिनन्दन किया गया । ग्वल्ज्यू यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन रमेश चन्द्र जोशी, कै. टीएस खाती, भुवन चन्द्र भट्ट, मनोज कन्याल, शंकर लोहनी, किशन सिंह बिष्ट किन्ना, राजेंद्र सिंह, घनश्याम सनवाल,नवीन कापड़ी, एड. केडी भट्ट, एड.जगदीश पाण्डेय, जगत मार्कण्डेय, जीवन धामी,कुन्दन बोरा, जेपी ओली, डा. नवीन भट्ट, शांति पाण्डेय, सावित्री बुंगला योगिता विष्ट,दया भट्ट, कमला मेलक. नी,सीमा जोशी,हरगोविंद कन्याल एड हरीश जोशी,खिलेश पाण्डेय, संजय भट्ट, प्रेमप्रकाश जोशी, अंकुश त्यागी, राहुल गोयल आदि शामिल रहे ।

# ग्रामीण इलाकों में चोरों का आतंक दो बाइक चोरी, पुलिस को सौंपी तहरीर

- भाजपा नेता सहित एक अन्य की बाइक चोरी पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ग्रामीण इलाकों में वाहन चोरों के हौंसले बुलंद है बीते कुछ दिनों सत्रहमील चौकी क्षेत्र से चोरों ने दो बाइक पार कर दी पीड़ितों ने संबंधित चौकी क्षेत्र में चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

भाजपा नेता सहित एक अन्य की अलग अलग जगहों से दो बाइक चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है बड़ियां महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष के पति हल्दी घेरा निवासी गुरप्रीत सिंह खिंडा पुत्र दर्शन सिंह ने अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर संख्या यूके 06एई 7921 हल्दी देवहा पुल के पास खड़ी करके खेत में गेहूं काट रही कम्पेन को देखने के लिए गया हुआ था जब वापस लौटा तो बाइक उक्त स्थान पर नहीं थी काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली

इधर ग्राम कंचनपुरी निवासी साहिल पुत्र मुन्ना हीरो स्प्लेंडर संख्या यूके 06बीएल 4537 से मोबाइल रिपेयरिंग कराने स्त्रहमील बाजार आया बाइक मझोला खटीमा मार्ग के किनारे खड़ी कर दी और मोबाइल रिपेयरिंग करने में व्यस्त हो गया जब वापस लौटा तो बाइक मौके से नदारत थी काफी तलाश करने के बाद भी बाइक कि नहीं मिली हताश होकर घटना की सूचना स्त्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को पुलिस ने दोनों मामलों में जान शुरू कर दी पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज कनाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके

चौकी प्रभारी ने बताया दो भाई चोरी की शिकायतें मिली है हमारी टीम संदिग्धों की तलाश में जुटी है

ग्रामीण इलाकों में बढ़ती चोरी की घटनाओं से स्थानीय निवासियों में असुरक्षा का माहौल लोगों का कहना कि पुलिस ग्रस्त बढ़ाने की जरूरत है ताकि ऐसी बातों पर लगाम लगाई जा सके।

# सड़क से उड़ती धूल से राहगीर व ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड उत्तर प्रदेश सीमा से सटे मझोला गांव में बनी सड़क से उड़ रही धूल से राहगीरों व ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय दुकानदारों व लोगों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य कराए जाने के बाद उसपर पड़ी मिट्टी अब धूल का रूप लेकर उड़ रही है जिससे उनकी दुकानों और मकानों में धूल आ रही है जहां उन्हें काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

**स्थानीय व्यवसाई रेहान अंसारी** का कहना है कि विभाग द्वारा सड़क निर्माण कराने के बाद उस पर मिट्टी डालकर पानी भरा गया था जो कि सूखने के बाद धूल के रूप में उड़कर हमारी दुकानों व



मकानों में आ रही है जिससे हमें काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। हम यह मांग करते हैं कि यहां तत्काल पानी का छिड़काव या मिट्टी को हटाने का काम किया जाय जिससे कि हमारी समस्या का समाधान हो सके।

**स्थानीय दुकानदार तौकीर अहमद ने कहा** हमारी दुकान में सड़क पर पड़ी मिट्टी की वजह से धूल उड़कर आ रही है जिससे कि सारा सामान गंदा हो रहा है, आँखों में धूल घुस रही है और काफी ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहां से तत्काल मिट्टी को हटाना चाहिए जिससे कि हमारी समस्या का समाधान हो सके।

# खटीमा में भाजपा नेता की बेरहमी से पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> वन रेंजर समेत तीन बन कर्मियों पर मुकदमा दर्ज

**खटीमा।** भाजपा अनुसूचित जनजाति चकरपुर मंडल अध्यक्ष व ग्राम प्रहरी विपिन राणा के साथ वनकर्मियों द्वारा की गई मारपीट की तहरीर देने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज न किए जाने से आक्रोशित भाजपा नेताओं ने कोतवाली पहुंचकर कोतवाल का घेराव कर कार्रवाई को लेकर ज्ञापन सौंपा।

रविवार को भाजपा चकरपुर मंडल अध्यक्ष विक्रम भाट के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाल विजेंद्र शाह का घेराव करते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति चकरपुर मंडल अध्यक्ष व ग्राम प्रहरी विपिन राणा के साथ वनकर्मियों द्वारा की गई मारपीट के मामले में वन कर्मियों के खिलाफ दी गई तहरीर पर कार्रवाई नहीं किए जाने पर आक्रोश जताया। भाजपा नेताओं ने कोतवाल शाह को ज्ञापन सौंपकर मारपीट करने वाले वन विभाग के रेंजर व दो अन्य कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की। वहीं मामले में पुलिस ने खटीमा रेंज के वनक्षेत्राधिकारी व दो वन बीट अधिकारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भाजपा अनुसूचित जनजाति चकरपुर मंडल अध्यक्ष व ग्राम प्रहरी विपिन राणा ने पुलिस को दी तहरीर में वनक्षेत्राधिकारी व वन बीट अधिकारी पर मारपीट, गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोतवाल विजेंद्र शाह ने बताया कि इस मामले में खटीमा रेंज के वनक्षेत्राधिकारी हरेंद्र बिष्ट, वन बीट अधिकारी गोसीकुआ गंगा राम व वन बीट अधिकारी चकरपुर सुन्दर सिंह के खिलाफ धारा 115(2), 351(3), 352, 61(2) बीएनएस के तहत मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल शाह ने बताया। बताया कि मामले की जांच उप निरीक्षक भुवन गहतोड़ी को सौंपी है। इस दौरान भाजपा नेता डॉ. नवीन भट्ट, नंदन सिंह खड़ायत, राकेश विष्ट, किशन चंद, रंदीप पोखरिया ,कुक्कु, बलदेव सिंह, जीवन सिंह आदि मौजूद थे।

# 25 लीटर कच्ची शराब बरामद 4000 लीटर लहन नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** सोमवार को विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत माननीय आबकारी आयुक्त के आदेश पर अपराध निरोध क्षेत्र-4 बाजपुर की टीम ने अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण, बिक्री व भंडारण के अड्डों के समूल विनिष्टीकरण के क्रम में गांव मडैय्याहट्टू क्षेत्र में दबिश दी। दबिश के दौरान टीम ने मडैय्याहट्टू से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। साथ ही नाले के किनारे बनी एक अवैध भट्टी को ध्वस्त किया गया तथा चार गड्ढों में भरे लगभग 4000 लीटर लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई में धारा 60 आबक. ारी अधिनियम के अंतर्गत एक अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियान में आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, आबकारी सिपाही रेनुका बोरा, वंदना घिल्डियाल और अर्चना यादव मौजूद रहे।

# आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा किस पर खेलेगी दांव

## भाजपा पूर्व विधायक सहित दो लोग कर रहे भाजपा से एक ही विधानसभा में चुनाव लड़ने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार नानकमत्ता विधानसभा सीट पर अपना प्रत्याशी चुनने में भाजपा को काफी मुश्किलें आ सकती हैं।



बता दे कि जहां एक ओर इस विधानसभा नानकमत्ता सीट से भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना चुनावी तैयारी में जुटे है जो लगातार लोगों से जन सम्पर्क करते हुए शोसल मिडिया पर दिखाई दे रहे है। वही दुसरी तरफ भाजपा से इसी विधानसभा सीट से आगामी चुनाव की तैयारी में खासे चर्चित नाम वाले भाजपा के श्रीपाल सिंह राना भी चुनाव की दौड़ में शामिल माने जा रहे हैं जो लोगों में जन सम्पर्क करते नजर आ रहे हैं।



ऐसे में भाजपा के लिए एक ही विधानसभा में दो चेहरे सामने आने पर पार्टी के लिए असमंजस की स्थिति बन सकती है, हालांकि अभी पार्टी स्तर पर इस विधानसभा के लिए किसी ने नाम की कोई घोषणा नहीं की गयी हैं कि लेकिन विधानसभा नानकमत्ता में इस बार भाजपा विधायक प्रत्याशी किसको चुनती है यह कहना अभी संभव नहीं है। हालांकि दोनों अपने अपने तरीके से लोगों में जन सम्पर्क जारी रखे हुए हैं।

बता दें कि वर्तमान में नानकमत्ता विधानसभा में कांग्रेस के विधायक गोपाल सिंह राना यहां विधानसभा नानकमत्ता का नेतृत्व कर रहे हैं इस बार के आगामी विधानसभा चुनाव में नानकमत्ता विधानसभा से कांग्रेस किसको अपना विधायक प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में लाती हैं कह पाना मुश्किल हैं अगर कांग्रेस पुराने प्रत्याशी पर दाव खेलेगी तो इस बार कांग्रेस को चुनावी सिक्स्थ मिल सकती है।

इधर भाजपा के लिए पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना बनाम श्रीपाल सिंह राना से किसी एक को प्रत्याशी चुनना उतना ही मुश्किल होगा जितना की भूसे के ढेर में खोई सुई को खोजना। फिलहाल तो नानकमत्ता विधानसभा में आगामी चुनाव की तैयारियां दम भरती दिखाई देने लगी है।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> गोगा ब्रिज के पास कार की टक्कर से हुआ था गंभीर घायल

**बाजपुर।** रविवार रात्रि करीब नौ बजे हुए सड़क हादसे में घायल युवक ने सोमवार दोपहर दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बाजपुर गांव निवासी 35 वर्षीय रिंकू पुत्र राम सिंह रविवार रात बाइक से रामपुर सरकार से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान बाजपुर गांव स्थित गोगा ब्रिज के निकट एक कार की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल रिंकू को उप जिला चिकित्सालय बाजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे काशीपुर के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। काशीपुर में उपचार के बाद परिजन उसे वापस घर ले आए, जहां सोमवार दोपहर करीब तीन बजे उसने घर में दम तोड़ दिया। मृतक टाइल्स लगाने का कार्य करता था और चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। वह अविवाहित था। घटना के बाद परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था और अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही थीं।

# उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन की बैठक में कई बिंदु पर चर्चा

- वरिष्ठ आंदोलनकारी भैरव दत्त पांडे कोषाध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन की बैठक में वक्ताओं ने कम उपस्थित पर चिंता व्यक्त की और संगठन को मजबूत बनाने के लिए चर्चा की। वक्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा आंदोलनकारियों के हित में लिए गये निर्णयों की सराहना की और सीएम को हर संभव सहयोग का निर्णय लिया।

नगर के होटल के सभागार में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की देन है । राज्य को आंदोलनकारियों की भावनाओं के अनुरूप संचालित करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भरपूर सहयोग देकर प्रदेश का विकास कराना होगा।



वक्ताओं ने पूर्व सैनिकों व अन्य पेंशनरों को राज्य आंदोलनकारी पेंशन, चिह्नितों को परिचय पत्र एवं चिह्नीकरण से वंचितों को चिन्हित कराने का निर्णय लिया। बैठक में राज्य निर्माण सेनानी के निधन पर 20 लाख रुपए का निशुल्क बीमा और परिवार की आर्थिक सुरक्षा एवं आश्रितों को 10 लाख रुपए का निशुल्क स्वास्थ्य बीमा दिलाने, राज्य आंदोलनकारी शब्द हटाकर उत्तराखंड निर्माण सेनानी कराने सहित अन्य सुविधाओं की मांग की। बैठक में आम सहमति से भैरव दत्त पांडे को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक का संचालन आलोक गोयल प्रदेश महासचिव ने किया।

अंत में 2 मिनट का मौन धारण कर वरिष्ठ आंदोलनकारी नितिन टंडन के निधन पर दुःख व्यक्त करते श्रद्धांजलि दी। बैठक में भगवान जोशी प्रदेश प्रवक्ता, पुष्कर दत्त शक्टा, पूरन सिंह बिष्ट, चंचल सिंह खोलिया, जवाहर सिंह पोखरिया, भैरव दत्त पांडे, बिशन सिंह भंडारी, निर्मला मेहता, गीता कांडपाल, दीपक मुडेला, हरिश. चंद्र, फुलेरा ने अपने विचार व्यक्त किए। बाद में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित आठ सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी तुषार सैनी को सौंपते हुए उचित कार्रवाई की मांग की गई।

# जिला पूर्ति अधिकारी से मिला व्यापार मंडल

- कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति एवं पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल जिला पूर्ति अधिकारी से मुलाकात कर शहर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी एवं पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी को अवगत कराया कि वर्तमान समय में शहर में कमर्शियल सिलेंडरों की भारी कमी बनी हुई है, जिससे छोटे एवं मध्यम वर्ग के व्यापारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से ठेली संचालक, चाय विक्रेता, टिक्की, समोसा, होटल एवं रेस्टोरेंट से जुड़े कारोबारियों की आजीविका पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। कई छोटे दुकानदारों का व्यवसाय बंद होने की कगार पर पहुंच गया है,



वहीं कुछ को अपने काम में कटौती करनी पड़ रही है। उन्होंने मांग की कि कमर्शियल सिलेंडरों की नियमित एवं समान आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु एक पारदर्शी रोस्टर प्रणाली लागू की जाए, ताकि छोटे से छोटे व्यापारी तक भी सिलेंडर उपलब्ध हो सके। साथ ही शहर में पीएनजी गैस कनेक्शनों का दायरा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे भविष्य में गैस आपूर्ति संबंधी समस्याओं से आम जनता को राहत मिलेगी और लंबी लाइनों की स्थिति से बचा जा सकेगा।

जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कमर्शियल सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि विभाग स्तर पर रोस्टर तैयार किया जाएगा, जिससे लघु एवं मध्यम व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा सकें। साथ ही पीएनजी पाइप लाइन विस्तार के लिए संबंधित एजेंसियों से लगातार संपर्क कर कनेक्शनों को बढ़ावा दिया जाएगा। यहां पार्षद गौरव खुराना, पवन गाबा, अंशुल अग्रवाल, भरत बत्रा, दीपक कुमार, संतोष कुमार सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

# मुनाफा खोरी रोकने को चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति ने मोहल्ला भवानीगंज, रानीखेत रोड और लखनपुर में दल बल के साथ मुनाफा खोरी को रोकने के उद्देश से मूल्यों का आकलन किया और ऐसे व्यापारियों को फटकार लगाई जो मंहगाई में सहयोग न कर मनमाने रेट पर उपभोक्ताओं को फल एवं सब्जियां बेच रहे हैं। मंडी सचिव सहील अहमद ने कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायत मिलने पर कठोर कार्यवाही अमल में लायें जाएगी। उन्होंने बताया कि रविवार को फल एवं सब्जियों के 22 फुटकर लाईसैंस जारी किये गये है। इस मौके पर मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, मंडी सहायक सुरेन्द्र सिंह ,मुदित दुर्गापाल आदि मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक के साथ चार दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने चार लोगों को बाइक चोरी के साथ गिरफ्तार किया है।सौम्य प्रकाश विद्यार्थी पुत्र ब्राह्म प्रकाश निवासी छोई रामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 17 अप्रैल को उसकी बाइक संख्या यूके04 एल - 0614 चोरी हो गई थी। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम का गठन किया गया। बताया कि आरोपी मयंक चौधरी पुत्र संजय चौधरी निवासी छोई हनुमानधाम रोड रामनगर,दिव्यांशु आर्या पुत्र नन्द किशोर निवासी किशनपुर छोई रामनगर,विमल कुमार पुत्र दिनेश चन्द्र निवासी छोई रामनगर और योगेश कुमार पुत्र प्रकाश चन्द्र निवासी छोई रामनगर को चोरपानी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से बाइक बरामद कर ली गई।चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया है।इस दौरान पुलिस टीम एसआई जोगा सिंह, हेड कांस्टेबल नवीन पाण्डे, कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल कमल सिंह शामिल रहे।

# जनजाति महिला की जमीन हड़पने का आरोप

- एसडीएम कार्यालय पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** ग्राम सेमलपुरी निवासी जनजाति की महिला नन्नी देवी की चार एकड़ भूमि हड़पने का गंभीर आरोप गदरपुर विधायक अरविंद पांडे एवं उनके पुत्र अतुल पांडे पर लगाया गया है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को गूलरभोज के अध्यक्ष सतीश चुघ के नेतृत्व में जनजाति समाज के दर्जनों लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई।

धरने के दौरान सतीश चुघ ने आरोप लगाया कि पीड़ित महिला नन्नी देवी न्याय के लिए लंबे समय से भटक रही है। उन्होंने कहा कि मामले में धोखाधड़ी (धारा 420) का मुकदमा दर्ज किया जाए और न्यायालय में केस जीतने के बावजूद महिला का नाम खतौनी में दर्ज नहीं किया गया है, जो गंभीर लापरवाही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की गई है।


पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें।

## नाम संशोधन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम खुशी कुमारी व माता-पिता का नाम गुड़िया कुमारी एवं बबलू कुमार गलत अंकित हैं। जबकि सही नाम खुशी मुंडा, माता सुष्मिता मुंडा एवं पिता बबलू सिंह है। अतः अभिलेखों में संशोधन किया जाए।

**पता- सुभाष चंद्र बोस नगर, वार्ड नंबर 3, टनकपुर (चंपावत)**

## गुमशुदा की तलाश



सुनीष कुमार पुत्र गिरीश बहादुर सक्सेना दिनांक 31-08-2025 शाम 5 बजे से लापता है, इसको म्रिगी के दौरे आते है। थोड़ा मानसिक रूप से कमजोर है। जिस किसी व्यक्ति को मिले कृपया इस पते व नंबर पर सम्पर्क करें। आपकी अति कृपा होगी।

**हुलिया :** भूरे रंग की पेन्ट-काली रंग की शर्ट, उम्र - 50 वर्ष, कद-5 फुट, रंग- सांवला

**पहचान** - दायी आँख छोटी व खराब है तथा चेहरे पर चोट के निशान हैं।

**पता - संजय नगर खेडा वार्ड नं 11, बसंती देवी मन्दिर, रुद्रपुर (ऊ. सि. नगर)**

| वादी | उप निरीक्षक | थानाध्यक्ष |
|---|---|---|
| मनीश कुमार मो.- 8191014255 | पंकज सिंह महर | ट्रांजिट कैम्प |
| रवि कुमार मो.- 7456887800 | मो.- 7505685017 | मो.- 9412088605 |

# जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें अधिकारी: डीएम

- जनसुनवाई में उठे पेयजल, सड़क, विद्युत, आर्थिक सहायता से जुड़े मामले
- विधायक ने उठाया पेयजल टैंकर एवं महिला चिकित्सालय में लिफ्ट स्थापना का मुद्दा



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगांई द्वारा की गई। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, वन, विद्युत, आर्थिक सहायता, विस्थापन, संपर्क मार्ग, कुटीर उद्योग एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान विधायक मयूख सिंह महर द्वारा पिथौरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु दो पानी के टैंकर तथा महिला चिकित्सालय में लिफ्ट स्थापना के लिए विधायक निधि से स्वीकृत धनराशि के उपयोग का मामला उठाया गया। विधायक ने कहा कि दो पानी के टैंकरों हेतु लगभग 40 लाख रुपये तथा महिला चिकित्सालय में लिफ्ट स्थापना हेतु लगभग 40 लाख रुपये की धनराशि पूर्व में स्वीकृत की जा चुकी है। संबंधित पत्र भी मुख्य विकास अधिकारी को भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनहित के दृष्टिगत दोनों कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि आम जनता को इसका लाभ मिल सके। ग्राम पंचायत दोबांस निवासी द्वारा सिमलखेत पेयजल योजना का मामला उठाया गया।

शिकायत में यह भी बताया गया कि 31 दिसंबर 2024 के बाद भी कुछ लाभार्थियों से पेयजल बिल लिया गया, जबकि नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। वर्तमान में ग्रामीण स्वयं पुरानी योजना का संचालन एवं रखरखाव कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सिमलखेत पेयजल योजना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा क्षेत्रवासियों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत सिरतोला के तोक सेरागाड़, ग्राम पंचायत सीलिंग के तोक उमड़गाड़ा तथा ग्राम पंचायत टांगा के तोक लोदीगाड़ एवं टोक टांगा के विस्थापित परिवारों के लिए संपर्क मार्ग एवं पेयजल व्यवस्था न होने की समस्या उठाई गई।

जनसुनवाई में ग्राम सुवाकोट (वड्डा) विण की जय लटेश्वर बाबा स्वायत्त सहकारिता समिति द्वारा कुटीर उद्योग संचालन, क्षेत्र पंचायत सदस्य सिलौनी द्वारा मानागांव पेयजल योजना के लंबे समय से बंद पड़े होने का मामला भी उठाया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र वर्मा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी, सीएमओ डा. एस एस नबियाल समेत विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# टनकपुर के 11 वार्डों में 30 वर्षों तक मिलेगा पर्याप्त पेयजल

- धामी सरकार की पहल से तेजी से आगे बढ़ रही 172 करोड़ की योजना

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर (चम्पावत)।** शहरवासियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। टनकपुर नगर के 11 वार्डों में वर्षों पुरानी पेयजल समस्या अब इतिहास बनने की ओर है। करीब 172 करोड़ रुपये की लागत से संचालित पेयजल योजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसका उद्देश्य न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करना है बल्कि आने वाले 30 वर्षों तक शहर की बढ़ती आबादी को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना भी है।



इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत वर्ष 2028 तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना पूरी होने के बाद शहर की करीब 70 हजार की आबादी को नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। लंबे समय से जर्जर और पुरानी पेयजल लाइनों के कारण हो रही दिक्कतों से भी नागरिकों को निजात मिलेगी। योजना के अंतर्गत पांच ट्यूबवेल स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें से चार ट्यूबवेल निर्माणाधीन हैं, जबकि तीन ओवरहेड टैंक भी बनाए जा रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र, तहसील परिसर, जल संस्थान परिसर और अन्य प्रमुख स्थानों पर इन संरचनाओं का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके अलावा लगभग 62 किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें से 37 किलोमीटर कार्य पूरा भी किया जा चुका है। सहायक अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि योजना को समय पर पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। सरकार का फोकस है कि प्रदेश के हर शहर और गांव तक स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल पहुंचे।

## एक नजर

# दिनेश गुरुरानी ने का पौधारोपण अभियान जारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 644वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 644वें दिन डीडीहाट में चल रहे आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन के तहत आंगनबाड़ी कर्मचारियों के धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में पहुंच कर आंगनबाड़ी कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए सरकार से मांग की कि शीघ्र आंगनबाड़ी की समस्याओं का समाधान किया जाए। दिनेश गुरु रानी ने पौधारोपण अभियान के तहत आंगनबाड़ी कर्मचारियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि।।पौधे के साथ ज्ञापन।।। के तहत उनके द्वारा उप जिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पांडे को पौधा देकर उनके माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि उनके ज्ञापन को मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि अगर आंगनबाड़ी कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो उत्तराखंड क्रांति दल उनके समर्थन में आंदोलन करेगा। इस अवसर पर उत्तराखंड क्रांति दल के कोषाध्यक्ष शेर सिंह शाही, बबलू कार्की सहित आंगनबाड़ी की कर्मचारी उपस्थिति रही। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# टनकपुर में राइका का भव्य वार्षिकोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर (चंपावत)।** पीएम श्री ठाकुर श्याम सिंह रावत जगत सिंह रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज (राइका) टनकपुर का वार्षिकोत्सव आज पूरे जोश, उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम ने साफ कर दिया कि यह विद्यालय सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को निखारने का भी बड़ा केंद्र बन चुका है।



**प्रतिभाओं का धमाकेदार प्रदर्शन, 80 मेधावी छात्र सम्मानित**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद मंच पर छात्रों ने एक के बाद एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को जीवंत कर दिया। देशभक्ति, लोकसंस्कृति और सामाजिक संदेशों से भरपूर कार्यक्रमों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के 80 होनहार छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों, शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह छात्रों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत बना। प्रधानाचार्य हरीशचन्द्र पाठक ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, वहीं वार्षिक रिपोर्ट राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें वर्षभर की उपलब्धियों और प्रगति का विस्तृत लेखा-जोखा रखा गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, हर्षवर्धन सिंह रावत, सुरेश कुमार पाण्डेय, अम्बादत्त पंत, जोहार सिंह महरा, बीपी शर्मा, विनीता जोशी हीरा देवी का बैज लगाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन और संयोजन शशांक मिश्र ने किया। विज्ञान के क्षेत्र में भी छात्रों की प्रतिभा देखने को मिली, जहां एसएस राणा के निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने आगंतुकों का खासा ध्यान आकर्षित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सफल बनाने में सांस्कृतिक प्रभारी पुष्पा तिवारी, मीना सिंह, राजनाथ, कैप्टन एलडी तिवारी, प्रदीप कश्यप, एलएम भट्ट, सदानंद भट्ट, नन्दकिशोर, ऋचा भट्ट, ऋषभ, नरेन्द्र सिंह विष्ट, गंगा रौतेला, प्रमोद कुमार जोशी, चन्द्र प्रकाश जोशी और चन्द्रशेखर उपाध्याय सहित अनेक शिक्षकों एवं सहयोगियों की अहम भूमिका रही।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों पर जिला संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित काशीपुर जिला प्रभारी पुष्कर काला ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्षों और भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी दूरदर्शी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर बल दिया कि बाबा साहेब के विचार किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आज भी समाज को समानता, न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि डॉ. अम्बेडकर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समावेशी राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। संगोष्ठी में अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुवर, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल और जिला महामंत्री तरुण दत्ता सहित पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति की जिलाध्यक्ष रज्जी को. हली, अंजू देवी, शालिनी बोरा, अमित नारंग, धीरेन्द्र मिश्रा, राकेश सिंह, राजेश सिंह,विपिन सिंह, मोर सिंह, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, अक्षय गेहलोत, सुरेंद्र चौधरी, मयंक तिवारी, विश्वास, योगेश वर्मा, जितेंद्र गौतम, हारून मलिक, विकास सागर, नवजोत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।




# चम्पावत में सूचना तंत्र मजबूत करने पर दिया जा रहा है जोर



- ध्रुव रौतेला ने जिला सूचना कार्यालय का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**चम्पावत।** उत्तराखंड सरकार की मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने सोमवार को जिला सूचना कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन करते हुए विभाग द्वारा संचालित प्रचार-प्रसार गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही कार्यालय परिसर और सूचना केंद्र का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने जिला सूचना अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक और प्रभावी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि इनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पत्रकार लो. कतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में सरकार और जनता के बीच एक सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के कल्याण, सुरक्षा और हितों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में पत्रकारों के हितों को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी धीरज कार्की ने जनपद में मीडिया प्रबंधन, समाचार संप्रेषण और प्रचार-प्रसार की वर्तमान व्यवस्था की जानकारी दी। साथ ही जनपद के पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों से भी अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान बाल आयोग सदस्य योगेश रजवार, सूचना संरक्षक आशा गोस्वामी, सुधीर कुमार, गीता मेहर, खीमानंद जोशी, लक्ष्मण राम, रोहित कुमार, कमल मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गोल्ज्यू यात्रा का टनकपुर में भव्य स्वागत, श्रद्धा और उत्साह से गूंजा शहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** अपनी धरोहर न्यास द्वारा आयोजित श्री गोल्ज्यू यात्रा, जो चम्पावत के प्रसिद्ध गोल्ज्यू मंदिर से प्रारंभ हुई थी, 19 अप्रैल 2026 को टनकपुर पहुंची। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



टनकपुर में यात्रा की शुरुआत सीमेंट रोड स्थित शिवालय मंदिर से हुई, जहां मंदिर के पुजारी पंडित रामनारायण दास ने वेद मंत्रों के साथ यात्रा दल का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा नगर के मुख्य मार्गों और बाजारों से होते हुए आगे बढ़ी और अंतत: सीताराम धर्मशाला में सम्पन्न हुई। धर्मशाला में पूजा-अर्चना के पश्चात गोल्ज्यू उपासक कमल सिंह जीना द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। यात्रा के दौरान पूरा शहर भक्ति, आस्था और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर अपनी धरोहर न्यास के अध्यक्ष विजय भट्ट, नगर संयोजक एडवोकेट नवल किशोर तिवारी, आरएसएस के जिला सह संच. ालक जगदीश जोशी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रोहिताश अग्रवाल, कुमाऊनी महिला क्लब की अध्यक्ष सुमन वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक पाठक, हेमा वर्मा, कार्की फार्म वेलफेयर सोसाइटी के सचिव रविन्द्र सिंह, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष भुवन जोशी, महामंत्री सत्यप्रकाश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन रावत, वार्ड 11 की सभासद सविता बिष्ट, वार्ड 10 के सभासद शैलेन्द्र सिंह, अनीता नैथानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर संयोजक एडवोकेट नवल किशोर तिवारी ने जानकारी दी कि यह धार्मिक यात्रा चम्पावत से प्रारंभ होकर राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थलों से गुजरते हुए हरिद्वार में संपन्न होगी। गोल्ज्यू यात्रा के टनकपुर पहुंचने पर जिस प्रकार श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा, उसने क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता की अनूठी मिसाल पेश की।

# गुरुकुलम एकेडमी में स्वामी दिव्याकृपानंद का प्रेरक उद्बोधन



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** गुरुकुलम एकेडमी में आध्यात्मिक और शैक्षिक वातावरण के बीच एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अद्वैत आश्रम मायावती के विद्वान संत एवं 'प्रबुद्ध भारत' पत्रिका के संपादक स्वामी दिव्याकृपानंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया, जिससे पूरा परिसर उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा।

कार्यक्रम का संचालन शशांक पाण्डे ने किया। अपने ओजस्वी उद्बोधन में स्वामी दिव्याकृपानंद ने विद्यार्थियों को सनातन धर्म के मूल सिद्धांतों और भारतीय संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक श्रेष्ठ पद्धति है, जो सत्य, सेवा, करुणा, अनुशासन और आत्मविकास का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को धर्म का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का पालन करना, माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करना तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना ही सच्चा धर्म है। स्वामी जी ने एकाग्रता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया जैसे आकर्षण विद्यार्थियों का ध्यान भटकाते हैं। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन, योग, ध्यान और समय के सदुपयोग की आदत अपनाने की सलाह दी। विद्यालय के प्रबंधक राजेश पाण्डेय ने कहा कि ऐसे संतों का सान्निध्य विद्यार्थियों के जीवन निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं कोऑर्डिनेटर कविता पुनेठा ने कहा कि स्वामी जी के विचार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में रियाज अहमद, महेंद्र जोशी, चंद्र भानु, अंकित देव, नेहा दत्ता, अमित तिवारी, मनमोहन गहतोड़ी, दीपा कोठारी, जीवन जोशी सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# सांस्कृतिक महोत्सव 'आरम्भ' का रंगारंग आगाज

- छात्रों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा
- अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी ने दिए सफलता के मंत्र



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोहाघाट में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'आरम्भ' के द्वितीय दिवस पर छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से समां बांध दिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी के.एन. गोस्वामी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन प्रतिभाओं को निखारने के साथ-साथ आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिए प्रेरणादायक टिप्स देते हुए निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि 'आरम्भ' महोत्सव विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति और रचनात्मकता को मंच देने की एक अनोखी पहल है, जिससे छात्रों की छिपी प्रतिभाएं सामने आती हैं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गायत्री पांडे ने भारतनाट्यम नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं ऋषभ भट्ट ने गिटार वादन से संगीतमय माहौल बना दिया। बी.एड. के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक को भी खूब सराहना मिली। मंच संचालन मुकेश कुमार और हिमांशु चंद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष अशोक कुमार सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान पोस्टर प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, नृत्य प्रतियोगिता समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक डॉ. रेखा जोशी सहित विभिन्न समितियों के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश लखेड़ा और डॉ. कमलेश शक्टा ने बताया कि 'आरम्भ' महोत्सव छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है, जिसमें विद्यार्थियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, जिससे महोत्सव का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया।

# चंपावत में अंबेडकर जयंती पर भव्य आयोजन

- केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने दलित उत्थान में बाबा साहेब के योगदान को बताया ऐतिहासिक
- समारोह में दर्जनों उत्कृष्ट लोगों, शिक्षाविदों को किया गया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए कहा कि 1891 में मध्य प्रदेश के महू में जन्मे बाबा साहेब ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद समाज में एक नई चेतना जगाई। उस समय देश एक ओर अंग्रेजी गुलामी से जूझ रहा था, वहीं दूसरी ओर सामाजिक भेदभाव और अशिक्षा की गहरी खाई भी मौजूद थी।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर न केवल स्वयं को सशक्त बनाया, बल्कि दलित और वंचित वर्गों को भी सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार दिलाया। सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर उन्हें कई बाधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान में डॉ. अंबेडकर के विचारों की आत्मा समाहित है और आज का भारत उनके दिखाए रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। सूरज कुमार के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् टीआर टम्टा ने की, जबकि संचालन पूरन महरा और मुकेश कखुडिया ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, ब्लॉक प्रमुख सीमा आर्य, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई लोगों सुरेश राम, नारायण राम, शंकर राम, प्रकाश राम, गणेश राम, जीवन राम, डॉ. मोहन राम, महेश राम, नवीन कुमार, माधवी देवी, आरती देवी समेत अन्य को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, सतीश चंद्र पांडे, निर्मल महाराज, सूरज प्रहरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार शौकत को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** जसपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ पत्रकार शौकत राही के निधन पर पत्रकारों द्वारा एक शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान सभी उपस्थित पत्रकारों ने मरहूम को खिराज-ए-अकीदत पेश करते हुए उनकी मगफिरत की दुआ की और दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।सभा में वक्ताओं ने शौकत राही के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने गंभीर बीमारी से जूझते हुए भी अपनी मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय दिया। इस अवसर पर अशोक सिद्धू,शहजाद सिद्दीकी,विभुधेश शर्मा, सुलतान भारती, दिनेश कौशिक, जाकिर हुसैन, समीर परवेज, सुशील चौहान, प्रदीप श्रीवास्तव, हरिओम सिंह, सुमित चौधरी, शरीफ खान, वसीम अहमद, असद, अजय सागर, नीरज कुमार, रईस अहमद, मुनेश चौहान, पराग अग्रवाल सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

# नदी किनारे अवैध कटान पर छापा, वनकर्मी पर फायरिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर रेंज में अवैध पेड़ कटान की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम पर वन तस्करों ने हमला कर दिया गया। आरोप है कि आरोपियों ने न सिर्फ वनकर्मी को घायल किया, बल्कि जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की।

मामला नाथुपुर छोई क्षेत्र का है, जहां वन बीट अधिकारी के अनुसार रविवार सुबह वन विभाग को सूचना मिली कि नदी किनारे कुछ लोग अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वन बीट अधिकारी विमल चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।जब टीम मौके पर पहुंची तो देखा गया कि चार आरोपी पहले ही पेड़ काट चुके थे और लकड़ी को बाइक पर लादने की तैयारी कर रहे थे। वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया।इसी दौरान हालात अचानक बिगड़ गए। विमल चौधरी के मुताबिक, आरोपियों में से एक के पास 315 बोर का तमंचा था। जैसे ही उन्होंने उसे पकड़ने और हथियार छीनने की कोशिश की, आरोपी ने विरोध किया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इस झड़प में वन बीट अधिकारी घायल हो गए।विमल चौधरी ने बताया कि इसके बाद चारों आरोपी एकजुट होकर उन पर पर हावी हो गए और मौके से भागने लगे,उन्होंने आरोप लगाते हुए कहाँ कि हैरानी की बात यह रही कि भागते समय आरोपियों ने फायरिंग भी की। हालांकि, गोली का निशाना चूक गया और वनकर्मी बाल-बाल बच गए। घविमल चौधरी और उनकी टीम ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों को सूचना दे दी है। वहीं घायल हुए वन बीट अधिकारी विमल चौधरी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

# ड्रग्स विभाग ने मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी

शाह टाइम्स संवाददाता


**रामनगर।** ड्रग्स विभाग ने रामनगर में मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी अभियान चलाया गया।ड्रग्स इंस्पेक्टर डा. अर्चना द्वारा मोहल्ला बंबाघेर में मेडिकल स्टोरों पर अचानक छापेमारी अभियान चलाया गया।निरीक्षण के दौरान चार मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमित. ताओं के संबंध में संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस जारी करने एवं निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 04 दवाइयों के नमूने लेकर परीक्षण के लिए राजकीय औषधि विभाग में भेजा गया है।निरीक्षण के दौरान प्रमुख अनियमितताओं में पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में औषधियों का क्रय-विक्रय, क्रय-विक्रय अभिलेखों का मौके पर सत्यापन न कराना, दवाओं का निर्धारित तापमान पर भंडारण न किया जाना और मेडिकल स्टोरों में स्वच्छता का अभाव शामिल ड्रग्स विभाग ने पुन: स्पष्ट किया है कि दवाओं के भंडारण, वितरण एवं विक्रय में निर्धारित मानकों का अनुपालन अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी, ताकि जनस्वास्थ्य की सर्वोच्च सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# सहकारी समिति के चुनाव कराने की विशेष अपील खारिज

## उत्तराखंड हाई कोर्ट ने दिए गए नोटिस की जांच के आधार पर किया खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने हल्द्वानी के लामाचौड़ श्रमिक संविदा सहकारी समिति लिमिटेड सहित कई अन्य कॉपरेटिव समितियों का चुनाव नहीं कराए जाने के खिलाफ दायर विशेष अपील पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ ने विशेष अपील को आधारहीन पाते हुए खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभी उनको दिये गए नोटिस की जांच चल रही है। ऐसे में अपील पर कैसे सुनवाई हो सकती है। लिहाजा अपील खारिज करने योग्य है। आज भी सरकार की तरफ से कहा गया कि इनको नोटिस दिया गया है। जिसकी जांच चल रही है। इसलिए इनका चुनाव प्रोग्राम की तिथि घोषित नहीं की गई। अभी तो चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। दिए गए नोटिस की जांच चल रही है इसलिए अपील को निरस्त किया जाए। मामले के अनुसार हल्द्वानी के लामाचौड़ संविदा सहकारी समिति लिमिटेड, कोश्यां कुटौली कृषि उत्पादन एवं विपणन सहकारी समिति, वैभव रसायन एवं विपणन सहकारी समिति, ग्राम विकास श्रम निर्माण सहकारी समिति, गौला सहकारी समिति और नैनीताल रेशम सहकारी समिति लिमिटेड के द्वारा विशेष अपील दायर कर कहा है कि प्रदेश में सभी सहकारी समितिओं के चुनाव कराने की घोषणा 10 मार्च 2026 हो चुकी है। लेकिन उनके वहां चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। याचिका में यह भी कहा गया कि जब चुनाव कराने कि घोषणा चुनाव ट्रिब्यूनल ने कर दी तो अब रजिस्ट्रार कॉपरेटिव किस आधार पर उनके यहां चुनाव न कराने के लिए नोटिस भेज रहा है। जबकि वे सब कॉपरेटिव सोसाइटी कार्यालय में रजिस्टर्ड हैं। और उसके पूरे मानको को पूरा करते आए हैं। अगर उनको बाहर करना ही था तो चुनाव की तिथि घोषित होने से पहले कर देते। जबकि चुनाव कराने को घोषणा हो चुकी है। अब उन्हें रजिस्ट्रार कॉपरेटिव के द्वारा चुनाव नहीं कराने का नोटिस दिया गया है। जो कि नियमों के विरुद्ध है। इसलिए इस आदेश पर रोक लगाई जाए।

### पालिका के शपथ पत्र पर याचिका निस्तारित

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नगरपालिका नैनीताल के द्वारा टोल टैक्स वसूलने के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया के कुछ शर्तों को चुनौती देती याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खण्डपीठ ने नगर पालिका नैनीताल की ओर से दिए गए शपथपत्र के आधार पर याचिका को निस्तारित कर दिया है। कोर्ट में नगर पालिका के द्वारा शपथपत्र देकर कहा है कि टेंडर प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले ठेकेदार या फर्म को इस कार्य को करने के लिए पर्वतीय राज्य में टोल टैक्स वसूलने का तीन वर्ष का अनुभव हो या इसी कार्य का एक वर्ष में दो करोड़ रुपये का कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। लेकिन नगर पालिका ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान अंडर टेकिंग दी कि इसे संसोधन किया जा रहा है। जो एक वर्ष में दो करोड़ रुपये का यह कार्य करने की शर्त थी वह अब हटा दी गई है। उसकी जगह अब एक वर्ष में दो करोड़ का कार्य कहीं भी किया होना चाहिए। इसके आधार पर कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दिया है। मामले के अनुसार मैसर्स अरुण कोहली ए शोल प्रोप्राईटरशिपर्म के द्वारा याचिका दायर कर कहा है कि नगर पालिका परिषद नैनीताल टोल टैक्स वसूलने के लिए टेंडर निकाला गया है। टेंडर में यह शर्त रखी गई है कि टेंडर प्रक्रिया में वहीफर्म या ठेकेदार प्रतिभाग कर सकता है। जिसकों पर्वतीय राज्यो में इस कार्य को करने का तीन वर्ष का अनुभव हो या जिसके पास यह कार्य करने का एक वर्ष में दो करोड़ रुपये का कार्य करने का अनुभव हो। याचिका में यह भी कहा गया है कि नैनीताल के अलावा कहीं टोल टैक्स नही है। इसलिए यह शर्त नियमों के विरुद्ध है। इसके लिए उनके पास यह अनुभव या सर्टिफिकेट नहीं है। वहीं दूसरी शर्त यह है कि एक वर्ष में दो करोड़ रुपये का यही कार्य किया हुआ होना चाहिए जो गलत है इसलिए इस पर रोक लगाई जाएं।

### मुख्य परीक्षा में शामिल होने की दी अनुमति

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पीसीएस (ज्यूडिशियरी) की कल (आज) मंगलवार को हो रही मुख्य परीक्षा में शामिल होने की दो याचिकाकर्ताओं को अंतरिम अनुमति दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में याचिकाकर्ता अंशुका भंडारी और अनुश्री खत्री ने याचिका दायर कर कहा कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएसी) द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा 31 अगस्त, 2025 को हुई और उन्होंने प्रारंभिक परीक्षा पास कर ली थी और उन्होंने 83 सफल उम्मीदवारों के साथ मुख्य परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षा शुल्क जमा कर लिया था। किंतु प्री परीक्षा में पूछे गए कुछ प्रश्नों को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्री परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन के निर्देश दिए। जिसके बाद उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा उन्हें प्री परीक्षा की मैरिट सूची से हटा दिया। याचिका में कहा गया कि जिन उम्मीदवारों को पहले ही प्री परीक्षा में सफल घोषित किया जा चुका था, उनकी स्थिति में बदलाव करना सुप्रीम कोर्ट के स्थापित फैसलों के विपरीत है। उन्होंने विशेष रूप से रण विजय सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और हरि किशन बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसलों का हवाला दिया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह के मामलों में प्री परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को अंतरिम रूप से मुख्य परीक्षा में बैठने की अनुमति दी थी। इस आधार पर हाईकोर्ट ने इन दोनों याचिकाकर्ताओं को मुख्य परीक्षा में बैठने की अंतरिम अनुमति दे दी है।

## वर्तमान नियमावली के आधार पर कैसे नियमित किया जा सकता है, निर्णय लें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड त्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ व वन विभाग में वर्षो से कार्यरत दैनिक श्रमिकों को अभी तक कोर्ट का आदेश होने के बाद भी नियमित नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले में कोर्ट के आदेश पर सचिव कार्मिक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अवलोकन किया। और उनको सुझाव देकर कहा कि सचिव कार्मिक, सचिव वित्त और मुख्य सचिव आपस मे बैठकर यह निर्णय लें कि जो वर्तमान नियमावली है उसके आधार पर इनको कैसे नियमित किया सकता है। साथ मे कोर्ट ने इनको नियुन्तम वेतमान दिए जाने के बारे में भी सोचने को कहा है। कोर्ट ने उनसे इसपर 8 मई तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई की तिथि नियत की है। हुई सुनवाई पर सरकार की तरफ से कहा गया कि उपनल से लगे कर्मचारियों को नियमित करने का कोई प्रावधान नही है। आज संविदा कर्मचारी संघ के अधिवक्ताओं ने कोर्ट के समक्ष उनका पक्ष रखते हुए कहा कि पूर्व मे कोर्ट की खंडपीठ ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण के सम्बंध में एक आदेश जारी किया था। लेकिन इस आदेश पर अब तक राज्य सरकार की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। न ही इसे उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड में लाया गया है। पूर्व में संघ की ओर से पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ने इस अवमानना याचिका पर (उत्तराखंड उपनल कर्मचारी संघ बनाम आनन्द बर्धन, मुख्य सचिव उत्तराखंड) की प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की मांग की गयी थी।

### चलती बाइक पर गिरा पेड़, दो लोग घायल

**नैनीताल।** शहर के क्षेत्रों में लगातार पेड़ गिरने की घटनाएं अब गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही हैं। सोमवार को ताकुला क्षेत्र में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब चलती बाइक पर देवदार का पेड़ गिर गया। इस घटना में जिला पंचायत के दो कर्मचारी घायल हो गए। इस दौरान हल्द्वानी निवासी लक्ष्मण सिंह पोखरिया और दीवान रावत बाइक से अपने घर लौट रहे थे। ताकुला क्षेत्र में पहुंचे अचानक तेज हवा के झोंके के साथ एक देवदार का पेड़ उनकी बाइक पर आ गिरा। पेड़ की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। हालांकि दोनों के हेलमेट पहने होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। घटना के तत्काल बाद मौके पर मौजूद टैक्सी चालकों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को पेड़ के नीचे से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस दमकल विभाग और कार्यालय के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पेड़ गिरने के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी बाधित रहा, जिसे बाद में पुलिस और दमकल टीम ने पेड़ हटाकर सुचारू किया। इस दौरान तल्लीताल एसओ मनोज नयाल ने बताया की स्थिति अब पूरी तरह सामान्य है। इसी बीच, सूखाताल क्षेत्र में भी दिन के समय एक पेड़ भारत टेंट हाउस के ऊपर जा गिरा। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन इससे नुकसान की आशंका बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे कई पेड़ लंबे समय से झुकी हुई स्थिति में हैं, जो तेज हवा या बारिश के दौरान कभी भी गिर सकते हैं। लोगों ने वन विभाग और संबंधित एजेंसियों से इन पेड़ों की जल्द लॉपिंग (छंटाई) कराने की मांग की है। मामले को लेकर एसडीओ ममता चंद ने बताया कि क्षेत्र में निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया जाएगा और आवश्यकतानुसार लॉपिंग की कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### दिनेश गुरुरानी का पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष एवं विधानसभा डीडीहाट से प्रत्याशी, राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 644वें दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर दिनेश गुरुरानी डीडीहाट में आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से शीघ्र समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, जिनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। पौधारोपण अभियान के तहत उन्होंने आंगनबाड़ी कर्मचारियों को हिमालय बचाओ अभियान के अंतर्गत शपथ भी दिलाई। साथ ही पौधे के साथ ज्ञापन अभियान के तहत उप जिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पांडे को एक पौधा भेंट कर उनके माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उप जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड क्रांति दल के कोषाध्यक्ष शेर सिंह शाही, बबलू कार्की मौजूद रहे।

### पंकज भट्ट ने पीएचडी की मौखिक परीक्षा दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग के शोधार्थी पंकज भट्ट ने सोमवार को अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. एसएस खनका विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। पंकज भट्ट ने अपना शोध कार्य वाणिज्य विभाग के प्रो. अतुल जोशी के निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का विषय पिथौरागढ़ में मत्स्य पालन: आर्थिक मजबूती, महिला सशक्तिकरण और सतत पर्वतीय विकास का आधार रहा। शोधार्थी ने अपने अध्ययन में निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि यदि उचित योजना और दीर्घकालिक सहयोग सुनिश्चित किया जाए, तो मत्स्य पालन पिथौरागढ़ जिले में आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पंकज भट्ट ने कहा कि यह मॉडल न केवल उत्तराखंड बल्कि देश के अन्य पर्वतीय क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बन सकता है।

### विधि संस्थान के स्थानांतरण का विरोध

**नैनीताल।** डा. राजेन्द्र प्रसाद विधि संस्थान को नैनीताल से भीमताल स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के खिलाफ छात्रों का विरोध तेज हो गया है। सोमवार को संस्थान के छात्र-छात्राओं ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीएस रावत को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की। ज्ञापन में छात्रों ने कहा कि प्रवेश के समय संस्थान के स्थानांतरण की किसी योजना की जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने नैनीताल में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं और अवसरों को ध्यान में रखते हुए ही प्रवेश लिया था। छात्रों का कहना है कि नैनीताल में उच्च न्यायालय और जिला न्यायालय की निकटता के कारण उन्हें कोर्ट की कार्यवाही देखने, अधिवक्ताओं से संवाद करने और इंटर्नशिप के बेहतर अवसर मिलते हैं, जो भीमताल स्थानांतरण के बाद प्रभावित होंगे। छात्रों ने बताया कि संस्थान के स्थानांतरण से परिवहन, आवास और अन्य खर्चों का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। कई छात्र दूर-दराज क्षेत्रों से हैं और उन्होंने नैनीताल के अनुसार ही अपनी व्यवस्थाएं की हैं। इस दौरान काजल बिष्ट, शिवेश कुमार, चेतन बिष्ट, काव्यांश मौजूद रहे।

### एनसीसी की चयन प्रक्रिया सम्पन्न

**कालाढूंगी।** सोमवार को ज्ञान प्रकाश इंटर कालेज धमोला में 79 यूके बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल अभिजीत मेहता के निर्देशन में एसीसी इकाई की नए कैडेट्स की भर्ती गई गई जिसमें बटालियन के एनसीसी ट्रेनर जसवंत सिंह रावत एवं फर्स्ट ऑफिसर मनमोहन सिंह बसेड़ा के द्वारा चयन प्रक्रिया की गई जिसमें लगभग 35 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया उसमें से 23 कैडेट्स का चयन एनसीसी के लिए किया गया। चयन प्रक्रिया में शारीरिक दक्षता दौड़ पुश अप व स्वास्थ्य जांच की गई उसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की गई। तत्पश्चात सफल अभ्यर्थियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर साबू जोसेफ ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें एसीसी में भर्ती होने के बाद एनसीसी के सूत्र वाक्य एकता और अनुशासन के अनुसार कार्य करना चाहिए तथा अनुशासन में रहना चाहिए। इस दौरान विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य रीना कंबोज, रेनू बिष्ट, दीपिका बधानी, प्रकाश चन्द्र, सिस्टर स्वर्णा, नीता नेगी आदि मौजूद रहे।

### सड़क किनारे बेसुध मिला नाव चालक

**नैनीताल।** पंत पार्क क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक नाव चालक सड़क किनारे घायल और बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर राहगीरों और अन्य नाव चालकों की सतर्कता से उसे तत्काल बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह के समय पंत पार्क में आवाजाही के बीच एक युवक काफी देर से सड़क किनारे पड़ा दिखाई दिया। लोगों ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय नाव चालकों की मदद से युवक को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया। नाव चालकों ने बताया घायल युवक की पहचान काकड़ीघाट निवासी डुंगर सिंह के रूप में हुई है, जो पेशे से नाव चालक है। अस्पताल में जांच के दौरान युवक के शराब के नशे में होने की आशंका जताई गई। पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि युवक के सिर में चोट लगने से रक्तस्राव हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### बैग लौटाकर दिया ईमानदारी की परिचय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में ईमानदारी की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई है। रविवार देर रात शनि मंदिर के समीप स्थित ग्लास हाउस में एक पर्यटक का बैग गलती से छूट गया। शनि मंदिर के व्यवस्थापक ने सुरक्षित रखकर बैग को पर्यटक को लौटा दिया। इस दौरान शनि मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी को देर शाम ग्लास हाउस के पास एक लावारिस बैग मिला। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए पुलिस को सूचना दी। बैग की जांच करने पर उसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज, जरूरी सामान और नकदी बरामद हुई। कुछ देर बाद एक युवक मौके पर पहुंचा जो अपना बैग खोने से परेशान था। पूछताछ और पहचान की पुष्टि के बाद हेम जोशी ने बैग उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर निवासी सक्षम प्रताप सिंह को सौंप दिया।

## जंगलों में धधक रही आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बढ़ती गर्मी और हीट वेब के चलते जंगलों में आग की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं। वहीं तेज हवाओ के चलते आग अधिक फैल रही है। नगर के समीपवर्ति क्षेत्र आलूखेत व गेठिया के जंगल में लगी आग फैलते जा रही है जो बीते 30 घंटों से लगातार धधक रही है। जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

रविवार सुबह गेठिया क्षेत्र में पायलेट बाबा आश्रम के पास और उससे करीब एक किलोमीटर आगे जंगल में आग लगी थी। स्थानीय लोगों और वन विभाग ने मिलकर आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ रही आग पर किसी तरह काबू पा लिया। हवा के चलते आग जंगल के भीतर तेजी से फैलती गई। क्षेत्र में लगातार धुएं का गुबार छाया हुआ है, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। आग बुझाने के लिए वन विभाग की टीमों के साथ एसडीआरएफ और दमकल विभाग भी मौके पर तैनात हैं। करीब 30 से अधिक फायर वाचर और कर्मचारी व ग्रामीण लगातार फायर लाइन बनाकर आग को आगे फैलने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं खुर्पाताल के समीपवर्ती जगुड़ा गांव के समीप रविवार देर शाम लगी आग आवासीय क्षेत्र तक पहुंच गई। जिसको ग्रामीणों ने बुझाया। जबकि सोमवार को एरीज के समीप लगी आग को वन विभाग की टीम ने रिहायशी क्षेत्र व हनुमानगढ़ मंदिर की ओर जाने से रोका। इस दौरान एसडीओ ममता चंद ने बताया कि आबादी क्षेत्र को फिलहाल सुरक्षित कर लिया गया है। जंगल के भीतर लगी आग पर पूरी तरह काबू पाने में समय लग रहा है। टीम लगातार प्रयास कर रही है और हालात पर नजर रखी जा रही है।

## शैक्षणिक नियुक्तियों का रास्ता साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय में 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद नई शैक्षणिक नियुक्तियों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कार्यकारिणी परिषद की

**कुविवि में कार्यकारिणी परिषद की बैठक में एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों पर नियुक्तियों की घोषणा**

बैठक के बाद विभिन्न विभागों में एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पदों पर नियुक्तियों की घोषणा की गई है। यह चयन प्रक्रिया खुले आधार पर संपन्न हुई। फार्मेसी विभाग में डा. बामा प्रसाद दत्त, भूगोल विभाग में डा. मीनू रानी, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग में डा. रमेश चन्द्र बेलवाल और अंग्रेजी विभाग में डा. जिबू साबू एम. को एसोसिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्रो. प्रीति आर्या का भी एसोसिएट प्रोफेसर पद पर चयन हुआ है। समाजशास्त्र विभाग में प्रो. दीपक पालीवाल को प्रोफेसर पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं चारु चन्द्र तिवारी को उप पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रो. रावत ने नवनियुक्त शिक्षकों के समक्ष स्पष्ट अपेक्षाएं रखते हुए कहा कि यह नियुक्ति केवल एक अवसर नहीं, अपितु एक दायित्व भी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी नवनियुक्त शिक्षकों को परिवीक्षा काल की पुष्टि से पूर्व स्कोपस अथवा समकक्ष अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। साथ ही उन्हें एक शोध परियोजना भी हासिल करनी होगी। इन शर्तों की पूर्ति न होने पर परिवीक्षा काल की पुष्टि नहीं की जाएगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की ओर से पांच वर्षों तक किसी भी नवनियुक्त को अनापत्ति प्रमाण पत्र यानी एनओसी प्रदान नहीं किया जाएगा, ताकि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ विश्वविद्यालय की सेवा कर सकें। इन नियुक्तियों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और शोध गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से रिक्त पदों के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा था, जिसे अब नई ऊर्जा मिलेगी। गौरतलब है कि कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रदेश के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में शामिल है, जहां वर्षों से रिक्त पदों को भरने की मांग उठ रही थी। नई नियुक्तियों को शिक्षा जगत के लिए सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## लव जिहाद के मामलों पर मंत्री राम सिंह कैड़ा ने दिखाई गंभीरता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**भीमताल।** विधायक और कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर एक गंभीर मामले पर चर्चा की। इस मामले में एक आरोपी युवक, जो एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखता है, अपनी पहचान छुपाकर कई युवतियों को प्रेमजाल में फंसाता था और उन्हें विवाह का झूठा आश्वासन देता था। मंत्री कैड़ा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भीमताल की शांतिपूर्ण और धार्मिक वादियों में इस तरह की घटनाएं कतई स्वीकार्य नहीं हैं।

उन्होंने इसे उत्तराखंड की देवभूमि की पवित्रता के खिलाफ बताया और कहा कि यहां ऐसी हरकतों को बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। मंत्री ने यह भी बताया कि आरोपी पीड़िताओं के धार्मिक विश्वासों का अपमान करता था, उन्हें धार्मिक आचरण से रोकता था और नकारात्मक टिप्पणियाँ करता था। कैड़ा ने पुलिस प्रशासन से मामले का त्वरित संज्ञान लेकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और पीड़िताओं को न्याय दिलाने की अपील की। मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि इस तरह के कृत्य, जो हिन्दू धर्म की आस्थाओं और संस्कृति के खिलाफ हैं, को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 'अनसुनी आवाज़ को मिला मंच'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड महिला स्वास्थ्य कर्मी सेवा संघ (संयोजक मंडल) में



सचिव पद पर निर्वाचित होने के बाद रानीता विश्वकर्मा ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए क्षेत्र की महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि संगठन अब केवल औपचारिक मंच नहीं रहेगा, बल्कि हर अनसुनी आवाज़ को सशक्त मंच प्रदान करेगा। स्वास्थ्य, सुरक्षा, सम्मान और अधिकार जैसे मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा और महिलाओं की समस्याओं को प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास होंगे। रानीता विश्वकर्मा ने मातृशक्ति से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। इस दौरान मंजू नेगी, मनीषा, सरीता, पूजा नेगी, हेमंती, रिंकी, मंजू असवाल, चंद्रिका, अनिता बिष्ट, अनिता, सरिता मेहर, रंजना आदि रहें।

## शहीद मेजर राजेश अधिकारी इंटर कॉलेज में बालिकाओं को मिला प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इंटर कालेज तल्लीताल स्थित विद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026 से बालकों के साथ-साथ बालिकाओं के प्रवेश के लिए द्वार खोल दिए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी की अनुमति के पश्चात अब यह विद्यालय सहशिक्षा प्रणाली के अंतर्गत संचालित होगा। विद्यालय उत्तराखण्ड बोर्ड से मान्यता प्राप्त है और विद्यार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के साथ दो विशाल खेल मैदान उपलब्ध हैं। कक्षा 6 से 12 तक विषयवार अनुभवी एवं समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाएं शिक्षण कार्य में संलग्न हैं। विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को सरकार द्वारा निःशुल्क शिक्षा, गणवेश, पाठ्य सामग्री तथा मध्याह्न भोजन की सुविधा प्रदान की जाती है। वहीं इंटरमीडिएट स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के साथ-साथ नेशनल कैडेट कॉप्स (एनसीसी) का संचालन भी किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। विद्यालय प्रबंधन ने मनोरा, रूसी, कृष्णापुर, दुर्गापुर, कैंट, आलूखेत, हरिनगर एवं तल्लीताल क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों बालक एवं बालिकाओं का अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश सुनिश्चित कराएं।

## 'ढाई आखर' पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारतीय डाक विभाग की ओर से आयोजित अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता 2025-26 के राज्य स्तरीय परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में नैनीताल डाक मंडल के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट



प्रदर्शन करते हुए दो पुरस्कार अपने नाम किए हैं। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, उत्तराखंड परिमंडल देहरादून की ओर से जारी परिणामों के अनुसार 18 वर्ष तक आयु वर्ग अंतर्देशीय पत्र श्रेणी में हल्द्वानी के आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग स्कूल के प्रत्यंश भट्ट ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग लिफाफा श्रेणी में हल्द्वानी निवासी निर्मला भट्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर नैनीताल मंडल अमित दत्त ने खुशी जताते हुए विजेताओं को विभाग की ओर से निर्धारित पुरस्कार राशि व प्रमाण पत्र प्रदान किए। बताया कि ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता का उद्देश्य डिजिटल दौर में पत्र लेखन की परंपरा को पुनर्जीवित करना है, ताकि लोग अपने विचारों को शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित हों।

## ग्राफिक एरा में स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

### पांच दिवसीय 3डी प्रिंटिंग कार्यशाला का भी हुआ आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में सोमवार को बास्केटबॉल, क्रिकेट और वॉलीबॉल कैंपस स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पांच दिवसीय 3डी प्रिंटिंग कार्यशाला का भी आगाज किया गया। कार्यशाला में केंद्रीय टूल रूम एवं ट्रेनिंग सेंटर, भुवनेश्वर (एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार) से आए विशेषज्ञ निर्मल कुमार साहू ने विद्यार्थियों को 3डी प्रिंटिंग की आधुनिक तकनीकों, प्रोटोटाइपिंग और चिकित्सा व निर्माण क्षेत्र में इसके उपयोगों की जानकारी दी। उन्होंने एफडीएम, एसएलए, डीएलपी और एसएलएस तकनीकों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन के लिए टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के विशेषज्ञ अविक अग्रवाल, देवेश तुलश्यन और मयंक के ने इंटरैक्टिव सत्र लिया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा इंजीनियरिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा करते हुए प्रायोगिक कौशल, प्रोजेक्ट्स और हैकाथॉन की जानकारी दी गई। वही वीरेंद्र सिंह ने डीएसएलआर कैमरा संचालन, कंपोजिशन, पर्सपेक्टिव, नाइट फोटोग्राफी और पैनोरमा तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने छोटा कैलाश, मिल्की वे और मुनस्यारी की आकर्षक तस्वीरों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने देवभूमेरू दिव्यदर्शनम् नाट्य प्रस्तुति के जरिए उत्तराखंड की देव संस्कृति को जीवंत कर दिया। कुमाऊं के लोकदेवताओं गोल्ज्यू देवता, गंगनाथ देवता और नंदा देवी पर आधारित नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागर परंपरा पर आधारित इस प्रस्तुति ने क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

## आर-1 आर-2 फीचर फोन लॉन्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** केयरनाइट एलीट कनेक्ट साझेदारी को मिला नया आयाम। भीमताल में आर-1 आर-2 फीचर फोन लॉन्च हुआ। मोबाइल एक्सेसरीज़ ब्रांड केयरनाइट ने भीमताल में एलीट कनेक्ट 2026 का सोमवार को भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में कुमाऊँ मंडल के डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेलर्स के लोग मौजूद रहें। फाउण्डर व सीईओ क्षितिज अवस्थी ने बताया कि केयरनाइट ने अपने नए फीचर फोन आर-1 और आर-2 लॉन्च आज किया है। यह मोबाइल प्रीमियम लॉन्च के साथ जिसमें बैटरी लम्बा चलती है, एफएम है। आज भी लोग कीपैड मोबाइल इस्तेमाल करते हैं और इंडिया के भीतर 10 हजार करोड़ की मार्केटिंग है। वहीं उत्तराखंड के भीतर 30 हजार कीपैड मोबाइल प्रतिमाह बिकते है। इसी को देखते हुए दो मोबाइल लॉन्च किए हुए है। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स और रिटेलर्स को विशेष सम्मान से नवाज़ा गया। यह लॉन्च कंपनी की ग्रोथ जर्नी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस दौरान को-फाउंडर खुशबु सिंह, डारेक्टर राहुल रावत, कश्यप मिश्रा, आरएसएम राजकुमार, राम स्याल आदि मौजूद रहे।

# मुंबई ने गुजरात को 200 रन का टारगेट दिया

### तिलक वर्मा का पहला आईपीएल शतक, 7 छक्के लगाए, रबाडा को 3 विकेट

**अहमदाबाद, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के 19वें सीजन के 30वें मैच में गुजरात टाइटंस को 200 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। एमआई ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 199 रन बनाए। तिलक वर्मा ने आईपीएल में पहला शतक लगाया। उन्होंने 45 बाल पर 101 रन की पारी खेली। इस पारी में 8 चौके और 7 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा, नमन धीर ने 45 रन का योगदान दिया। जीटी से कगिसो रबाडा ने 3 विकेट झटके। उन्होंने पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव (15 रनद्ध, क्विंटन डी काक (13 रन) और डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार (2 रन) को पवेलियन भेजा। 20वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 22 रन खर्च कर दिए। उनकी आखिरी 2 बाल पर तिलक वर्मा ने छक्का और चौका लगाकर शतक पूरा कर लिया।



तिलक ने आईपीएल में पहला शतक लगाया है। 18वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने अशोक शर्मा के ओवर में लगातार 5 बाउंड्री लगाई। इनमें 3 छक्के और दो चौके शामिल रहे। पहली बाल पर आए छक्के से तिलक ने 33 बाल पर हॉफ सेंचुरी पूरी की। इसी ओवर में तिलक ने पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी की। इतना ही नहीं, मुंबई ने 150 रन का आंकड़ा भी पूरा कर लिया। कगिसो रबाडा के 4 ओवर पूरे हो चुके हैं। 16वें ओवर में रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में महज 4 रन दिए। उनकी इस बाल पर कोई बाउंड्री नहीं आई। रबाडा ने अपने कोटे के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट झटके। 15वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने 19 रन खर्च कर दिए। उनकी शुरुआती 3 बाल पर तिलक वर्मा ने एक छक्का और दो चौके लगाए।

14वें ओवर में मुंबई ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। अशोक शर्मा की तीसरी बाल पर बाई का एक रन आया। इसी के साथ मुंबई की पारी का 100वां रन बना। तिलक वर्मा और हार्दिक पंडडा नाबाद हैं। 13वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवाया। यहां पर नमन धीर 45 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने कगिसो रबाडा के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में नमन धीर ने वाशिंगटन सुंदर की दूसरी बाल पर छक्का लगाया। उन्होंने अगली बाल पर एक चौका भी लगा दिया। सुंदर के इस ओवर से 13 रन आए हैं। 10वें ओवर में राशिद खान ने महज 7 रन का ओवर डाला। उनके इस ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई। राशिद ने पहले ओवर में 2 रन दिए थे। मुंबई की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 46 रन बनाने में पावरप्ले में 3 विकेट गंवा दिए। रबाडा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव को बोल्ड कर दिया। इस ओवर की शुरुआती दो बाल पर 10 रन आ गए थे। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। चौथे ओवर में मुंबई ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर कगिसो रबाडा ने क्विंटन डी काक को अपनी ही बाल पर कैच किया। डी काक 13 रन बनाकर आउट हुए। रबाडा को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने मालेवार को एलबीडब्ल्यू किया। तीसरे ओवर में नमन धीर ने मोहम्मद सिराज की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। सिराज के इस ओवर में 10 रन बने। मुंबई ने दूसरे ओवर में पहला विकेट गंवा दिया है। यहां पर डेब्यू मैच खेल रहे दानिश मालेवार 2 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कगिसो रबाडा ने स्ठॅ कराया। मोहम्मद सिराज ने मुंबई की पारी का पहला ओवर डाला। उन्होंने इस ओवर में महज 2 रन दिए। सिराज के ओवर में कोई बाउंड्री नहीं आई है।

## हॉकी इंडिया ने 36-सदस्ईय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शि. विर के लिए 36-सदस्ईय संभावित खिलाड़ियों के मुख्य समूह की घोषणा की। यह शिविर 20 अप्रैल से 9 मई तक बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित किया जाएगा।

इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य फोकस रणनीतिक तालमेल, फिटनेस और मैच-सिमुलेशन सत्रें पर होगा। टीम का लक्ष्य एक व्यस्त अंतर्राष्ट्रीय सत्र से पहले अपनी तैयारियों को और बेहतर बनाना है। इस अंतर्राष्ट्रीय सत्र में एफआईएच प्रो लीग 2025-26 का यूरोपीय चरण, विश्व कप और एशियाई खेल शामिल हैं। इसके अलावा, टीम अपनी लय बनाने, आपसी तालमेल को निखारने और सभी विभागों में अपनी बेंच स्ट्रेंथ (खिलाड़ियों की गहराई) को मजबूत करने पर भी ध्यान देगी।

गोलकीपिंग यूनिट में अनुभवी कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा और पवन प्रमुख हैं। इनके साथ-साथ मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार और प्रिंसदीप सिंह जैसी उभरती हुई प्रतिभाएं भी मौजूद हैं। रक्षा पंक्ति (डिफेंस) में, टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के हाथों में होगी। इन्हें जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और खिलाड़ियों के एक होनहार समूह का समर्थन मिलेगा, जिसमें पूवन्ना चंदुरा बॉबी, यशदीप सिवाच, नीलम संजीप जेस और अमनदीप लाकरा हैं। मिडफील्ड में अनुभव और युवा जोश का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

### खेल विशेष

### सूरज चंद व रूकैया उस्मान ने जीते एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर के खिताब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत के सूरज कुमार चांद और मिस्र की रूकैया उस्मान ने एचसीएल स्क्वैश पीएसए चैलेंजर टूर 2026 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब जीते। रविवार को खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त सूरज कुमार चांद को पुरुष फाइनल जीतने में 34 मिनट लगे। उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया के जियोंगमिन रयू को 3-0 (11-5, 11-9, 11-3) से हराकर अपना चौथा पीएसए चैलेंजर टूर खिताब पक्का किया। 25 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने चेन्नई में एक शानदार हफ्ता बिताया और खिताब जीतने के सफर में एक भी गेम नहीं हारा। पहले राउंड में 'बाय' मिलने के बाद, चांद ने अपने अभियान की शुरुआत हमवतन आर्यवीर दीवान पर 3-0 (11-6, 11-7, 11-8) की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया और साथी भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल को 3-0 (11-8, 11-1, 11-4) से आसानी से हरा दिया। सेमीफाइनल में भी चांद ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और हांगकांग-चीन के वाइलोक टो को 3-0 (11-8, 11-7, 11-6) से हराया। यह सूरज कुमार चांद का 2024 के बाद पहला स्क्वैश खिताब है।

### क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रुबेल को किया सम्मानित

**मीरपुर, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सोमवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुक. ाबले से पहले, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन को सम्मानित किया। बीसीबी ने आज यहां ने मैच से पहले का यह समारोह आयोजित किया, जिसमें मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ तमीम इकबाल (तदर्थ समिति के अध्यक्ष) भी मौजूद थे।

### स्टनर्स अकादमी महिला वर्ग में बनी बास्केटबॉल चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्टनर्स अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट के महिला वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में आयोजित टूर्नामेंट के फाइनल में स्टनर्स अकादमी ने गार्गी कॉलेज को 72-67 से पराजित किया। मुख्य अतिथि प्रो. रजनी अब्बी (साउथ कैंपस की डायरेक्टर) ने अन्य अतिथियों - मुकेश कालिया (दिल्ली बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष), ललित वत्स (पीएसपीबी के सलाहकार), अशोक रंगीन (डीबीए के महासि. चव), डा. सुशील कुमार (डीयूएससी के सहायक डायरेक्टर) - के साथ मिलकर, प्रिंसिपल प्रो- गुरमोहिंदर सिंह और डीपीई डा. इंदरप्रीत कौर की मौजूदगी में, विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इस टूर्नामेंट को पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और अयूथ वेदा ने प्रायोजित किया था।

## पंजाब के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में पहुंचे प्रिंस

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज प्रिंस यादव कल खेले गए मुक. ाबले में पंजाब किंग्स के दो विकेट लेकर पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष तीन में जगह पहुंच गए हैं। प्रिंस ने इस आईपीएल में सभी छह मैचों में खेले है। रविवार को उन्होंने पंजाब किंग्स के दो विकेट झटके, इसी के साथ इस सीजन में उनके कुल 11 विकेट हो गए, जो गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा के बराबर है।



हालांकि प्रिंस की इकॉनमी रेट प्रसिद्ध से बहुत बेहतर है। अंशुल कम्बोज 13 विकेट के साथ अभी भी तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं, वहीं राजस्थान रॉयल्स (आआर) के रवि बिश्नोई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 10 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के भुवनेश्वर कुमार चौथे नम्बर पर हैं। रविवार के मैचों के बाद आरआर के जोफ्रा आर्चर के भी आठ विकेट हो गए हैं, जो चार अन्य गेंदबाजो के बराबर हैं। इसमें केकेआर के कार्तिक त्यागी भी शामिल हैं, जिन्होंने आरआर के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑरेंज कैप, रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष तीन स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी SRH और DC

**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में छह-छह अंकों के साथ तालिका में चौथे और पांचवें स्थान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स कल राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से शीर्ष चार की दौड़ में आगे निकलने के लिए भिड़ेगी।

इस सीरीज में सनराइजर्स हैदराबाद सबसे खतरनाक बल्लेबाजी टीम बनकर उभरी है, जो लगातार 200 से अधिक का स्कोर बना रही है। इसकी मुख्य वजह अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी द्वारा दी गई विस्फोटक शुरुआत है। वहीं



ईशान किशन नम्बर तीन पर आकर टीम की गति को और बढ़ाते हैं, जबकि हेनरिक क्लासेन मिडिल ऑर्डर में लगातार बड़े शॉट्स लगाकर सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का साथ मिलता है, जो बल्लेबाजी इकाई को और मजबूत और लचीला बनाते हैं। इसके विप. रीत, दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी को फॉर्म में चल रही पथुम निसंका और केएल राहुल की सलामी जोड़ी स्थिरता देते हैं। समीर रिजवी और करुण नायर मध्यमक्रम में बल्लेबाजी के विकल्प देते हैं, जबकि अक्षर पटेल, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स मिलकर मैच को फिनिश करने और तेजी से रन बनाने वाली मुख्य यूनिट बनाते हैं। खासकर स्टब्स, दबाव में भी मैच जिताने की काबिलियत रखने वाले एक अहम 'इम्पैक्ट प्लेयर' साबित हुए हैं। गेंदबाजी में भी दोनों टीमों के बीच उतना ही बड़ा अंतर देखने को मिलता है।

## हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है: हरमनप्रीत कौर

**डरबन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वे छोटे प्रारुप में टीम के खराब प्रदर्शन से चिंतित नहीं है, हमें सकारात्मक सोच के साथ एकजुट रहने की जरुरत है। भारत ने अपना लगातार दूसरा टी-20 मैच और इस साल का तीसरा मैच गंवा दिया, जब रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें आठ विकेट से हरा दिया।

इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज में प्रोटियाज के खिलाफ भारत 2-0 से पीछे हो गया है। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद डरबन में मैच के बाद के हरमनप्रीत ने कहा कि यह मुश्किल समय है। एक टीम के तौर पर हमें एकजुट रहने की जरूरत है। उम्मीद है, हम (दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे मैच के लिए जोहान्सबर्ग)



एक सकारात्मक सोच के साथ जाएंगे। टी-20 फॉर्मेट ऐसा ही होता है, इसमें एकजुट रहना ही सबसे जरूरी है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (57) ने किंग्समीड में एक तेज अर्धशतक लगाकर भारत को शानदार शुरुआत दी, लेकिन पारी के आखिरी हिस्से में लगातार विकेट गिरते रहे। टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, एशियाई टीम सिर्फ 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मेजबान टीम ने 148 रनों के जीत के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (54) और सुने लुस (57) ने जवाब में पहले विकेट के लिए 106 रनों की साझेदारी करके यह सुनिश्चित किया कि दक्षिण अफ्रीका आसानी से मैच जीत जाएं। भारत क्षेत्ररक्षण के दौरान भी कई मौकों को भुनाने में नाकाम रहा, और हरमनप्रीत जानती हैं कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में बने रहने के लिए उनकी टीम को जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बल्ले से हम वैसा योगदान नहीं दे पाए जैसा हम चाहते थे। पारी के आखिरी 10 ओवरों में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हमें सोचना होगा कि अगले तीन मैचों में हम कैसे खेलेंगे। जब आपके शॉट नहीं लग रहे होते, तो स्ट्राइक रोटेट करना एक अहम बात होती है। हम चर्चा कर रहे थे--- कि हम स्ट्राइक रोटेट कर सकते हैं और इससे हमें उस मुश्किल समय से निकलने में मदद मिल सकती है। लेकिन यह एक ऐसा समय था जब चीजें हमारे पक्ष में नहीं रहीं। गेंदबाजी के दौरान पावरप्ले भी हमारे पक्ष में नहीं जा रहा है। शेफाली वर्मा ने अपनी कप्तान की बातों से सहमति जताई और उन्हें लगता है कि भारत दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाकी मैचों और टी-20 विश्व कप के दौरान अपनी फॉर्म में जल्दी सुधार कर सकता है। शेफाली ने कहा, ष्हम सभी अपनी ताकत जानते हैं। हम पूरी ताकत से वापसी करेंगे, एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे, और ज्यादा से ज्यादा व कड़ी मेहनत से अभ्यास करेंगे।

## डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 21 अप्रैल से

**नूह (हरियाणा), वार्ता।** डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया ने आज डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप की घोषणा की, जो 21 से 24 अप्रैल, 2026 तक हरियाणा के नूह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में होने वाली है।

इस टूर्नामेंट में 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि है। डीपी वर्ल्ड और पीजीटीआई ने इस साल जनवरी में एक लैंडमार्क मल्टी-ईयर पार्टनरशिप की घोषणा की, जिसके तहत ग्लोबल लॉजिस्टिक्स लीडर डीपी वर्ल्ड, भारत के प्रीमियर प्रोफेशनल गोल्फ टूर, पीजीटीआई का टाइटल पार्टनर और ऑफिशियल अम्ब्रेला पार्टनर बन गया। इस टूर्नामेंट में 130 प्रोफेशनल्स हिस्सा लेंगे। इस इवेंट में टॉप इंडियन प्रोफेशनल्स वीर अहलावत, ओम प्रकाश चौहान, मनु गंडास (सभी डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट चैंपियन) के साथ-साथ सप्तक तलवार (2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट लीडर), खिलन जोशी और हनी बैसोया (दोनों इस सीजन में डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के विनर) और अंगद चीमा (पिछले साल डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के दो बार विनर) शामिल हैं। श्रीलंका के एन थंगाराजा इस फील्ड में लीडिग विदेशी नाम होंगे। वीर अहलावत और मनु गंडास के अलावा, गुरुग्राम और नूह के होस्ट रीजन को ध्रुव श्योरण और तपेंद्र घई के साथ-साथ मनीष ठाकरान और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया तथा कुशल सिंह, मानव बैस और सौरव राठी जैसे जाने-माने नाम रिप्रेजेंट करेंगे।

## न्यूजीलैंड को 198 रनों पर समेटा

### बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने झटके पांच विकेट

**मीरपुर, वार्ता।** नाहिद राणा (पांच विकेट) की बेहतरीन गें. दबाजी की बदौलत बंगलादेश ने सोमवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड की पूरी टीम को 48.4 ओवरों में 198 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब हुई और उसने 52रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। हेनरी निकल्स (13), विल यंग (दो) और टॉम लेथम (14) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मुहम्मद अब्बास ने निक केली के साथ चौथे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। नाहिद राणा ने मुहम्मद अब्बास (19) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इस दौरान एक छोर थामे रन बना रहे निक केली को शोरिफुल इस्लाम ने आउट कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका



दिया। निक केली ने 102 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 83 रनों की पारी खेली। इसके बाद बंगलादेशी गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए विकेट गंवाते रहे। न्यूजीलैंड ने 53 रन जोड़ कर शेष पांच विकेट गंवा दिए। डीन फॉक्सक्रॉफ्ट (15), ब्लेयर टिकनर (12), जॉश क्लार्कसन (छह), जेडेन लेनॉक्स (शुन्य) और विलियम ओरूर्क (छह) रन बनाकर आउट हुए। नेथन स्मिथ ने (18) रनों की नाबाद पारी खेली। बंगलादेश के लिए नाहिद राणा ने 32 रन देकर पांच विकेट लिए। शोरिफुल इस्लाम को दो विकेट मिले।

## बंगलादेश की महिला टीम ने वनडे मैच में श्रीलंका को तीन विकेट से हराया

**राजशाही, वार्ता।** शर्मिन अख्तर (86) और शोभना मोस्तारी (रिटायर हर्ट, एक विकेट और 41 रन) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत बंगलादेश की महिला टीम ने सोमवार को पहले एकदिवसीय मुकबाले में श्रीलंका की टीम को नौ गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बंगलादेश ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।


## कार्यालय निगम, अल्मोड़ा

पत्रांक : 129 /8-2 (2026-2027) दिनांक : 20/04/2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार कार्य की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक **21.04.2026** अपरान्ह् 03:00 बजे से दिनॉक 30.04.2026 को अपराह्न **03:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा को दिनॉक 30.04.2026 को अपराह्न 05:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी /शर्ते निगम कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि मय G.S.T (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि | निविदा की वैधता (दिवस में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Remediation of Legacy Waste | 143.00 | 3.11 | 4000.00+ 18%G.S.T | 12 माह | 180 |

(सीमा विश्वकर्मा)
नगर आयुक्त
नगर निगम, अल्मोड़ा

(अजय वर्मा)
महापौर
नगर निगम, अल्मोड़ा

CMYK



# थिथौला में पार्किंग की आड़ में चल रहा तेल का खेल

## कभी भी हो सकता है कोई भी बड़ा जानलेवा हादसा

**❖वर्ष 2003 में एक घर में रखे तेल में अचानक आग लगने से तीन लोगों की जा चुकी है जान**

मांगेराम गौर

**लंढौरा।** औधोगिक क्षेत्र के थिथौला गांव मे अपने निजी स्थानों पर अवैध रुप से खड़े होने वाले तेल टेंकर तेल कारोबारियों के लिए सुरक्षित स्थान साबित हो रहे हैं। वहीं प्रशासन अवैध रूप से खड़े होने वाले इन तेल टैंकरों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है। वही अवैध रूप से खड़े होने वाले तेल टैंकरों से किसी भी क्षण हो सकने वाली दुर्घटना का डर भी अब ग्रामीणों को सताने लगा है।

लंढौरा औधोगिक क्षेत्र के थिथौला गांव मे दो तेल डिपो और एक गैस डिपो है। यही से उत्तराखंड व आसपास के क्षेत्र में डीजल पेट्रोल और गैस की सप्लाई होती है। तेल डिपों के आसपास लोगों ने अपनी जमीनों की चाहरदीवारी व अपने घरों के बाहर अवैध रूप से टैंकरों के लिए पार्किंग बना रखे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक जब तेल की गाड़ियां खाली होकर प्लांट से तेल लेने आती है। या प्लांट से तेल लेने के बाद चालक आराम करने के बहाने अपनी गाड़ियों



को पार्किंगों में खड़ी कर टैंकरों से तेल निकाल कर तेल कारोबारियों को बेच देते हैं। मजेदार बात तो यह है कि अवैध रूप से संचालित होते वाले पार्किंग स्वामियों की ओर से प्रशासन से कोई अनुमति भी नहीं ली गई है और न ही सुरक्षा के लिहाज से पार्किंगों के आसपास अग्निशमन का कोई बंदोबस्त किया गया है। मालूम हो कि थिथौला गांव मे वर्ष 2003 में एक घर में रखे तेल में अचानक आग लग गई थी। हादसे में तीन लोगों की जान चली गई थी और तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। यही कारण है। कि औध ोगिक क्षेत्र में बिना अनुमति के पार्किंग चलाने तथा अग्निशमन की समुचित व्यवस्था न होने के भय से ग्रामीणों व दुकानदारों को हर समय इस बात का भय बना रहता है कि अगर आबादी क्षेत्र में खड़े इन वाहनों में आग लग जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है। सीओ मंगलौर अभिनय चौधरी का कहना है कि बिना अनुमति के पार्किंग चलाए जाने तथा प्लांट से तेल लेकर टैंकरों को घर व घेर में खड़ा करने का मामला उनके संज्ञान में आया है। शीघ्र ही पार्किंग संचालकों तथा अवैध रुप से निजी स्थानों पर तेल टैंकर खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 25 किलोग्राम गोमांस के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर पुलिस ने आँपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही करते हुए 25 किलोग्राम गौमांस के साथ एक आरोपी को पकडा है। वहीं उसके पास से गौकशी उपकरण भी बरामद किये है। अज्ञात के खिलाफ गोवंश अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली भगवानपुर पुलिस को दिनांक 19/04/2026 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी की ग्राम सिकरोड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकरोड़ा के पास से जा रहे रास्ते में स्थित एक घर के पीछे आम के बाग में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गौकशी की गयी है तथा गौकशी के अवशेष व उपकरण खेत मे पडे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मौके से 25 किलोग्राम गौमांस, 02 कुल्हाड़ी, 01 छुरी, एक लकड़ी का गुटका बरामद किया। बरामद गोमांस को गढ्ढा खुदवाकर व अम्लीय छिडकाव करवाकर दबाया गया। उपरोक्त सम्बन्ध में अज्ञात के विरूद्ध मु0अ0स0 166/26 ध ारा 3/5/11 उत्तराखण्ड गौ वंश संरक्षण अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम-उ0नि0 अशीष नेगी, कानि0 अजय जोशी, कानि0 चन्द्रविकास आदि शामिल रहे।

# नारसन बॉर्डर पर चारधाम यात्रा व्यवस्थाएं सुचारु, यात्रियों को मिल रही बेहतर सुविधाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** चारधाम यात्रा को लेकर नारसन बॉर्डर पर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक मुख्य कमरे की भी व्यवस्था की गई है, जहां आवश्यक कार्यों का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है। सभी आवश्यक इंतजाम सुव्यवस्थित रूप से किए गए हैं।

बॉर्डर क्षेत्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। शौचालयों की व्यवस्था सुव्यवस्थित और स्वच्छ है, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा। इसके साथ ही यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। चारधाम यात्रा के लिए आवश्यक ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया भी अस्थायी रूप से तेज गति से संचालित की जा रही है, जिससे यात्रियों का समय बच रहा है और यात्रा व्यवस्था अधिक सुगम बन रही है। प्रशासन का कहना है



कि यात्रा सीजन के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षित यात्रा अनुभव प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है।

# बुग्गावाला पुलिस ने 4 ओवरलोड डम्पर किए सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुग्गावाल।** सड़क सुरक्षा को लेकर हरिद्वार पुलिस ने एक बार फिर सख्ती दिखाते हुए ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। इस कार्रवाई में खनन सामग्री से लदे चार डम्परों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया और तत्काल सीज कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि हादसों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर जनपदभर में ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 18 अप्रैल 2026 की रात थाना बुग्गावाला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना अध्यक्ष अंकुर शर्मा के नेतृत्व में अमानतगढ़ चौकी क्षेत्र में पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की। चेकिंग के दौरान खनन सामग्री से भरे चार डम्पर ओवरलोड पाए गए, जिनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया। सीज किए गए डम्परों के नंबर हैं। थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा ने बताया कि "ओवरलोडिंग सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है। ऐसे मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम-इस अभियान में उ0नि0 मनोज कुमार (चौकी प्रभारी अमानतगढ़), एएसआई नवीन पंवार, हेड कांस्टेबल कुश यादव और कांस्टेबल रवींद्र भंडारी की सक्रिय भूमिका रही।

# बुजुर्ग दंपति से दस हजार रुपये लेकर युवक फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** रुड़की लक्सर मार्ग पर बाइक सवार युवक झपट्टा मार बुजुर्ग दंपत्ति के दस हजार रुपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित दंपत्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। लंढौरा के मोहल्ला पठानं चौकी निवासी 65 यूसुफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को वह अपनी पत्नी को लेकर रुड़की अल्ट्रासाउंड कराने गया था। शाम को चार बजे के बाद वह हिरोपुक से पत्नी के साथ घर लौट रहा था। इसीदौरान रुड़की लक्सर मार पर स्थित ईंट भट्ठे के पास बाइक सवार युवक ने दंपत्ति को रिश्तेदार बताते हुए रोक लिया और दो सौ रुपये उधार मांगने लगा। बुजुर्ग दंपत्ति का कहना है कि वह युवक के बहकावे में आकर जेब से पैसे निकाल कर देने लगे। तभी युवक झपट्टा मार कर दंपति के दस हजार रुपये लेकर फरार हो गया। चौकी प्रभारी अशोक सिरस्वाल का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे कैमरों की मदद से मामले की जांच की जा रही है।

# पेपर मिल में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** एक पेपर मिल में भीषण आग लगने लग गई जिसमें लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया लेकिन मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मुश्किल से आप पर काबू पाया आगा पर काबू पाने में रुड़की यूनिट के साथ मंगलौर यूनिट ने भी पूरा सहयोग किया

जानकारी के अनुसार समय 11:30 पर फायर स्टेशन रुड़की को प्राप्त सूचना के आधार पर फायर यूनिट रुड़की तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए घटनास्थल पर पहुंच कर सागर पेपर मिल में वेस्ट पेपर में लगी आग को फैलने से रोकते हुए मोटर फायर इंजनो से होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर पंपिंग कर कडी मेहनत से पूर्ण रूप से बुझाया गया। आग से वेस्ट पेपर/ गत्ते आदि जल गए हैं, अन्य कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर यूनिट मंगलौर भी अग्निकांड में शामिल रही आग से लाखों का वेस्ट पेपर जल गए। कम्पनी के प्रबंधक मोके पर मौजूद रहे। घटनास्थल पर गई टीम-प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रुड़की उदयवीर सिंह यादव, लीडिंग



फायरमैन भगवती प्रसाद, चालक विपिन सिंह तोमर, फायरमैन जगवीर सिंह, फायरमैन रविन्द्र सिंह, फायरमैन सुनील सिंह शामिल रहे।

# ताइक्वांडो के प्रतिभावान खिलाड़ियों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रूडकी ताइक्वांडो स्पोर्ट्स क्लब ने डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 का उद्घाटन प्रभु वासुदेव ने दीप प्रज्वलित कर व हरे कृष्णा महा मन्त्र का उच्चारण कर उद्धघाटन किया।

सचिव आनंद कृष्ण यादव ने बताया किइस प्रतियोगिता मे हरिद्वार, व रूडकी,के ताइक्वांडो क्लबों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों मे स्वर्ण पदक विजेताओं मे अभिराज कपूर, युवान, वियान,अथर्व, दक्षिता, परीनिता, अविका, निर्वादा, निकुंज, प्रिशा, अचिंतय, अगस्तय, युवराज, राजदेव, कियांस,अरनया, जी. के. कानमानी, प्रतिष्ठा, अर्णव, माधव, लक्ष्य, ओएशी, अनहिता, मोहित, तक्ष, वियान, नैंसी, मोहित,प्रियल,आयुष सैनी, शौर्य, आर्यन रजत पदक विजेताओं मे -अनंत, निथाई रुहिका वेदिका,अयान, प्रियम, डी मेथयु, विराज,ऋषित, दिव्यांशी चौधरी, शिवोहम,वंश, महेश, ओशो,आकांशा, कांस्या पदक विजेताओ मे ऋषव, संस्कृति, नव्या,प्राप्ति,आयुष बिष्ट, शामिल रहे।

# लक्सर पुलिस ने अवैध शीशम की लकड़ी से भरी पिकअप की सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र में बेशकीमती लकड़ी के अवैध कटान और तस्करी करने वाले माफियाओं के खिलाफ वन विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र गिरी के नेतृत्व में विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए शीशम की लकड़ी से लदी एक महिंद्रा पिकअप को पकड़कर सीज कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद से क्षेत्र के लकड़ी तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

केहड़ा गांव मार्ग पर हुई घेराबंदीलंबे समय से मिल रही अवैध कटान की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधि कारी ने एक विशेष टीम का गठन किया था टीम को सूचना मिली कि केहड़ा गांव मार्ग से अवैध लकड़ी की खेप ले जाई जा रही है सूचना मिलते ही वन विभाग



की टीम ने मार्ग पर मुस्तैदी के साथ घेराबंदी कीइस दौरान एक संदिग्ध महिंद्रा पिकअप को रुकने का इशारा किया गया वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में शीशम के गीले लट्ठे बरामद हुए, जिनसे संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज चालक के पास नहीं मिले वाहन सीज कर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वन क्षेत्राधि कारी ने बताया कि मामले में आरोपी की पहचान कर ली गई है और संबंधित वन अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैध ानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। तस्करों को दी चेतावनीवन विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध कटान या वन संपदा की तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र गिरी ने कहा कि विभाग की गश्त बढ़ा दी गई है और आने वाले दिनों में तस्करी के अड्डों पर और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कलियर विधायक ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर विध ानसभा के गांव मरगुबपुर स्थित बारात घर में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक हाजी फुरकान अहमद और सीएमओ हरिद्वार डॉ. आरके सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर स्थल पर "सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ शिशु, उज्ज्वल भविष्य" का संदेश भी दिया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, हरिद्वार की ओर से आयोजित इस शिविर में 400 से अधिक लोगों की जांच की गई। इसमें एचआईवी, काला पीलिया, शुगर, ब्लड प्रेशर, टीबी, बलगम, बुखार समेत अन्य बीमारियों की जांच शामिल रही। गर्भवती महिलाओं की विशेष जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां और पोषण किट वितरित की गई, साथ ही शुगर, एक्स-रे और टीबी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।सीएमओ डॉ आर के सिंह सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान सावधानियां बरतने और घर की बजाय अस्पताल में ही प्रसव कराने की सलाह दी ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रह सकें। शिविर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के प्रति



जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि ऐसे शिविरों से क्षेत्रवासियों को एक ही स्थान पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं और भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। सीएमओ डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक करना और समय पर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करना है।रुड़की ब्लॉक प्रभारी डॉ. राव अकरम ने कहा कि इस तरह के शिविरों से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई हैं, जिससे उनमें खून की कमी नहीं होगी और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जा सकेगा।इस मौके पर एसीएमओ रमेश सिंह कुँवर, अनिल वर्मा, डॉ. यश तोमर, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. शरफराज सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

# चाकू लेकर घूम रहा संदिग्ध युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** कोतवाली भगवानपुर ने 'चाकू लेकर घूम रहे संदिग्ध को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली भगवानपुर से चेतक मोबाइल पर नियुक्त पुलिसकर्मियों ने दिनांक 20/04/2026 को दौराने चैंकिग फरीद नामक संदिग्ध युवक को ग्राम हसनपुर जाने वाले पुल के ऊपर से अवैध चाकु के साथ दबोचा। आरोपी संभवत: किसी संगीन घटना को अंजाम देने के फिराक में था। पकडें गये व्यक्ति के विरुद्ध कोतवाली भगवानपुर पर मु0अ0स0 166/2026 धारा 4/25(1-ठ)(इ) आर्म्स एक्ट आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किये गया। न्यायालय में पेश किया जा रहा है। विवरण आरोपित- 'फरीद पुत्र मुन्तियाज निवासी ग्राम खेलपुर कोतवाली भगवानपुर है।

# रुड़की के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने बढ़ाया शहर का मान: जेएम

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अकादमी लीगेसी अवार्ड 2026 से किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** संत स्पोर्ट्स अकादमी, रुड़की में रविवार को एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गोवा में सम्पन्न 48वीं ऑल इंडिया नेशनल मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप के पदक विजेताओं और शहर के अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के योगदान को सराहना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री दीपक रामचंद्रन सेट उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय शटलर डॉ. राजेंद्र पाल ने की, मंच का सफल संचालन अमजद उस्मानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने अकादमी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इतनी वरिष्ठ आयु में भी खेल के प्रति ऐसा जुनून युवाओं के लिए एक बड़ी मिसाल है। उन्होंने उपस्थित बाल खिलाड़ियों से जीवन में किसी भी खेल को अपनाने और उसके निरंतर अभ्यास करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले राधेश्याम गोयल (स्वर्ण



पदक) और बी.बी. गुप्ता (कांस्य पदक) को विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने दोनों पदक विजेताओं को दी अकादमी लीगेसी अवॉर्ड की ट्राफियां भी प्रदान की। उनके साथ ही उन्होंने रुड़की के अन्य वरिष्ठ बैडमिंटन खिलाडी एवं अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं डॉ. राजेंद्र पाल, ओमप्रकाश पाल, डॉ मधुराका सक्सेना, दिनेश शर्मा, तेजपाल सिंह, अलका गुप्ता, को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर बी.बी. गुप्ता ने कहा कि गोवा में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना और आज अपनी अकादमी में सम्मानित होना एक सुखद अनुभव है। हमारा उद्देश्य युवाओं को यह दिखाना है कि फिटनेस और खेल जीवनभर का साथी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. राजेंद्र पाल ने कहा कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव और उनके योगदान को पहचान देना एक सराहनीय कदम है। संत अकादमी ने हमें एक ऐसा मंच दिया है जहाँ उम्र केवल एक संख्या मात्र रह जाती है। कार्यक्रम के अंत में अकादमी के निदेशक देवेन्द्र सिंह वर्मा ने मुख्य अतिथि और सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, कृष्ण गोपाल, सुनील चौधरी, अंकुर त्यागी, शैलेंद्र चौहान, अंकुश, वंश सैनी, सुरेंद्र वर्मा, गोविंद यादव, वासु, वीरिका, दृष्टि, मुस्कान, सुभाष एवं अकादमी के कोचिंग ले रहे नन्हें खिलाड़ियों ने अपने वरिष्ठ नायकों का उत्साहवर्धन किया।

गजब : देवबंद शाखा के अधिशासी अभियंता ने

# अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए रख दिया शासनादेश ताक पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** समानांतर देवबंद शाखा खंड रुड़की के अधिशासी अभियंता शालिनी कौशल के द्वारा अपने 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई बार अपने चहेते कर्मचारियों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से पटल परिवर्तन किया जा किया गया है।। इस कड़ी में इन्होंने अपने पत्रांक 1194 दिनांक 11 नवंबर 2025 से एक ही पटेल पर 3 वर्ष पूर्ण होने वाले कर्मचारियों का पटल परिवर्तन किया गया था, लेकिन अल्प अवधि पांच माह के अंदर ही जिन्हें जिस पटल से हटाया गया था उन्हें उसी का चार्ज आदेश संख्या 100 दिनांक 18 अप्रैल 2026 के द्वारा कर दिया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।। इस संबंध में खंड के प्रशासनिक अधिकारी मुकेश सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है, और नहीं उनके हस्ताक्षर हैं।। मिनिस्ट्रियल संगठन के मंत्री दानिश खा से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि हमारे पास लिखित या मौखिक में शिकायत प्राप्त होगी तो संघ की तरफ से प्रमुख अभियंता महोदय एवं मुख्य अभियंता यमुना को शासनादेश के विरुद्ध पटल परिवर्तन के संबंध में लिखा जाएगा।।

CMYK

# सम्पादकीय

मंगलवार, 21 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## मुद्रास्फीति का फैलता दबाव

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के युद्ध ने महत्वपूर्ण ईंधनों की आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। इससे इनकी वैश्विक कीमतें बढ़ गई हैं और दुनिया की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव फैल गया है। रुपये के अवमूल्यन से आयात की लागत भी बढ़ गई है। इनमें उर्वरक, प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल उत्पाद शामिल हैं। पेट्रोकेमिकल उत्पाद फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र और आटोमोबाइल के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत में मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.4 फीसदी रही और यह फरवरी महीने के 3.2 फीसदी से जरा सा ज्यादा है, लेकिन यह बढ़ोतरी सिर्फ देखने में ही मामूली लगती है। यह बात थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर बढ़ते दबाव से साफ है, जो मार्च में 38 महीनों के उच्चतम स्तर 3.88 फीसदी पर पहुंच गया। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) का आधार वर्ष बदलकर 2024 हो गया है, वहीं डब्ल्यूपीआई के आधार वर्ष के रूप में अभी भी 2011-12 का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। मुद्रास्फीति के ताजा आंकड़ों की व्याख्या करते वक्त इस फर्क को जरूर ध्यान में रखा जाना चाहिए। मार्च का सीपीआई भले ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 फीसदी दृ 6 फीसदी की सहनशीलता के आरामदायक दायरे के भीतर दिखाई देता है, लेकिन यह आंकड़ा मुख्य रूप से बढ़ती इनपुट लागतों, खासतौर पर ईंधन की कीमतों से प्रेरित दबावों के कहीं ज्यादा जटिल जमाव को छिपाता है। डब्ल्यूपीआई की मुद्रास्फीति फरवरी में लगभग 2.4 फीसदी से बढ़कर मार्च में 3.88 फीसदी हो गई, जो थोक मूल्य के दबाव में होते महीने-दर-महीने तेज इजाफे का संकेत देती है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में इसका मामूली प्रभाव ही देखने को मिला है और उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) फरवरी में लगभग 3.4 फीसदी से हल्का बढ़कर मार्च में लगभग 3.8 फीसदी हो गया है। इस अंतर की कई वजहें हैं। इनमें सबसे अहम अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये का लगभग 2.5 फीसदी-3 फीसदी का तेज अवमूल्यन है। चूंकि दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का व्यापार डालर में होता है, इससे आयातित मुद्रास्फीति में और इजाफा हुआ है। कई कंपनियों ने भले ही इन बढ़ती लागतों को वहन कर लिया है, लेकिन यह ज्यादा देर तक नहीं चल सकता है। साथ ही, मार्च में निर्यात (साल-दर-साल के आधार पर लगभग 3 फीसदी- 4 फीसदी की गिरावट और आयात साल-दर-साल के आधार पर लगभग 5 फीसदी - 6 फीसदी की गिरावटऋ में कमी सिर्फ कमजोर मांग का ही नहीं, बल्कि युद्ध के चलते आपूर्ति में आई बाधाओं का भी संकेत है। इसके जवाब में, निर्यातक दृ खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) - अपने उत्पादन को घरेलू बाजार की ओर मोड़ रहे हैं और इस कदम को निर्यात-उन्मुख इकाइयों से ज्यादा घरेलू बिक्री की इजाजत देने वाली नीतिगत छूटों से मदद मिल रही है। इससे स्थानीय स्तर पर आपूर्ति की अधिकता हो रही है, लेकिन बढ़ती इनपुट लागतों के कारण उत्पादकों के मुनाफे में कमी आने के चलते कीमतों का लाभ ग्राहकों तक पहुंचने में देरी हो रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि सीपीआई में अस्थायी रूप से गिरावट आई है। जैसे-जैसे ये दबाव कम होंगे, विकास की गति धीमी होने के बावजूद मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है।

## सरकार की विदेश नीति के लिए झटका



जिस देश को विदेश मंत्री एस. जयशंकर दलाल बता रहे थे, उसी को दूसरी बार अमे. रिका-ईरान शांति वार्ता की मेजबानी का मौका मिल रहा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की विदेश नीति के लिए झटका है, अब कूटनीतिक तथा रणनीतिक स्तर पर बदलाव की सख्त जरूरत है, बारह अप्रैल को पहले दौर की वार्ता पूरी होने के बाद पाकिस्तान ने सऊदी अरब और कतर से छह अरब डॉलर का कर्ज लिया, ताकि संयुक्त अरब अमीरात के 3.5 अरब डॉलर के कर्ज को चुका सके, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गंभीर संकट में है और वह मित्र देशों की सहायता पर निर्भर है, इसके बावजूद वह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक भूमिका निभा रहा है,श्री मोदी की क्षेत्रीय और वैश्विक कूटनीति पाक को अलग- थलग करने में विफल रही है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# शहर की सेहत ठीक नहीं : हमारी आदतें इसका रोग हैं





प्रो. आर.के. जैन

शहरों की असल तस्वीर उनकी ऊंची इमारतें नहीं, बल्कि बिखरी हुई नागरिक आदतें बयान करती हैं। भागती सुबह में उड़ता कचरा, लाल बत्ती को रौंदती गाड़ियां, फुटपाथों पर जमे वाहन और सार्वजनिक स्थानों के प्रति बेपरवाहीकूए सब उस मानसिकता का खुला बयान हैं, जो अधिकार तो चाहती है, पर कर्तव्य से बचती है। घर की चमक और बाहर की गंदगी का यह तीखा विरोध अब हमें झकझोरता नहीं, क्योंकि हमने इसे सामान्य मान लिया है। यहीं सिविक सेंस दम तोड़ता है। हम व्यवस्था से उम्मीदें ऊंची रखते हैं, लेकिन उसे बनाने में अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काट लेते हैं। 2026 में भी यही सोच इस समस्या को जिंदा रखे हुए है।

दैनिक जीवन में सिविक सेंस की कमी केवल दिखाई नहीं देती, बल्कि आंकड़ों में भी साफ दर्ज है। देश के शहरी इलाके हर दिन लगभग 1।62 लाख टन नगरपालिका कचरा पैदा करते हैं, जिसका बड़ा हिस्सा अब भी लैंडफिल या खुले में जा पहुंचता है यह बताता है कि स्रोत पर अलग करना और सही निस्तारण जैसी बुनियादी आदतें अब भी हाशिए पर हैं। ट्रैफिक के मोर्चे पर स्थिति और भयावह है। 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में 1. 77 लाख से अधिक मौतें दर्ज हुईं यानी औसतन रोज 485 जिंदगियां खत्म। ओवरस्पीडिंग, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी, गलत पार्किंग जैसी लापरवाहियां इस त्रासदी की मुख्य वजह रहीं। सबसे चिंताजनक वह सोच है, जो इन आंकड़ों के पीछे छिपी है दूसरे नहीं मानते, तो मैं क्यों मानूं? यही मानसिकता सिविक सेंस को भीतर से खोखला कर रही है। समस्या सतह पर नहीं, हमारी परवरिश और सामाजिक ढांचे में जमी है। स्कूलों में सिविक सेंस सैद्धांतिक रह जाता है, व्यवहारिक अभ्यास लगभग गायब है। बच्चे किताबों में अनुशासन पढ़ते हैं, पर घर और सड़कों पर उसका उल्टा देखते हैं यहीं से विरोधाभास जन्म लेता है। सफाई को किसी और का काम मानना और सार्वजनिक संपत्ति से दूरी इस कमी को और गहरा करते हैं। कानून तो हैं, पर उनका प्रवर्तन न निरंतर है, न सख्तय जुर्माना अपवाद बनकर रह जाता है, आदत नहीं बदलती। विडंबना यह कि विदेश में नियमों का पालन करने वाला नागरिक, अपने देश में लौटते ही वही पुरानी लापरवाही दोहराता है यही दोहरापन बदलाव की सबसे बड़ी बाधा है।

इसके दुष्परिणाम केवल दृश्य गंदगी तक सीमित नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पर्यावरणकृतीनों पर भारी पड़ते हैं। कचरे और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियां लाखों लोगों, खासकर गरीबों और बच्चों को प्रभावित कर रही हैं। सड़क दुर्घटनाएं परिवारों को एक झटके में आर्थिक और भावनात्मक संकट में धकेल देती हैं। पर्यावरणीय नुकसान भी गहरा है देश की 296 नदियों के खंड प्रदूषित हैं, जिनमें प्लास्टिक और औद्योगिक अपशिष्ट की बड़ी भूमिका है। कई शहरों में हवा खतरनाक स्तर पर बनी हुई है खुले में कचरा जलाना इसे और विषैला बनाता है, जबकि अव्यवस्थित निपटान भूजल को भी दूषित करता है। इसका असर पर्यटन, निवेश और शहरों की छवि पर साफ दिखता है। जब नागरिक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते हैं, तो विकास की रफ्तार भी थमने लगती है।

सरकारी स्तर पर पहलें कमजोर नहीं रहीं स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 ने ढांचे को मजबूती दी है और नतीजे भी दिखने लगे हैं। 2025 तक शहरी क्षेत्रों में कचरा प्रसंस्करण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, कई शहरों में डोर-टू-डोर संग्रह 90 प्रतिशत कवरेज तक पहुंच चुका है और लीगेसी वेस्ट की सफाई ने रफ्तार पकड़ी है। इंदौर लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 1 बना हुआ है, जबकि सूरत और नवी मुंबई जैसे शहर व्यवहार और प्रबंधन दोनों के सफल मॉडल पेश कर रहे हैं। 2026 के नए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों ने स्रोत पर 4-स्ट्रीम सेग्रिगेशन को अनिवार्य कर एक स्पष्ट दिशा भी तय कर दी है। फिर भी तस्वीर अधूरी है उपलब्धियों के बावजूद आम नागरिक के व्यवहार में अपेक्षित बदलाव नजर नहीं आता। साफ है, इन्फ्रास्ट्रक्चर जरूरी है, लेकिन निर्णायक बदलाव मानसिकता बदलने से ही आएगा। वैश्विक अनुभव बताते हैं कि सिविक सेंस कानून से नहीं, संस्कृति से बनता है। जापान में बच्चे स्कूल की सफाई खुद करते हैं सार्वजनिक जगह गंदा करना वहां अस्वीकार्य है। सिंगापुर ने सख्त प्रवर्तन से ऐसी आदतें विकसित कीं, जो अब स्वाभाविक व्यवहार हैं। भारत में भी इंदौर और सूरत जैसे शहरों ने शिक्षा, सामुदायिक निगरानी और कड़े अमल के संयोजन से उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। अब जरूरी है कि स्कूलों में सिविक सेंस को पाठ विषय नहीं, अनिवार्य व्यवहारिक अभ्यास बनाया जाए, युवाओं को नेतृत्व मिले और तकनीक आधारित निगरानी मजबूत हो। वास्तविक, स्थाई बदलाव तभी संभव है जब इसकी शुरुआत परिवार और शिक्षा दोनों स्तरों से एक साथ हो। समाधान किसी बड़े सूत्र में नहीं, बल्कि निरंतरता और व्यक्तिगत जिम्मेदारी की ठोस आदतों में छिपा है। कूड़ा डस्टबिन में डालना, सिग्नल पर रुकना, फुटपाथ खाली रखना और सार्वजनिक संपत्ति का सम्मान ए छोटे कदम जब सामूहिक व्यवहार बनते हैं, तभी बड़ा बदलाव आकार लेता है। व्यवस्था को भी ढील नहीं, दृढ़ता चाहिए दोहराए उल्लंघनों पर लाइसेंस निलंबन, अनिवार्य सामुदायिक सेवा जैसे कड़े प्रावधान लागू हों। साथ ही, जिम्मेदार आचरण को पहचान और प्रोत्साहन मिले, ताकि सकारात्मक उदाहरण फैलें। मीडिया, एनजीओ और स्थानीय समुदाय मिलकर लगातार, लक्ष्य-आधारित जागरूकता अभियान चलाएं तभी बदलाव टिकाऊ बनेगा।

अब मुद्दा कब नहीं, कैसे का है। साफ सड़कें, अनुशासित ट्रैफिक और जिम्मेदार नागरिकता किसी एक योजना की देन नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना की पहचान हैं। आंकड़े साफ चेतावनी दे रहे हैं हर दिन 1.62 लाख टन कचरा, सालाना 1.77 लाख सड़क मौतें और लगातार प्रदूषित होती नदियां। इसके बावजूद अगर हम बदलाव टालते हैं, तो समस्या ही हमारी आदत बन जाएगी। विकसित भारत का सपना नीतियों से नहीं, हमारे रोजमर्रा के व्यवहार से साकार होगा। सिविक सेंस कोई विचार भर नहीं, बल्कि हमारी पहचान बनना चाहिए और इसकी शुरुआत आज, अभी, हमारे हर छोटे जिम्मेदार कदम से होनी चाहिए।

# गुजरात जा रहे हैं, तो इन जगहों को न भूलें

**पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ ३ वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।**

गुजरात में घूमने के लिए ऐसी कई जगहें हैं, जो बच्चों को बहुत पसंद आएगी। अगर आप गुजरात के ही रहने वाले हैं, तो वीकेंड पर यहां जाने का प्लान बना सकते हैं, लेकिन अगर आप गुजरात घूमने गए हैं और बच्चों को किसी खास जगह पर घुमाना चाहते हैं, तो इन जगहों पर जाना बिल्कुल न भूलें, क्योंकि यहां जाकर केवल बच्चों को ही नहीं बल्कि आपको भी मजा आने वाला है। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ खास ऐसी जगहों के बारे में बताएंगे, जहां मस्ती करने के लिए आप जा सकते हैं।

**समुद्री राष्ट्रीय उद्यान**

अगर भी बच्चों के साथ कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो इस जगह को लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए। यहां पर लोग विदेशी पक्षियों और रंग बिरंगा मूंगा देखने आते हैं। इसके साथ ही यहां पर आपको समुद्री जानवरों की कई प्रजातियों के साथ-साथ डॉल्फिन भी देख पाएंगे। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। बता दें कि गुजरात में घूमने के लिहाज से यह काफी अच्छी जगह है।

**कैसे पहुंचे**

आप करीबी हवाई अड्डे जामनगर से यहां आ सकते हैं और यह सिर्फ 7 किमी की दूरी पर है। इसके अलावा आप यहां पर राजकोट और जामनगर रेलवे स्टेशन के जरिए यहां तक यात्रा कर सकते हैं।

**पिरोटन द्वीप**



पिरोटन एक छोटा द्वीप है, जो घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है और आपको यहां पर किसी तरह की कमी का एहसास नहीं होगा। हालांकि द्वीप सिर्फ 3 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला है। यह द्वीप चारों तरफ से हरे-भरे क्षेत्र में फैला है। अगर आप गुजरात घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप यहां घूमने के लिए आ सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग भी कर पाएंगे। क्योंकि यहां तक आने का सिर्फ यही एक साधन है।

**ऐसे पहुंचें**

आपको बता दें कि यहां पर आप सिर्फ जलमार्ग से ही आ सकते हैं। इसके लिए आपको बेदी में नजदीकी बंद. रगाह से एक किराए पर नाव लेनी होगी, जो आपको 2 घंटे में यहां पर पहुंचाएगी। अगर आप भी कुछ मजेदार करना चाहते हैं, तो अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए।

**वस्त्रपुर झील**


यह तो सभी जानते हैं कि बच्चों को पानी वाली जगह से बहुत प्यार होता है। झील और समुद्र आदि बच्चों की पसंदीदा जगह होती है। ऐसे में आप बच्चों के साथ शहर की व्यस्त जिंदगी से अलग सुकून और शांति का समय बिताने के लिए यहां जा सकते हैं। यहां पर आप बच्चों के साथ पिकनिक और बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे**

अहमदाबाद से पालनपुर तक के लिए आपको आसानी से बस मिल जाएगी। इसकी दूरी 143 किमी है और आप यहां सिर्फ 3 घंटे में पहुंच जाएंगे।

# एक शैवाल जो नाइट्रोजन को उपयोगी बनाती है

कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस के समान नाइट्रोजन भी एक जरूरी पोषक तत्व है। पृथ्वी के वायुमंडल में लगभग 80 प्रतिशत नाइट्रोजन है लेकिन मजेदार बात है कि पेड़-पौधे इसका उपयोग तब तक नहीं कर सकते जब तक कि इसे यौगिकों में न बदल दिया जाए। नाइट्रोजन स्थिरीकरण का यह अत्यंत महत्वपूर्ण काम पृथ्वी पर सिर्फ आर्किया और बैक्टीरिया समूह के सूक्ष्मजीव कर पाते हैं और इन्हीं की बदौलत नाइट्रोजन पेड़-पौधों को मिलती है। लेकिन हालिया अध्ययन से पता चला है कि एक शैवाल भी यह काम कर सकती है। हाल ही में वैज्ञानिकों ने पहली ऐसी शैवाल की खोज की है जो उसमें पाए जाने वाली एक छोटी कोशिका संरचना की बदौलत हवा की नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकती है। नाइट्रोजन सजीवों की वृद्धि एवं जीवन क्रियाओं के लिए एक अनिवार्य तत्व है लेकिन पेड़-पौधे, शैवाल वगैरह तात्विक नाइट्रोजन का उपयोग नहीं कर सकते, बल्कि तभी कर सकते हैं जब वह यौगिकों के रूप में मिले। शोधकर्ताओं ने इस शैवाल में पाई गई इस संरचना को अंगक यानी ऑर्गेनेल कहा है। और इसे नाम दिया गया है नाइट्रोप्लास्ट।




यह शोध अप्रैल 2023 में साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ था। शोधकर्ताओं के अनुसार जेनेटिक इंजीनियरिंग की तकनीक से इस संरचना के जीन्स को पौधों में रोप दिया जाए तो वे स्वयं नाइट्रोजन को परिवर्तित करने में सक्षम हो सकते हैं। इससे फसलों की पैदावार बढ़ सकती है और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हो सकती है। अध्ययन के एक सह लेखक कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के समुद्री पारिस्थितिक वैज्ञानिक के. जोनाथन जेहर कहते हैं कि अब तक पाठ्य पुस्तकों के अनुसार नाइट्रोजन स्थिरीकरण (यानी नाइट्रोजन तत्व को यौगिकों में बदलने) की क्षमता केवल बैक्टीरिया और आर्किया समूह में ही पता थी। यह प्रोकैरियोटिक जीव हैं। कोशिका बनावट के आधार पर जीव दो तरह के होते हैं। प्रोकैरियोट (जिनमें केंद्रक नहीं पाया जाता) और यूकैरियोट (जिनमें सुस्पष्ट केंद्रक पाया जाता है और जेनेटिक पदार्थ केंद्रक में होता है)। उनका अध्ययन बताता है कि शैवाल की यह प्रजाति पहला यूकैरियोटिक जीव है जिसमें नाइट्रोजन स्थिरीकरण की क्षमता है। यूकैरियोटिक जीवों में पौधे और जंतु शामिल हैं। 2012 में जेहर के शोधदल ने बताया था कि ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी (Braarudosphaera bigelowii) नामक एक समुद्री शैवाल नाम के बैक्टीरिया से करीबी रूप से जुड़ा रहता है। लगता था कि यह बैक्टीरिया शैवाल की कोशिका के अंदर या उसके ऊपर रहता है। शोधकर्ताओं का अनुमान था कि यह बैक्टीरिया नाइट्रोजन गैस को अमोनिया जैसे यौगिकों में बदल देता है जिसका उपयोग शैवाल अपनी वृद्धि में करता है। माना गया था कि नाइट्रोजन के बदले में बैक्टीरिया को शैवाल से कार्बनिक ऊर्जा स्रोत अर्थात पोषक पदार्थ मिलते होंगे, लेकिन नवीनतम अध्ययन के आधार पर शोधकर्ताओं का निष्कर्ष है कि UCYN-A बैक्टीरिया को एक स्वतंत्र जीव के रूप में नहीं बल्कि इस शैवाल के अंदर रहने वाले एक अंगक के रूप में देखा जाना चाहिए। जेहर का कहना है कि एक पूर्व अध्ययन में किए गए जेनेटिक विश्लेषण के अनुसार इस शैवाल और बैक्टीरिया के पूर्वजों के बीच लगभग 10 करोड़ वर्ष पूर्व एक सहजीवी सम्बंध स्थापित हुआ था। इस सहजीवी सम्बंध ने अंततः एक अंगक का रूप ले लिया है, नाइट्रोप्लास्ट। यह अब ब्रारुडोस्फेरा बिगलोवी शैवाल के अंदर विराजमान है।

**इसे अंगक क्यो कहें?**

आखिर किसी कोशिका के अंदर रहने वाले जीव को स्वतंत्र जीव न मानकर अंगक क्यों माना जाए? किसी मेजबान कोशिका के अंदर रहने वाला बैक्टीरिया अंगक है या नहीं, यह तय करने के लिए दो प्रमुख मापदंडों का उपयोग किया जाता है। पहला तो यह है कि विचाराधीन कोशिका संरचना (बैक्टीरिया) मेजबान कोशिका में पीढ़ी-दर-पीढ़ी साथ चलना चाहिए अर्थात जब मेजबान कोशिका विभाजित होकर दो कोशिकाएं बनें तो दोनों में वह संरचना पहुंचनी चाहिए। दूसरी कसौटी यह है कि वह संरचना मेजबान कोशिका द्वारा मिलने वाले प्रोटीन पर निर्भर होना चाहिए। नाइट्रोप्लास्ट इन दोनों मापदंडों पर खरा पाया गया है। इस कोशिका के विभाजन के विभिन्न चरणों में दर्जनों शैवाल कोशिकाओं की इमेजिंग करके शोधकर्ताओं ने पाया कि मेजबान कोशिका के विभाजन के ठीक पूर्व नाइट्रोप्लास्ट दो भागों में विभाजित हो जाता है।

इस तरह यह नाइट्रोप्लास्ट मूल कोशिका से उसकी संतान कोशिकाओं में स्थानांतरित होता रहता है। यह ठीक वैसा ही है जैसा कि कोशिका में उपस्थित अन्य अंगकों में होता है। उल्लेखनीय है कि क्लोरोप्लास्ट और माइटोकॉण्ड्रिया भी अंगक ही हैं और उनमें भी को. शिका विभाजन के दौरान ऐसा ही होता है। इसके अलावा क्रोमोप्लास्ट, एमायलोप्लास्ट आदि भी अंगक ही हैं। माना जाता है कि ए भी कभी स्वतंत्र रूप से रहने वाले जीव थे जो अब पौधों की कोशिकाओं में स्थाई रूप से बस गए हैं और पादप अंगक कहलाते हैं। क्लोरोप्लास्ट के कारण ही पौधों में प्रकाश संश्लेषण संभव हुआ है और माइटोकॉण्ड्रिया ऑक्सी-श्वसन क्रिया को संभव बनाता है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि इस नाइट्रोप्लास्ट को सारे जरूरी प्रोटीन्स शैवाल की कोशिका से ही मिलते है। हालांकि नाइट्रोप्लास्ट मेजबान कोशिका के आयतन का 8 प्रतिशत से ज़्यादा होता है लेकिन इसके पास वे मुख्य प्रोटीन ही नहीं होते जो प्रकाश संश्लेषण और आनुवंशिक पदार्थ बनाने के लिए जरूरी हैं। ए प्रोटीन उसे शैवाल से ही प्राप्त होते हैं।

**आंतरिक सहजीवी**

सर्व प्रथम एंड्रियास शिंपर ने सन 1883 में यह प्रस्ताव रखा था कि वर्तमान पेड़-पौधों की कोशिकाओं में पाया जाने वाला क्लोरोप्लास्ट कोशिकीय सहजी. विता का एक उदाहरण है। इस परिकल्पना के अनुसार क्लोरोप्लास्ट उन सायनोबैक्टीरिया के वंशज हैं जो किसी जीव द्वारा भक्षण के दौरान कोशिका के अंदर ले लिए गए थे। किसी कारण से ए पचने से बच गए और अब वहां आंतरिक सहजीवी के रूप में निवास कर रहे हैं। सायनोबैक्टीरिया और क्लोरोप्लास्ट द्वारा निर्मित प्रोटीन में समानताओं के आधार पर इस परिकल्पना को बल मिलता है। समय के साथ यह आंतरिक सहजीवी स्वतंत्र रूप से रहने की क्षमता खो बैठे क्योंकि उनकी अनुवांशिक सूचनाओं (डीएनए) का एक बड़ा हिस्सा धीरे-धीरे मेजबान कोशिका के केंद्रक में स्थानांतरित हो गया। उपरोक्त तथ्यों के चलते क्लोरोप्लास्ट व माइटोकॉण्ड्रिया के लिए आंतरिक सहजीवी शब्द का उपयोग उचित ही लगता है। **---साभार प्रभा**

## दक्षिण कोरिया व भारत सम्बन्धों को भविष्योन्मुखी साझेदारी में बदलेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को यहां द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को 'भविष्योन्मुखी साझेदारी' में बदलने का संकल्प लिया और कहा कि भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच के ये संबंध प्रौद्योगिकी, व्यापार और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा रणनीतिक हितों पर आधारित होंगे। बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि आठ वर्ष बाद दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा, अत्यंत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों के बीच के गहरे तालमेल को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और कानून के शासन के प्रति सम्मान दोनों देशों की मूल पहचान का हिस्सा है।



**श्रीनगर। निजी बसों के चालकों और कंडक्टरों द्वारा सरकार के स्मार्ट सिटी बस सेवाओं को अन्य जिलों में विस्तारित करने के प्रस्ताव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बाद बस स्टैंड के पास से गुजरते लोग।**

## फ्रांस ने एलन मस्क को पूछताछ के लिए बुलाया, एक्स पर डीपफेक कंटेट का आरोप


**पेरिस।** फ्रांस की जांच एजेंसियों ने इलान मस्क को पेरिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। यह मामला उनकी कंपनी एक्स (पहले ट्विटर) पर चाइल्ड एब्यूज और डीपफेक कंटेंट फैलने के आरोपों से जुड़ा है। यह जांच जनवरी 2025 में शुरू हुई थी। शुरुआत में आरोप था कि एक्स का एल्गोरिद्म फ्रांस की राजनीति को प्रभावित करने के लिए इस्तेमाल हो सकता है। बाद में जांच का दायरा बढ़ाकर एक्स के एपी चौटबाट 'ग्रोक' को भी शामिल किया गया। एक्स के एपी चौटबाट पर महिलाओं और बच्चों की आपत्तिजनक तस्वीरें बनाने का आरोप है। इसी केस में पूर्व सीईओ लिंडा याकारिनो और कुछ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिकी पायलटों के फंसने से बौखलाए थे ट्रम्प

## सहयोगियों पर चीखे, फिर टीम ने वॉर रूम से बाहर रखा, सहयोगियों ने उन्हें बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर करने से गुरेज नहीं किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ्ते के युद्ध विराम की मियाद 21 अप्रैल को पूरी होने वाली है। अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान एक मौका, तो ऐसा आ गया था, जब ट्रम्प अचानक हुए कुछ घटनाक्रमों के चलते बुरी तरह बौखला गए थे।

आलम यह था कि राष्ट्रपति लगातार अपने सहयोगियों पर चिल्लाते जा रहे थे। नतीजतन उनके सहयोगियों ने उन्हें एक बहुत अहम बैठक वाले कमरे से बाहर तक करने से गुरेज नहीं किया। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ा खुलासा किया है अमेरिकी अखबार-द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने। अमेरिकी अधिकारियों और व्हाइट हाउस से जुड़े सूत्रों के हवाले से छपी इस रिपोर्ट में ट्रम्प के लगातार बदलते रवैये का उदाहरण देने के लिए जिस घटनाक्रम की बात की गई है, वह था-ईरान में एक अमेरिकी एफ-15ई लड़ाकू विमान के क्रैश होने और इसके पायलट-एयरमैन



■ ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है

के ईरानी धरती पर फंसने की। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे ट्रम्प का अनियंत्रित-बेलगाम व्यवहार उनके प्रशासन, रिपब्लिकन पार्टी और उनके समर्थकों के लिए भी चिंता का विषय बनता चला गया। ईरान युद्ध के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया सार्वजनिक रूप से बेहद आक्रामक रहा है। हालांकि, अखबार ने कुछ घटनाक्रमों के जरिए दावा किया है कि ट्रम्प अंदरूनी बैठकों और मुलाकातों में अपने डर भी जाहिर करते रहे हैं। इतना ही नहीं एक मौके पर तो उनका व्यवहार अचानक से अस्थिर हो गया। ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों और व्हाइट हाउस के सूत्रों के मुताबिक, यूं तो अमेरिकी राष्ट्रपति युद्ध को जल्द से जल्द खत्म करने और एक समझौते पर पहुंचने के लिए बेताब हैं, लेकिन इसके लिए वे एक अजीब रणनीति अपना रहे हैं। ईरान को डराकर बातचीत की मेज पर लाने के लिए वे जानबूझकर खुद को अस्थिर और खतरनाक दिखा रहे हैं। इसी के चलते उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना किसी सलाह के अचानक ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दे डाली। इसके अलावा, उन्होंने ईस्टर के दिन अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए अल्लाह की तारीफ जैसे पोस्ट किए, ताकि ईरानियों को उन्हीं की भाषा में डराया जा सके। सूत्रों के मुताबिक, ट्रम्प कुछ मौकों पर अमेरिकी सैनिकों के हताहत होने को लेकर भी बेहद चिंतित दिखाई दिए हैं। इसी कारण उन्होंने खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के सैन्य सुझाव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि अमेरिकी सैनिक वहां ईरान के आगे आसान निशाना बन जाएंगे। हालांकि, ईरान को लेकर वे लगातार आक्रामक और भड़काऊ भाषण देते रहे। अधिकारियों का कहना है कि गंभीर सैन्य संघर्ष के बीच भी राष्ट्रपति का ध्यान अक्सर भटक जाता है।

# कूटनीतिक बातचीत सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार: अजीजी

## अमेरिका से कोई भी बातचीत तभी सफल होगी, जब ईरान के राष्ट्रीय हित सुरक्षित हों: वरिष्ठ ईरानी सांसद

**तेहरान/मास्को।** ईरान के वरिष्ठ सांसद इब्राहिम अजीजी ने सोमवार को अमेरिका के साथ चल रही कूटनीतिक बातचीत को सैन्य संघर्ष का ही एक विस्तार बताया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कोई भी बातचीत तभी होगी जब वह पूरी तरह से ईरान के राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के पक्ष में हो।

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख अजीजी ने अल जजीरा को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि बातचीत को लेकर ईरान का रुख रणनीतिक गणना पर आधारित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में होने वाली संभावित वार्ताओं सहित मौजूदा बातचीत को 'युद्ध के मैदान के विस्तार' के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है। लेकिन अगर अमेरिकी इसे अपनी दादागिरी और अत्यधिक मांगों का मंच बनाना चाहते हैं, तो यह कतई स्वीकार्य नहीं है। अजीजी ने पुष्टि की कि ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखने का फैसला तो किया है,



■ ईरान को अपने शांति पूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु उर्जा के उपयोग का पूरा अधिकार: काजेम जलाली
■ ईरान अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है
■ अगर बातचीत से ऐसे नतीजे निकलते हैं जो युद्ध के मैदान की उपलब्धियों को सुरक्षित रखते हैं, तो यह एक अवसर है: अजीजी

लेकिन यह 'किसी भी कीमत पर' नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान की 'लक्ष्मण रेखा' पर कोई समझौता नहीं होगा और उनका सम्मान किया जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस्लामाबाद में प्रतिनिधिमंडल भेजना इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका, ईरान के रुख पर कोई 'सकारात्मक संकेत' देता है या नहीं। उन्होंने कहा कि ईरान सैद्धांतिक रूप से बातचीत का विरोधी नहीं है, लेकिन इसके नतीजे आपसी सम्मान और ठोस लाभ वाले होने चाहिए। अजीजी ने कुछ प्रमुख शर्तें भी सामने रखीं, जिनमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्ति को जारी करना और लेबनान जैसे क्षेत्रीय मुद्दों पर ध्यान देना शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान के क्षेत्रीय सहयोगियों के हितों को नुकसान पहुंचाया गया या पिछले वादों को अनदेखा किया गया, तो इसे तेहरान की शर्तों को खारिज करना माना जाएगा और इसके गंभीर परिणाम होंगे। वहीं रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा है कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का पूर्ण सदस्य होने के नाते ईरान शांतिपूर्ण कार्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग करने का हकदार है। रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक में सोमवार को प्रकाशित एक साक्षात्कार में जलाली ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान अपनी भविष्य की परमाणु गतिविधियों को पूरी तरह से संधि के दायरे में रहकर ही संचालित करने का इरादा रखता है। उन्होंने कहा कि एनपीटी के पूर्ण सदस्य के रूप में, हमें उस संधि से मिलने वाले अपने सभी अधिकारों का उपयोग करना चाहिए, विशेष रूप से शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए परमाणु ऊर्जा का उपयोग। इससे पहले इसी महीने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने संकेत दिया था कि ईरान के परमाणु ऊर्जा के अधिकार पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जलाली ने कहा कि ईरान ने अपनी 'लक्ष्मण रेखा' (रेड लाइन्स) तय कर दी है और वह उनसे कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि तनाव खत्म करने की प्रगति काफी हद तक अमेरिका के रुख पर निर्भर करती है। उनका तर्क था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बातचीत के जरिए वह हासिल नहीं कर पाएंगे जो सैन्य दबाव के जरिए हासिल नहीं किया जा सका। इस साल की शुरुआत में तनाव तब बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरानी ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और नागरिक हताहत हुए थे।

## जंग में जो जीत नहीं कर सके, उसे मेज पर भी हासिल नहीं पाएंगे: ट्रम्प: ईरानी दूत

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को कहा कि अमेरिका-इजरायल की ओर से शुरू किया गया युद्ध अपने किसी भी उद्देश्य को हासिल करने में विफल रहा है। ईरान ने चेतावनी दी कि अमेरिका को बातचीत की मेज पर उस सफलता की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जिसे वह युद्ध के मैदान में हासिल करने में नाकाम रहा है। रूस के समाचार पत्र 'वेदोमोस्ती' को दिए साक्षात्कार में, रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने कहा कि ईरान के खिलाफ अभियान हर मोर्चे पर विफल रहा है। उन्होंने अमेरिका-इजरायल के उन दावों को खारिज कर दिया कि वे सैन्य रूप से ईरान को तेजी से हरा सकते हैं और सत्ता परिवर्तन कर सकते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि उनका इनमें से कोई भी लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। 'अल जजीरा' के साथ एक अन्य साक्षात्कार में युद्ध के नतीजों पर सवाल उठाते हुए जलाली ने कहा कि उन्होंने कहा था कि वे कुछ ही दिनों में ईरान पर कब्जा कर लेंगे। वे अपने किस उद्देश्य में सफल हुए? किसी में नहीं। अमेरिका-इजरायल के हमले नाकाम रहे हैं। जलाली ने तंज कसते हुए कहा कि युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका के लक्ष्य सिमटते जा रहे हैं-व्यापक राजनीतिक परिवर्तन से लेकर अब वे हॉर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित करने



जैसी रणनीतिक चिंताओं तक आ गए हैं। उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिका की ए महत्वाकांक्षाएं भी पूरी नहीं हुईं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वे सत्ता परिवर्तन चाहते थे, लेकिन अब वे उस स्थिति में आ गए हैं, जहां वे केवल हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना चाहते हैं।

## ईरान-अमेरिका वार्ता टूटने की संभावना के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत टूटने की संभावना के संकेतों की वजह से ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है और वह 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच रही हैं, जबकि यूरोपीय गैस की कीमतें लगभग 10 प्रतिशत उछलकर 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से ऊपर पहुंच गई हैं। यह जानकारी व्यापारिक आकड़ों में दी गई। ग्रीनविच मानक समय के अनुसार रात 10:15 बजे तक ब्रेंट कच्चे तेल के वायदा भाव में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 96 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गया। लंदन स्थित आईसीई एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, यूरोपीय गैस की कीमतों में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है वह अब 515 डॉलर प्रति हजार घन मीटर से अधिक हो चुकी हैं। टीटीएफ (नीदरलैंड में स्थित यूरोप का सबसे बड़ा केंद्र) सूचकांक पर मई के वायदा सौदे रात 09:59 बजे 518 डॉलर प्रति हजार घन मीटर पर कारोबार कर रहे थे, जो पिछले कारोबारी दिन की 472.7 डॉलर की कीमत से 9.6 प्रतिशत अधिक है।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

**लुइसियाना।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है।

यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लाक में हुई। आरोपी का नाम शमार एल्किंस (31 साल) है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असाल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने मृतकों

■ अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है

की पहचान जयला एल्किंस (3), शायला एल्किंस (5), कायला प्यू (6), लैला प्यू (7), मरकेडान प्यू (10), सारियाह स्नो (11), खेडारियन स्नो (6) और ब्रेलान स्नो (5) के रूप में की है। इस हमले में 13 साल का लड़का भी घायल हुआ, जो जान बचाने के लिए घर से भागा और छत से कूद गया। श्रेवेपोर्ट पुलिस के मुताबिक मारे गए बच्चों में तीन लड़के और पांच लड़कियां थीं, जिनकी उम्र 3 से 11 साल के बीच थी। इनमें सात सगे भाई-बहन और एक उनका कजिन था। हमले में दो महिलाएं भी घायल हुईं, जिनमें से एक आरोपी की पत्नी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ट्रम्प टैरिफ का सबसे बड़ा रिफंड शुरू

## उपभोक्ताओं को ब्याज समेत 90 दिन में पैसा वापस मिलेगा, 13.8 लाख करोड़ लौटाने हैं

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में लगाए गए टैरिफ को अवैध ठहराने के बाद रिफंड की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

अमेरिकी कंपनियां सोमवार से नए ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकती हैं। इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा टैरिफ रिफंड माना जा रहा है, जिसमें 166 अरब डालर (करीब 13.8 लाख करोड़ रुपये) लौटाए जाने हैं। रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है। कोर्ट ने कहा था कि ट्रम्प प्रशासन ने आपातकालीन शक्तियों का गलत इस्तेमाल कर टैरिफ लगाए थे। इसके बाद कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इंपोर्टर्स को उनकी जमा राशि और ब्याज लौटाने के निर्देश दिए थे। इस फैसले के तहत करीब 3.3




■ रिफंड लौटाने का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद लागू हुआ है

लाख इंपोर्टर्स को राहत मिलेगी, जिन्होंने पिछले साल कार पार्ट्स से लेकर स्मार्टफोन तक पर भारी टैक्स चुकाया था यूएस कस्टम्स एंड बार्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) ने कंसोलिडेटेड एडमि निस्ट्रेशन एंड प्रासेसिंग ऑफ एंट्रीस (सीएपीई) नाम का नया पोर्टल लान्च किया है। यह एसीई (**Automated Commercial Environment**) सिस्टम का हिस्सा है। इसके जरिए इंपोर्टर्स 'सीएपीई डिक्लेरेशन' दाखिल कर अपने क्लेम सबमिट कर सकेंगे, जिससे प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने का दावा किया गया है। 60-90 दिनों में मिलेगा पैसा रिफंड पाने के लिए इंपोर्टर ऑफ रिकॉर्ड और अधिकृत कस्टम ब्रोकर्स को एसीई पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और बैंक अकाउंट डिटेल्स देनी होंगी। सीबीपी के मुताबिक, सही और पूरी जानकारी वाले आवेदन पर 60-90 दिनों में भुगतान किया जा सकता है। दस्तावेजों में कमी या जांच की जरूरत होने पर देरी संभव है। सीबीपी ने साफ किया है कि पहले चरण में सभी इंपोर्टर्स को रिफंड नहीं मिलेगा। फिलहाल केवल 'अनलिक्विडेटेड एंट्रीज' (जिनका टैक्स आकलन अभी पूरा नहीं हुआ) और 80 दिनों के भीतर की एंट्रीज को शामिल किया गया है। बाकी मामलों को आगे के चरणों में लिया जाएगा। कोर्ट में पेश आंकड़ों के अनुसार, करीब 3.3 लाख इंपोर्टर्स ने कुल 166 अरब डालर का टैरिफ भुगतान किया था। 9 अप्रैल तक इनमें से केवल 56,500 इंपोर्टर्स ने ही इलेक्ट्रानिक पेमेंट सिस्टम में रजिस्ट्रेशन कराया है, जो रिफंड पाने के लिए जरूरी है।

## यूएई को पड़ेगी अमेरिका से आर्थिक सहायता की जरूरत!

**मास्को।** 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधियों ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत में वित्तीय सहायता की संभावना जताई है।

पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई है। संयुक्त अरब अमीरात के केंद्रीय बैंक के गवर्नर खालिद मोहम्मद बालमा ने पिछले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ बैठकों के दौरान 'मुद्रा विनिमय मार्ग' (करेंसी स्वैप लाइन) स्थापित करने की

■ पश्चिम एशिया का संघर्ष यूएई में संकट को यदि और अधिक गहरा देता है, तो उस स्थिति के लिए यह सहायता मांगी गई

संभावना पर चर्चा की। संयुक्त अरब अमीरात के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने अब तक इस संघर्ष के सबसे बुरे आर्थिक परिणामों से खुद को बचाए रखा है, लेकिन उन्हें फिर भी वित्तीय सहायता की आवश्यकता हो सकती है। इस बीच, कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी ने भी अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट से मुलाकात की।

# ईरान युद्ध से आर्थिक दबाव में एशिया के कई देश

## तेल-गैस सप्लाई रुकी, फैक्ट्रियां ठप, एक्सपर्ट बोले: ये आर्थिक संकट सुनामी जैसा, संकट में ट्रांसपोर्ट सेक्टर, सप्लाई खतरे में

**वाशिंगटन।** ईरान में 28 फरवरी से शुरू हुआ युद्ध एशिया-प्रशांत इलाके पर उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से और ज्यादा असर डाल रहा है। शुरुआत में लगा था कि तेल और गैस की कमी का असर धीरे-धीरे दिखेगा, लेकिन हकीकत में कई देशों की अर्थव्यवस्था और आम जिंदगी पर अचानक बड़ा झटका लगा है।

कई विशेषज्ञ इसकी तुलना कोविड जैसे बड़े संकट से कर रहे हैं। भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है। आने वाले महीनों में उड़ानें रद्द होने, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने, फैक्ट्रियों के रुकने, सामान की सप्लाई में देरी और बाजारों में रोजमर्रा की चीजों की कमी देखने को मिल सकती है। इसमें प्लास्टिक बैग, इंस्टेंट नूडल्स, वैक्सीन, सिरिंज, लिपस्टिक, माइक्रोचिप और स्पोर्ट्सवियर जैसी चीजें भी शामिल हैं।

■ भले ही जल्द शांति समझौता हो जाए, लेकिन इस पूरे क्षेत्र पर इसका असर लंबे समय तक रहने वाला है

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मिडिल ईस्ट के रास्तों से व्यापार कुछ और हफ्तों तक बाधित रहा, तो कई देशों में हालात बिगड़ सकते हैं, अशांति फैल सकती है और मंदी आ सकती है।

कई कंपनियां दिवालिया होने के कगार पर हैं और सरकारें महंगाई को काबू में रखने के लिए भारी कर्ज ले रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के मुताबिक, साल के अंत तक एशिया में लाखों लोग गरीबी में जा सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक, दुनिया की अर्थव्यवस्था लगभग हर जगह धीमी हो रही है क्योंकि दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई बाजार से बाहर हो गई है। मिडिल ईस्ट से आने वाला तेल-गैस रुकने से पूरे एशिया की सप्लाई चेन हिल गई है। एशिया-प्रशांत पर सबसे ज्यादा असर इसलिए पड़ा क्योंकि यह क्षेत्र मिडिल ईस्ट के तेल और गैस पर बहुत ज्यादा निर्भर है, यहां की अर्थव्यवस्था आपस में गहराई से जुड़ी है और पहले से ही ऊर्जा की मांग ज्यादा थी जबकि सप्लाई कम पड़ रही थी। यहां तक कि अगर होर्मुज की समस्या कल ही ठीक भी हो जाए तो भी तेल और गैस की सप्लाई को पहले जैसे स्तर पर आने में सालों लग सकते हैं। चीन जैसे अमीर देशों पर असर थोड़ा कम होगा क्योंकि उनके पास ज्यादा संसाधन हैं, लेकिन बाकी एशिया में हालात ज्यादा खराब हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)